सूर्योदय 5:28 सूर्यास्त 7:22

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 17.6 न्यू | 23.4 अधि |
| धर्मशाला | 21.4 न्यू | 27.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 79986.80 |
| निफ्टी | 24286.50 |
| सोना | 72,550 |
| चांदी | 92,932 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



अब दिशा पटानी और प्रभास की डेटिंग पर रुमर्स

पृष्ठ 4 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | वीरवार, 4 जुलाई, 2024 | 21 आषाढ़, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 197, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- 10 दिन बाद भी कार्रवाई न होने से टैक्सी आपरेटर्स में आक्रोश -पेज 3
- हिमाचल में मुख्यमंत्री, पत्नी और मित्रों की सरकार: सुधीर शर्मा -पेज 4
- अनाह में बारिश से आए मलबे में एक कार व दो बाइकें दबीं -पेज 9
- नीरज चोपड़ा पेरिस में पदक जीतने की सर्वश्रेष्ठ स्थिति में -पेज 13
- पीएम मोदी की झूठ बोलना बन गई है आदत : खड़गे -पेज 14


# मोदी ने इमरजेंसी व भ्रष्टाचार पर घेरा, विपक्ष का वॉकआउट

## बोले- पेपर लीक के दोषियों को नहीं छोड़ेंगे; मणिपुर की स्थिति हो रही सामान्य

एजेंसी, नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बुधवार को राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर जवाब दिया। इसके साथ ही राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई। पीएम मोदी 1 घंटा 50 मिनट की स्पीच में नीट, मणिपुर, संविधान, कांग्रेस, पश्चिम बंगाल, रोजगार, भ्रष्टाचार, सीबीआई-ईडी, फेडरलिज्म, इमरजेंसी, जम्मू-कश्मीर, इंदिरा गांधी, राहुल, दलितों पर बोले। प्रधानमंत्री ने सोनिया गांधी पर निशाना साधा। इस पर विपक्ष के नेताओं ने सदन से वॉकआउट कर दिया।

इससे पहले हाथरस हादसे पर राज्यसभा में शोक जताया गया। पीएम ने कहा कि विपक्षी नेता ऐसे हैं, जो ऑटो पायलट और रिमोट पायलट पर सरकार चलाने के आदी हैं। वे काम करने में विश्वास नहीं रखते, वे बस इंतजार करना जानते हैं। पीएम ने कहा कि मंगलवार को उनकी सारी हरकतें फेल हो गईं, इसलिए वे मैदान छोड़कर भाग गए। नारे लगाना, चिल्लाना और भाग जाना, यही उनकी नियति है। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि ये लोग मुझे नहीं, संविधान को पीठ दिखा रहे हैं। मोदी ने कहा कि सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा कि उत्तर बंगाल में एक महिला को सार्वजनिक रूप से पीटा जा रहा है, लेकिन कोई मदद के लिए नहीं आया। लोग वीडियो बनाने में लगे रहे। पीएम ने कहा कि नीट-यूजी सहित कई प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रश्न पत्र लीक होने के मामले में विपक्ष पर कोई सकारात्मक सुझाव देने के बजाए केवल राजनीति करने का आरोप लगाया। राज्यसभा में मोदी ने देश के युवाओं को आश्वासन दिया कि ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त सजा दिलवाने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।



**राज्यसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित**

### मणिपुर को भड़काने वाले अपनी हरकतें छोड़ें

**पीएम** ने कहा कि मणिपुर की स्थिति सामान्य करने के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। वहां जो घटनाएं घटीं, 11 हजार से ज्यादा एफआईआर की गई हैं, 500 से ज्यादा लोग अरेस्ट हुए हैं। इस बात को भी हमें स्वीकार करना होगा कि मणिपुर में लगातार हिंसा की घटनाएं कम होती जा रही हैं। मणिपुर में भी स्कूल-कॉलेज संस्थान खुले हुए हैं। जैसे देश में परीक्षाएं हुईं, वहां भी परीक्षाएं हुई हैं। केंद्र सरकार और राज्य सरकार सभी से बातचीत करके सौहार्द का रास्ता खोलने की कोशिश कर रही है। मणिपुर के लोगों को भड़काने वाले अपनी हरकतों को छोड़ दें।

### भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कार्रवाई करने को एजेंसियों को खुली छूट

**पीएम** ने भ्रष्टाचार और कालाधन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का संकल्प लेते हुए कहा कि सरकार ने जांच एजेंसियों को भ्रष्टाचारियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई करने की खुली छूट दे रखी है। किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई हमारे लिए मिशन है। सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ा प्रहार करेगी और कालेधन पर वार करेगी।

# हाथरस भगदड़: सीने और सिर पर चोट से हुई ज्यादातर लोगों की मौत

## सीएम योगी बोले- सत्संग हादसे की होगी न्यायिक जांच

एजेंसी, हाथरस

**सत्संग** भगदड़ हादसे के बाद हाथरस में हर जगह मातम का माहौल है। इस दर्दनाक हादसे में अब तक 121 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है। कई परिवार वाले अपने घर के लापता लोगों को तलाश रहे हैं। मृतकों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि ज्यादातर लोगों की मौत सीने और सिर पर चोट की वजह से हुई है।

**भोले बाबा की चरण धूलि लेने की होड़ से मची भगदड़**

वहीं, सीएम योगी आदित्यनाथ ने घटनास्थल का दौरा किया। उन्होंने कहा कि हादसे की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया है। हाईकोर्ट के रिटायर जज, पुलिस के सीनियर रिटायर ऑफिसर की टीम भी मामले की जांच करेगी, जो भी दोषी होगा, उसको कड़ी सजा दी जाएगी।

उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह हादसा साजिश जैसा है। लोग मरते गए और सेवादार वहां से भाग गए। उन्होंने न तो प्रशासन को सूचना दी और न ही मदद की। प्रशासन की टीम जब पहुंची तो सेवादारों ने उन्हें आगे जाने नहीं दिया। हमने भी कुंभ जैसे बड़े आयोजन किए, लेकिन ऐसी चीजें नहीं हुई हैं। प्रशासन की रिपोर्ट के अनुसार यह हादसा भोले बाबा के चरणों की धूल लेने की वजह से हुआ। बाबा के सेवादारों ने लोगों से धक्का-मुक्की की। इससे भगदड़ मच गई। भीड़ हटाने के लिए वॉलंटियर्स ने वाटर कैनन का उपयोग किया। बचने के लिए भीड़ इधर-उधर भागने लगी और भगदड़ मच गई। इधर, प्रयागराज के वकील गौरव द्विवेदी ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में पीआईएल दायर करके हादसे की सीबीआई जांच की मांग की है। इसमें रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में 5 विशेषज्ञों की कमेटी बनाकर जांच की मांग की गई है।



हाथरस भगदड़ में घायल हुई महिला से बात करते सीएम योगी आदित्यनाथ।

### 80 हजार की परमिशन, पहुंचे अढ़ाई लाख

**प्रशासन** ने सत्संग के लिए 80 हजार लोगों की अनुमति दी थी, लेकिन अढ़ाई लाख लोग पहुंच गए थे। भगदड़ हुई तो सेवादार गेट पर खड़े हो गए। उन्होंने लोगों को रोक दिया। इसके बाद भीड़ खेतों की तरफ मुड़ गई और नीचे बैठे और झुके श्रद्धालुओं को कुचलती हुई निकल गई। सेवादार खड़े होकर देखते रहे।

### रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने जताया दुख

**यूपी** के हाथरस में मंगलवार को भोले बाबा के सत्संग में मची भगदड़ पर रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने दुख जताया है। उन्होंने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को शोक संदेश भेजा है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### के. कविता व सिसोदिया की न्यायिक हिरासत बढ़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला से जुड़े मनी लांड्रिंग मामले की आरोपी बीआरएस नेता के. कविता और पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत अवधि 25 जुलाई तक बढ़ा दी है। बुधवार को दोनों को कोर्ट में पेश किया गया। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया।

### लेह में भूकंप से कांपी धरती, 4.4 रही तीव्रता



**लेह।** लद्दाख के लेह में बुधवार सुबह 8 बजकर 12 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप की तीव्रता 4.4 मापी गई। भूकंप में किसी प्रकार के नुकसान की कोई सूचना नहीं है। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र अक्षांश 36.10 उत्तर, देशांतर 74.81 पूर्व और यह धरती से 150 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था।

### सहारा इंडिया के ठिकानों पर ईडी की छापेमारी

**लखनऊ।** सुब्रत राय के निधन के बाद सहारा ग्रुप के संकट के बादल कम होते नहीं दिख रहे हैं। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में बुधवार को ईडी ने चिटफंड घोटाले से जुड़े मामले में सहारा इंडिया के ठिकानों पर छापेमारी की। कपूरथला में दफ्तर समेत कई ठिकानों पर रेड की और दफ्तर परिसर के गेट का बंद कर अंदर ईडी के अधिकारी दस्तावेजों को खंगाल रहे हैं।

### भद्रवाह में ग्रेनेड विस्फोट होने से दो सैनिक घायल

**भद्रवाह।** जम्मू-कश्मीर के भद्रवाह में बुधवार को सेना के एक शिविर के अंदर ग्रेनेड विस्फोट हो गया। इसमें दो सैनिक गंभीर रूप से घायल हो गए। सिपाही भद्रवाह शहर से 4 किलोमीटर दूर सरना में 4 राष्ट्रीय राइफल्स के बटालियन मुख्यालय के अंदर सुबह 5.30 बजे एक ग्रेनेड को संभाल रहे थे कि अचानक ग्रेनेड उनके हाथ में फट गया। घायल जवानों को एयरलिफ्ट कर उधमपुर के सैन्य अस्पताल पहुंचाया गया।

### तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में इमरान बरी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की एक अदालत ने तोशाखाना भ्रष्टाचार मामले में पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को अयोग्य घोषित करने के निर्वाचन आयोग के फैसले के खिलाफ प्रदर्शन से संबंधित मामले में बुधवार को खान और उनकी पार्टी के कई वरिष्ठ नेताओं को बरी कर दिया।

## बेरहम मानसून : प्रदेश में भारी बारिश ने मचाई तबाही, 319 ट्रांसफार्मर ठप

# भू-स्खलन से एक एनएच और 63 सड़कें बंद

रविंद्र जस्टा, शिमला

**हिमाचल** में मानसून ने तबाही मचानी शुरू कर दी है। मंगलवार रात हुई भारी बारिश से काफी नुकसान हुआ है। भू-स्खलन से एक नेशनल हाईवे और 63 सड़कें अवरुद्ध हैं, जबकि 319 ट्रांसफार्मर बंद हैं।

रोहतांग में एनएच-3 दारचा से सरचू के बीच भू-स्खलन से बंद हो गया। वहीं, मंडी जिले में सबसे ज्यादा 62 और कांगड़ा जिले में एक सड़क अवरुद्ध है। सिराज उपमंडल में 30, थलौट में 20, करसोग में 11 और सुंदरनगर में 1 सड़क बंद है। कांगड़ा जिले के इंदौरा उपमंडल में एक सड़क अवरुद्ध है। वहीं, चंबा जिले में 128, मंडी में 126, ऊना में 30, कुल्लू में 24 और किन्नौर में 11 ट्रांसफार्मर बंद हो गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### 9 जुलाई तक भारी बारिश का अलर्ट



**मौसम** विज्ञान केंद्र शिमला ने 9 जुलाई तक प्रदेशभर में भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है। शिमला में बुधवार सुबह बारिश हुई। वहीं, दिनभर धुंध छाई रही। कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ भारी बारिश की संभावना जताई है। सैलानियों को सचेत रहने को कहा है। सैलानियों को भू-स्खलन संभावित इलाकों और नदी-नालों से दूर रहने की हिदायत दी है। वहीं, अन्य लोगों से भी विभाग ने अपील की है कि इन दिनों कभी भी बारिश हो रही है। ऐसे में भूस्खलन संभावित इलाकों में जाने से बचें।

### हरिद्वार व गुजरात में भी बनेंगे हिमाचल सदन

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** हरिद्वार और गुजरात में भी हिमाचल सदन बनाया जाएगा। दोनों स्थानों पर मिट्टी की जांच करवाई है। नई दिल्ली के द्वारका में इस साल के अंत तक 150 कमरों की नई बिल्डिंग बनकर तैयार हो जाएगी। चंडीगढ़ में दूसरी बिल्डिंग के लिए भी जमीन की तलाश की जा रही है। सामान्य प्रशासन विभाग ने राज्य से बाहर जाने वाले लोगों की सुविधा के लिए एक प्रस्ताव तैयार किया है। हिमाचल से हर साल बड़ी संख्या में लोग हरिद्वार आते हैं, लेकिन हरिद्वार में सरकार का कोई भवन या इमारत नहीं है। इससे वहां रहने की व्यवस्था की जा सके। (अनंत ज्ञान)

### बीमार हो तुम, मोदी-शाह के खिलाफ याचिका पर बोले जज

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने बुधवार को पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह को चुनाव लड़ने से अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी। हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता से कहा कि तुम बीमार हो और मानसिक समस्याओं से पीड़ित हो। याचिकाकर्ता कैप्टन दीपक कुमार ने आरोप लगाया था कि मोदी और उनके सहयोगियों ने 2018 में एयर इंडिया की एक उड़ान को क्रैश करवाने की साजिश रची थी। वह उस फ्लाइट के पायलट थे। उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा को अस्थिर करने की कोशिश की। दीपक ने आरोप लगाया कि पीएम मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया राष्ट्र विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं और उन्हें लोकसभा से बर्खास्त किया जाना चाहिए। मोदी ने नामांकन पत्र जमा करने के बाद झूठी शपथ ली।

अनंत ज्ञान
दैनिक समाचार पत्र
अब आपके शहर चंडीगढ़ में भी
विज्ञापन और खबरों के लिए संपर्क करें हमारी चंडीगढ़ शाखा
जगदीश शर्मा ब्यूरो चीफ
SCO 210, Sector 34-A, Chandigarh Mob. 9872000431
Head Office: Plot No.8, Phase-II, Ind. Area Nagrota Bagwan, Distt. Kangra (H.P.) 176047 Ph. 01892-299098, 9816875517

### कंगना को थप्पड़ मारने वाली कुलविंदर का बेंगलुरु ट्रांसफर

**शिमला/चंडीगढ़।** बॉलीवुड अभिनेत्री और मंडी लोकसभा सीट से सांसद बनीं कंगना रनौत को चंडीगढ़ हवाई अड्डे पर थप्पड़ मारने वाली सीआईएसएफ जवान कुलविंदर कौर पर एक्शन लिया है। सीआईएसएफ ने कुलविंदर को चंडीगढ़ से हटाकर बेंगलुरु ट्रांसफर कर दिया है।

इस थप्पड़ कांड के बाद कौर को निलंबित कर दिया था। हालांकि, उन्हें बाद में बहाल कर दिया गया और अब उनकी तैनाती बेंगलुरु में की गई। कुलविंदर ने पंजाब में किसान आंदोलन के दौरान पंजाबी महिलाओं के बारे में की गई अपमानजनक टिप्पणी का हवाला देते हुए कंगना को थप्पड़ मारने का कारण बताया था।

# शराब घोटाला : केजरीवाल की न्यायिक हिरासत 12 तक बढ़ी

एजेंसी, नई दिल्ली

**दिल्ली** हाईकोर्ट ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत अवधि बुधवार को 12 जुलाई तक बढ़ा दी। केजरीवाल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए विशेष न्यायाधीश कावेरी बावेजा के समक्ष पेश हुए।



इस बीच, अदालत ने केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल को उनकी स्वास्थ्य जांच के दौरान सहायक के रूप में उपस्थित रहने की अनुमति देने संबंधी आवेदन पर अपना आदेश छह जुलाई तक सुरक्षित रख लिया।

### जमानत याचिका पर सुनवाई कल

**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सीबीआई केस में गिरफ्तारी को लेकर दिल्ली हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की।

हाईकोर्ट ने कहा कि जमानत याचिका पर पांच जुलाई को सुनवाई होगी। केजरीवाल के वकील ने कहा कि कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना हिरासत में लिया है और उन्होंने जमानत याचिका दायर की है। वकील ने सुनवाई के लिए वीरवार का दिन तय करने का आग्रह किया, जिस पर जज ने कहा कि कागजात देखने दीजिए। इसके एक दिन बाद हम सुनवाई करेंगे।

### हेमंत सोरेन तीसरी बार बनेंगे झारखंड के सीएम

**रांची।** जेल से बाहर निकलने के बाद हेमंत सोरेन तीसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बनेंगे। सीएम चंपई सोरेन ने बुधवार को राज्यपाल को इस्तीफा सौंपा। वहीं, हेमंत सोरेन ने सरकार बनाने का दावा पेश किया। हेमंत सोरेन ने कहा कि यह गठबंधन का फैसला है। उन्होंने महागठबंधन विधायक दल के विधायकों का समर्थन पत्र राज्यपाल को सौंपा। इससे पहले सीएम हाउस में विधायक दल की बैठक हुई। इसमें हेमंत सोरेन को विधायक दल का नेता चुना गया।



**चंपई सोरेन ने राज्यपाल को सौंपा इस्तीफा**




**रिकॉर्ड** निफ्टी नए शिखर पर, 0.67 प्रतिशत चढ़कर 24,286.50 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर हुआ बंद

# शेयर बाजार पहली बार 80,000 पार

एजेंसी, मुंबई

**मजबूत** वैश्विक संकेतों के बीच घरेलू स्तर पर बैंकों एवं दैनिक उपयोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में तगड़ी लिवाली होने से बुधवार को सेंसेक्स कारोबार के दौरान पहली बार 80,000 के ऐतिहासिक मुकाम को छूने में सफल रहा।

हालांकि बाद में यह कुछ नीचे आ गया। निफ्टी भी 162 अंकों की बढ़त के साथ अपने सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स कारोबार की शुरुआत में पहली बार ऐतिहासिक 80,000 अंक के स्तर को पार कर गया। कारोबार के अंत में यह 545.35 अंक यानी 0.69 प्रतिशत उछलकर 79,986.80 पर बंद हुआ। एक समय यह 632.85 अंकों की छलांग के साथ 80,074.30 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स ने पिछले कुछ दिनों का अपना रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शन जारी रखा है। सेंसेक्स ने 25 जून को पहली बार 78,000 का स्तर और 27 जून को 79,000 का स्तर पार किया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 162.65 अंक यानी 0.67 प्रतिशत चढ़कर 24,286.50 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 183.4 अंक बढ़कर 24,307.25 के नए शिखर पर पहुंच गया था। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से अडाणी पोर्ट्स, कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, इंडसइंड बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, पावर ग्रिड, जेएसडब्ल्यू स्टील, बजाज फाइनेंस और टाटा स्टील के शेयरों में सर्वाधिक तेजी दर्ज की गई। दूसरी तरफ टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टाटा मोटर्स और लार्सन एंड टूब्रो के शेयरों में गिरावट रही।



### वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 86.32 डॉलर प्रति बैरल

**वैश्विक** तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.09 प्रतिशत बढ़कर 86.32 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने मंगलवार को 2,000.12 करोड़ रुपए मूल्य के शेयरों की बिकवाली की। मंगलवार को उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में बीएसई सेंसेक्स मामूली 34.74 अंक गिरकर 79,441.45 और निफ्टी 18.10 अंक घटकर 24,123.85 पर बंद हुआ था।

## न्यूज ब्रीफ

### एनटीटी की आउटसोर्स भर्ती युवाओं के साथ धोखा : नेगी

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** एबीवीपी के प्रदेश मंत्री आकाश नेगी ने कहा कि राज्य सरकार अपने छात्र विरोधी निर्णयों से बाज नहीं आ रही है। आउटसोर्स आधार पर 6297 प्री प्राइमरी शिक्षक को अर्ली चाइल्डहुड केयर एंड एजुकेशन की भर्ती करेगी, जिसकी शिक्षा विभाग ने अधिसूचना जारी की है। विभाग यह भर्ती स्वयं नहीं करेगा, बल्कि हिमाचल प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन इसके लिए एजेंसी तय करेगा। नेशनल काउंसिल ऑफ टीचर एजुकेशन एनसीटीई नियमों के तहत भर्ती होगी। प्रारंभिक शिक्षा सचिव ने शिक्षा विभाग के निदेशक को कहा है कि वे स्कूलवार पदों का ब्यौरा तैयार कर इलेक्ट्रॉनिक कॉरपोरेशन को भेजें। आकाश नेगी ने कहा कि वर्तमान सरकार जब सत्ता में आई तो बड़े-बड़े वादे किए गए कि हिमाचल के युवाओं को पक्की नौकरी दी जाएगी, पर इस प्रकार आउटसोर्स करना प्रदेश के लाखों युवाओं के साथ धोखा है। अगर समय रहते सरकार ने युवा विरोधी या छात्र विरोधी निर्णयों पर रोक नहीं लगाई तो विद्यार्थी परिषद इसके खिलाफ उग्र आंदोलन करेगी। (अनंत ज्ञान)

### किसान सभा सुन्नी में आज करेगी धरना-प्रदर्शन

**महेंद्र कुमार, सुन्नी।** किसान सभा के नृतेत्व में सुन्नी बांध परियोजना स्थल में प्रभावितों की मांगों को लेकर वीरवार को धरना-प्रदर्शन होगा। किसान सभा के अध्यक्ष कुंदन लाल ने बताया कि धरना प्रदर्शन परियोजना स्थल खैरा में प्रातः 11 बजे आरंभ होगा। धरना-प्रदर्शन में मुख्य तौर से पूर्व विधायक ठियोग एवम सीपीआईएम नेता राकेश सिंघा, सीपीआईएम के राज्य सचिव ओंकार शाद तथा किसान सभा जिला सचिव देवकीनंदन मौजूद रहेंगे। प्रभावितों की मुख्य मांगों में परियोजना द्वारा अधिगृहित की गई भूमि के उचित दाम न मिलना, पर्यावरण संबंधी समस्या तथा अन्य समस्याएं हैं। (अनंत ज्ञान)

### राठौर ने राहुल को 'बाल बुद्धि' कहने पर जताया ऐतराज

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** देश में नई सरकार के गठन के बाद संसद के पहले ही सत्र में पहली बार नेता प्रतिपक्ष बने राहुल गांधी ने जहां भाजपा पर जमकर निशाना साधा, वहीं जवाबी हमले में पीएम मोदी ने भी नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को निशाने पर लिया। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी के वक्तव्य पर प्रतिक्रिया देते हुए बाल बुद्धि कहा, जिस पर अब कांग्रेस के नेता ऐतराज जाता रहे हैं। एआईसीसी प्रवक्ता और हिमाचल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप सिंह राठौर ने भी प्रधानमंत्री के वक्तव्य पर एतराज जताया है। कुलदीप सिंह राठौर ने कहा कि सदन में पहली बार नेता प्रतिपक्ष बने राहुल गांधी के भाषण को प्रधानमंत्री मोदी का बाल बुद्धि कहने पर उन्हें ऐतराज है। राठौर ने कहा कि भाजपा नेता राहुल गांधी पर जो हिंदू धर्म के ऊपर टिप्पणी करने का आरोप लगा रहे हैं, वे सरासर गलत हैं। देशभर में जनता ने राहुल गांधी के सदन में दिए गए भाषण को सराहा है। (अनंत ज्ञान)

### फार्मेसी कॉलेज रोहड़ू को सर्वश्रेष्ठ कैडेट का पुरस्कार

**दशमी रावत, रोहड़ू।** राजकीय फार्मेसी महाविद्यालय रोहड़ू की राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) इकाई के कैडेट्स ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में 12 पुरस्कार हासिल किए। पीजीडीसी रामपुर बुशैहर में आयोजित दस दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 8 एचपी बटालियन रामपुर बुशैहर द्वारा किया गया। शिविर में कैडेट्स को आपातकालीन स्थिति में बचाव कार्य करने का भी प्रशिक्षण दिया गया। महाविद्यालय रोहड़ू के कैडेट्स ने सराहनीय प्रदर्शन करते हुए इस वर्ष भी लगातार तीसरी बार सर्वश्रेष्ठ कैडट का पुरस्कार अपने नाम किया। इसके अलावा 12 पुरस्कार भी हासिल किए गए। संस्थान के एनसीसी अधिकारी डॉ. विनीत मेहता ने सभी कैडेट्स को उनके सराहनीय प्रदर्शन के लिए बधाई दी और संस्थान के प्राचार्य प्रोफेसर विवेक शर्मा ने सभी एनसीसी कैडेट्स एवं अन्य विद्यार्थियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। (अनंत ज्ञान)

### पराहट पुल के नीचे युवक का शव बरामद

**दशमी रावत, रोहड़ू।** जुब्बल पुलिस द्वारा हाटकोटी के समीप पराहट पुल के नीचे बुधवार सुबह एक युवक का शव बरामद किया है। पुलिस द्वारा मृतक की शिनाख्त राहुल कुल्ला उर्फ लक्की (24) गांव भटवाडी, डाकघर कलोटी, तहसील चिड़गांव के रूप में की गई है। युवक के दाहिने बाजू में इंजेक्शन की सूई लगी हुई है। एसडीपीओ रोहड़ू रविंद्र नेगी ने मामले की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)

### भाषण प्रतियोगिता में दसवीं की सृष्टि फर्स्ट



**नीरज शर्मा, घुमारवीं।** केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं में अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन सिविल अस्पताल घुमारवीं की तरफ से आई काउंसलिंग टीम और केंद्रीय विद्यालय घुमारवीं के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताएं करवाई गईं। भाषण प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा की सृष्टि, पोस्टर मेकिंग में नवमीं की सान्वी और सामान्य ज्ञान में नवमीं कक्षा की रिद्धिमा ने पहला स्थान हासिल किया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के लगभग 150 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सिविल अस्पताल घुमारवीं की हेल्थ एजुकेटर लीला शर्मा और हेल्थ काउंसलर सुभाष चौहान ने बताया कि प्रत्येक वर्ष 26 जून को अंतरराष्ट्रीय नशा निरोधक दिवस मनाया जाता है। साल 1987 में 7 सितंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव पारित किया गया था, जिसमें नशीली दवाओं के गैर-कानूनी इस्तेमाल और अवैध तस्करी को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय नशा निषेध दिवस मनाने की बात कही थी। पहली बार यह दिन साल 1989 में मनाया गया था और उसके बाद से हर साल इस दिन को मनाया जा रहा है। प्राचार्या रिंकू कुमारी ने विद्यार्थियों को बताया कि इस दिन को मनाने की शुरुआत ही लोगों को नशे के लत से रोकने के मकसद से हुई थी। (अनंत ज्ञान)

### परवाणु में चोरों ने घर का ताला तोड़ चुराए आभूषण

**महेंद्र, परवाणु।** थाना पुलिस परवाणु के तहत एक घर में चोरी होने का मामला दर्ज हुआ है। शिकायतकर्त्ता के मुताबिक चोरों ने घर का ताला तोड़कर सोने के आभूषण चोरी कर लिए हैं। हितेश कामरा निवासी परवाणु ने वह सुबह पारिवारिक सदस्यों के साथ अपने कपड़े की दुकान पर आ गए थे और मेरी बहन भी जो कि फैक्टरी में नौकरी करती है, वह भी सुबह 9 बजे घर को ताला लगा कर चली गई थी। शाम को जब वह ड्यूटी से वापस आई तो घर का ताला टूटा था। घर के अंदर सारा सामान बिखरा और अलमारी का लॉकर भी टूटा हुआ था। चोर घर से सोने का हार, कानों की बालियां, 2 चूड़िया और एक अंगूठी चोरी करके ले गए। जिस संदर्भ में पुलिस थाना परवाणु में शिकायत दर्ज करवा दी है। (अनंत ज्ञान)

### सोलन में राष्ट्रीय लोक अदालत 14 सितंबर को

**आर मोहन, सोलन।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव आकांक्षा डोगरा ने आज यहां बताया कि सोलन जिला के विभिन्न न्यायालय परिसरों में 14 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिला एवं सत्र न्यायालय सोलन परिसर तथा कंडाघाट, अर्की, कसौली और नालागढ़ न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।आकांक्षा डोगरा ने कहा कि लोक अदालत में विभिन्न मामलों का निपटारा समझौते के आधार पर किया जाएगा। लोक अदालत में आपराधिक कंपाउंडेबल अपराध, चेक बाऊंस मामले, मोटर व्हीकल चालान के मामले, धन वसूली के मामले इत्यादि पर सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त लोक अदालत में सड़क दुर्घटना क्लेम के मामले, श्रम विवाद, बिजली और पानी के बिल, वैवाहिक विवाद, भूमि अधिग्रहण, वेतन, भत्तों और सेवानिवृति से सम्बन्धित मामलों की सुनवाई कर निपटारा किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोलन की सचिव ने कहा कि जो मामले अब तक न्यायालय में दायर नहीं हुए हैं, ऐसे मामलों का भी लोक अदालत में निपटारा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अधिक जानकारी के लिए दूरभाष नंबर 01792-220713 पर संपर्क किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

# 15 दिन में स्माइल योजना को अमलीजामा पहनाएं विभाग : डीसी

## योजना के क्रिन्यावयन में हो रही देरी पर जिलाधीश ने दिए सख्त निर्देश

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से स्माइल योजना के क्रिन्यावयन में हो रही देरी पर जिलाधीश अनुपम कश्यप ने संबधित विभागों की कार्यप्रणाली पर चिंता जाहिर की है। जिलाधीश ने विभागों को आदेश दिए है कि आगामी 15 दिनों के भीतर योजना को अमलीजामा पहनाने की सारी प्रक्रिया को पूरा किया जाए। अन्यथा देरी करने वाले विभागों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।



स्माइल योजना से संबोधित बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधीश अनुपम कश्यप।

इस योजना का क्रियान्वयन नगर निगम शिमला के माध्यम से किया जा रहा है। जिलाधीश ने कहा कि शहर के भिखारियों को स्वरोजगार से जोड़ने की दिशा में विकल्प ढूंढे जाएंगे। इसके अलावा संबंधित विभाग स्थायी आजीविका के बारे में व्यापक रणनीति तैयार करें। हिमाचल प्रदेश कौशल विकास निगम की सहायता से पुनर्वास किए जाने वाले भिखारियों को स्वरोजगार के लिए प्रशिक्षण देने का प्रावधान भी है। वहीं, कॉरपोरेट सोशल रिस्पोंसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत भी रोजगार मुहैया करवाया जाएगा। भिक्षा मुक्त भारत बनाने की दिशा में चयनित हुए शिमला शहर में स्माइल योजना के तहत भिखारियों का पुनर्वास किया जाएगा।

इस योजना में नाबालिग बच्चें, जो भिक्षावृत्ति करते है, उनका पुनर्वास करके नजदीकी स्कूल में दाखिला करवाया जाने का प्रावधान है। इस दौरान उक्त नाबालिग का सारा खर्च शिक्षा विभाग द्वारा वहन किया जाएगा।

वहीं, व्यस्क भिखारियों को नशा मुक्ति केंद्र (केवल उन्हें जो नशे की चपेट में है) और गरिमा गृह में स्थानांतरित किया जाएगा। यहां पर इन्हें रहने, खाने पीने, कपड़े, मनारेंजन, अन्य दैनिक गतिविधियों की सुविधा मिलेगी और काउंसलिंग भी की जाएगी। नगर निगम ने लक्कड़ बाजार और चौड़ा मैदान में दो गरिमा गृहों को योजना के तहत चयनित किया है।

**योजना पर खर्च होंगे 17 लाख 60 हजार रुपए**

**इस** योजना के तहत 17 लाख 60 हजार रुपए शिमला शहर में भिखारियों के पुनर्वास पर व्यय किए जाएंगे। राशि नगर निगम शिमला को स्थानांतरित कर दी गई है।

**27 भिखारियों की पहचान**

**योजना** के तहत जिला कल्याण अधिकारी को नोडल ऑफिसर नियुक्त किया गया। आयुक्त नगर निगम शिमला के नेतृत्व में शहर के भिखारियों का सर्वेक्षण किया गया है। इसमें भिखारियों के बैठने की जगह, पहचान, कब से भीख मांग रहे आदि के बारे में जानकारी एकत्रित करना शामिल है। शिमला में 27 भिखारियों की पहचान की गई है।

# आईजीएमसी की आपातकालीन लैब में टेस्ट नहीं होने से मरीज परेशान



आईजीएमसी शिमला में जुटी मरीजों की भीड़।

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

**अस्पताल में 3 हजार से 3500 की ओपीडी, मरीजों को टेस्ट की सुविधा नहीं**

हिमाचल का सबसे बड़ा अस्पताल इन दिनों राम भरोसे है। यहां पर मरीजों को टेस्ट तक की सुविधा का उचित प्रावधान नहीं है। हैरानी की बात है कि मरीजों की सुविधा के लिए प्रशासन ने आपातकालीन वार्ड खोला है। यहां पर 24 घंटे अस्पताल में भर्ती मरीजों को सुविधा मिलती है, लेकिन इस लैब की हालत कुछ इस तरह से हो गई है कि अब यहां पर आधे से ज्यादा टेस्ट नहीं हो रहे हैं।

यहां पर सीएचजी सहित अन्य टेस्ट नहीं हो रहे हैं। ऐसे में मरीजों को निजी लैब का रुख करना पड़ा रहा है। निजी लैब में मरीजों को भारी पैसे चुकाने पड़ रहे हैं। आईजीएमसी की जो सरकारी लैब है उसमें सिर्फ 12 बजे तक ही टेस्ट होते हैं। उसके बाद मरीजों को क्रस्ना लैब में टेस्ट करवाने पड़ते है।

आईजीएमसी में एक दिन में 3 हजार से 3500 की ओपीडी है। ऐसे में मरीजों की अस्पताल में इतनी भीड़ लग जाती है कि उन्हें ओपीडी में डॉक्टर से चेकअप करवाने में भी काफी समय लगता है। सुबह से शाम तक मरीज लाइनों में ही खड़े रहते हैं। इन दिनों हालत कुछ ऐसे बन चुके हैं कि मरीज डॉक्टर से अगर चेकअप करवा भी ले तो फिर टेस्ट करवाने के लिए परेशानी होती है। (अनंत ज्ञान)

# पंजीकृत श्रमिकों को इस माह के अंत तक मिल जाएंगे राशन कार्ड

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत जिन श्रमिकों के राशन कार्ड अभी तक नहीं बने हैं, उन्हें इस माह के अंत तक राशन कार्ड जारी किए जाएं, ताकि श्रमिकों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के अंतर्गत प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत राशन उपलब्ध करवाकर लाभान्वित किया जा सके। यह बात उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस कार्य को निर्धारित समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। अनुपम कश्यप ने कहा कि श्रमिकों को राशन कार्ड उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से पंचायत स्तर एवं स्थानीय नगर निकाय स्तर पर समिति का गठन किया जाएगा। यह समिति स्थानीय स्तर पर पंजीकृत श्रमिकों के राशन कार्ड बनाने से संबंधित सारे कार्य को करेगी, जिसकी रिपोर्ट जिला स्तरीय समिति को भेजना सुनिश्चित करना होगा।

उन्होंने कहा कि जिन पंजीकृत श्रमिकों के अभी तक राशन कार्ड नहीं बने हैं, वे संबंधित पंचायत सचिव एवं खाद्य आपूर्ति निरीक्षक से संपर्क कर सकते हैं। जिला शिमला में 15 हजार 502 श्रमिकों ने ई-श्रम पोर्टल पर अपना पंजीकरण कराया है, जिसमें से 5020 लोगों के राशन कार्ड बना दिए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### सिलाई ट्रेनिंग अवधि तीन महीने की जाए

**अनंत ज्ञान, जुन्गा।** मशोबरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत पीरन में यूको आरसेटी द्वारा महिलाओं के लिए चलाए जा रहे सिलाई प्रशिक्षण की अवधि को एक माह से बढ़ाकर तीन माह तक करने का आग्रह किया है । पीरन पंचायत के लोगों का कहना है कि सिलाई का कार्य सीखने के लिए एक माह की अवधि बहुत कम है। इतने कम समय में महिलाएं सिलाई का केवल बेसिक ज्ञान हासिल कर सकती हैं, परंतु इस कार्य से स्वावलंबी नहीं बन सकती हैं। जिला शिमला भाजपा पूर्व सदस्य प्रीतम ठाकुर ने कहा कि सरकार को इस कार्यक्रम पर पुनर्विचार करना चाहिए और सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम की अवधि को कम से कम तीन महीने किया जाना चाहिए।

# नगर निगम शिमला ने 26 एमएलडी के अतिरिक्त स्टोरेज टैंक किए तैयार

## शिमला शहरवासियों को अभी तीसरे दिन हो रही पेयजल की आपूर्ति

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

राजधानी शिमला में जहां गर्मियों में लोगों को भारी किल्लत का सामना करना पड़ा। वहीं मानसून की दस्तक के साथ ही अब शहरवासियों को तीसरे दिन पानी मिल रहा है। पानी के जलस्रोत जो सूख गए थे, अब उसका जलस्तर बढ़ गया है, लेकिन बरसात के मौसम में शिमला में पेयजल परियोजनाओं में गाद आ जाने से पानी की समस्या आ जाती है। इस समस्या से निपटने के लिए नगर निगम ने अतिरिक्त पानी की स्टोरेज के लिए टैंक बनाए हैं। शहर में पानी की समस्या से निपटने के लिए 24*7 परियोजना का कार्य भी इस वर्ष के दिसंबर माह पूरा करने की डेडलाइन है। इसके बाद राजधानी शिमला के लोगों को पानी की समस्या से निजात मिलेगी। नगर निगम उप महापौर उमा कौशल ने कहा कि शहर में अभी तीसरे दिन पानी मिल रहा है। अगर वर्षा के कारण परियोजनाओं में गाद आ जाती है तो इससे पेयजल आपूर्ति प्रभावित होगी और पानी के शेड्यूल में बदलाव कर इसे चौथे दिन भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नगर निगम ने पानी की समस्या से निपटने के लिए अतिरिक्त स्टोरेज के लिए टैंक भी तैयार कर लिए हैं। एक टैंक ढली में बनाया गया है, जिसकी स्टोरेज कैपेसिटी 10 एमएलडी है दूसरा पीटर हाफ में है, जिसमें 7 एमएलडी तक पानी आ सकता है। वहीं तीसरा टैंक सियोग में है जिसमे 9 एमएलडी पानी स्टोर किया जा सकता है। इन टैंको में बारिश का पानी एकत्रित किया जाएगा। पेयजल परियोजनाओं में गाद आने के समय इन नए टैंकों से काफी मदद मिलेगी। इनकी कुल स्टोरेज कैपेसिटी 26 एमएलडी है। (अनंत ज्ञान)

# एक करोड़ की लागत से तैयार पार्किंग लोकार्पण के इंतजार में

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**



नगर परिषद घुमारवीं में लोग एक तरफ तो पार्किंग की व्यवस्था न होने के कारण मुश्किलों का सामना कर रहे हैं। वहीं, दूसरी तरफ तहसील परिसर के नजदीक करीब एक करोड़ रुपए की लागत से तैयार की गई पार्किंग पिछले एक वर्ष से लोकार्पण के इंतजार में है। लोग भी इस इंतजार में है कि कब इस बहुमजिला पार्किंग का लोकार्पण हो और कब लोगों को इस व्यवस्था का लाभ मिल सके। विडंबना यह है कि फिलहाल इस बहु मंजिला पार्किंग का उपयोग पार्किंग की सबसे निचली मंजिल में कूड़ा रखने तथा बीच के फ्लोर पर नगर परिषद में कार्यरत प्रवासी सफाई कर्मचारियों को ठहराने के लिए किया जा रहा है।

बता दें कि नगर परिषद घुमारवीं के अंतर्गत मेला ग्राउंड के पास नवनिर्मित पार्किंग का शिलान्यास नवंबर 2020 को तत्कालीन मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर द्वारा किया गया था। लोक निर्माण विभाग ने ठेकेदार के माध्यम से इसका निर्माण कार्य करवाया। निर्माण कार्य पूरा होने के बाद विभाग ने मई 2023 में ही इस पार्किंग को नगर परिषद को हस्तांतरित कर दिया था, लेकिन मई 2023 में तैयार हो चुकी यह पार्किंग उद्घाटन के इंतजार में धूल फांक रही है।

इस मल्टी स्टोरी पार्किंग में करीब 35 से 40 गाड़ियों के खड़े करने की जगह है। लोग काफी समय से इस पार्किंग के खुलने का इंतजार कर रहे हैं, क्योंकि इस पार्किंग से बाजार में लगने वाले ट्रैफिक जाम की समस्या से काफी राहत मिल सकती है वैसे भी यह शहर की पहली पार्किंग है जिसे नगर परिषद घुमारवीं संचालित करेगा। हालांकि इस पार्किंग की सुविधा का नगर परिषद लोगों से इसका शुल्क चार्ज करेगा। (अनंत ज्ञान)

### आज बिजली बंद रहेगी



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल नंबर-1 बिलासपुर विनोद गुप्ता ने बताया कि 4 जुलाई को बिजली लाइन के साथ लगते पेडों की कांट छांट व आवश्यक रखरखाव का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। जिस कारण गांव धार टटोह, द्रोबड़, डिव हवानी, सोलग, टंगार, बालग का घाट तथा उसके साथ लगते स्थानों पर सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने आम जनता से सहयोग का अनुरोध किया है। उन्होंने बताया कि शटडाउन मौसम की स्थिति पर निर्भर रहेगा।

# सिविल अस्पताल घुमारवीं में नहीं मिल रही दवाइयां

**नीरज शर्मा, घुमारवीं**

पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने सिविल अस्पताल घुमारवीं में मरीजों को दवाइयां नहीं मिलने को लेकर मंत्री राजेश धर्माणी को आड़े हाथों लिया। सिविल अस्पताल घुमारवीं में फैली अव्यवस्थाओं पर गर्ग ने कहा की धर्माणी अपनी कुर्सी बचाने के लिए चुनाव प्रचार में मस्त हैं, उनको घुमारवीं की जनता की कोई परवाह नहीं है।



हैरानी की बात है कि पिछली भाजपा सरकार ने जनता को मुफ्त दवाइयां मुहैया कराई थीं। इस सरकार के समय ब्रूफेन जैसी दवाइयां भी उपलब्ध नहीं करवा पा रहे हैं। गर्ग ने कहा कि पहले जब धर्माणी दो बार विधायक बने थे तो मंत्री पद को लेकर उस वक्त के मुख्यमंत्री राजा वीरभद्र सिंह से लड़ते रहते थे और क्षेत्र का कोई विकास नहीं करवा पाए।

इस बार जब उन्हें मंत्री पद मिला है और क्षेत्र के विकास का मौका मिला है तो जिम्मेदारियों से भाग कर कुर्सी बचाने के लिए चुनाव प्रचार में मस्त हैं। गर्ग ने कहा कि अपने समय में तो मंत्री से कुछ हुआ नहीं परंतु पिछली सरकार में मैंने मंत्री रहते सिविल अस्पताल को जहां 100 बेड की का दर्जा देकर सारी सुविधाओं से लैस किया मंत्री उन व्यवस्थाओं को चलाने में नाकाम रहे हैं। गर्ग ने आग्रह किया है कि धर्माणी कुर्सी की चिंता छोड़ कर मरीजों को दवाइयां उपलब्ध करवाएं और अस्पताल की व्यवस्था सुधारें। (अनंत ज्ञान)

# टमाटरों से भरा ट्रक सड़क पर पलटा



**अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी जी**

किरतपुर-नेरचैक फोरलेन पर दुर्घटना घटने का नाम नहीं ले रही है। मंगलवार रात के समय ऐसी ही घटना गरामोड़ा टोल प्लाजा के पास घटी। यहां पर टमाटरों से भरा पंजाब नंबर का ट्रक सुंदर नगर हिमाचल प्रदेश से गुजरात जा रहा था। जैसे ही वह गरामोड़ा टोल प्लाजा के पास पहुंचा तो गाड़ी की ब्रेक फेल हो जाने के कारण चालक ने ट्रक पर से नियंत्रण खो दिया। अनियंत्रित हुआ ट्रक ने पहले टोल केविन को तोड़ा। फिर अपने से आगे चल रही टमाटरों से लोड राजस्थान नंबर की पिकअप गाड़ी को टक्कर मारी। टक्कर लगने से दोनों गाड़ियां सड़क पर ही पलट गई। गाड़ियों के पलटने से सड़क पर टमाटर ही टमाटर हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस घटना में ट्रक चालकों सहित टोलकर्मी भी घायल हुए हैं।

### मक्की-धान की फसलों का करवाएं बीमा : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने प्रेस को जारी ब्यान में कहा कि खरीफ 2024 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत मक्की व धान की फसलों का बीमा कराने की अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस योजना के अंतर्गत मक्की व धान की फसलों की बीमित राशि 60000 रुपए प्रति हेक्टेयर है। जिसमें बीमा कंपनी ने मक्की के लिए 11 प्रतिशत व धान के लिए 20 प्रतिशत प्रीमियम अंकित किया गया है। इसमें से किसान द्वारा देय प्रीमियम 2 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। 1200 रुपए प्रति हैक्टेयर व 96 रुपए प्रति बीघा बनता है, बाकि की प्रीमियम राशि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा 90:10 के अनुपात में वहन की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस योजना को जिला बिलासपुर में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा संचालित किया जा रहा है। बीमा करवाने की अंतिम तिथि 15 जुलाई निर्धारित की गई है। उन्होनें सभी किसानों से अनुरोध किया है कि वे अपनी फसल का बीमा अपने नजदीकी लोकमित्र केंद्र या स्वंय प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पोर्टल पर करवाना सुनिश्चित करें।

**विडंबना** लगभग सड़क का निर्माण करीब अढ़ाई दशक पहले हुआ था शुरू

# सिलवीं-सूह सड़क का एक बड़ा हिस्सा आज तक नहीं हुआ पक्का

**शुभम राही, बिलासपुर**

झंडूता क्षेत्र की जेजवीं पंचायत में सिलवीं से सूह गांव के लिए पीएमजीएसवाई के तहत निर्मित सड़क का एक बड़ा हिस्सा आज तक पक्का नहीं हो पाया है। लगभग 4 किलोमीटर लंबी इस सड़क का निर्माण करीब अढ़ाई दशक पहले हुआ था। कई जगह पुलियां, डंगे और रिटेनिंग वॉल भी बनाई गई, लेकिन सड़क के एक हिस्से में टारिंग नहीं की गई है। बरसात का मौसम शुरू हो चुका है। पहली ही बरसात ने कच्ची सड़क के आसपास रहने वाले लोगों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। बारिश का पानी और मलबा उनके मकानों व खेतों में घुसने लगा है। सुरक्षा को लेकर चिंतित ग्रामीणों ने इस सड़क को जल्द पक्का करने की मांग की है।





जेजवीं पंचायत के ग्रामीणों अशोक कुमार, राजेश, जयपाल, संजीव, विजय, सुरेंद्र व अनिल आदि ने बताया कि सिलवीं से सूह संपर्क सड़क का निर्माण पीएमजीएसवाई के तहत लगभग अढ़ाई दशक पहले हुआ था। इस पर एक करोड़ रुपए से अधिक राशि खर्च हो चुकी है। गांव का एक व्यक्ति बार-बार कोर्ट से स्टे लेकर सड़क का काम रुकवाता रहा है। उसने पीडब्ल्यूडी से अपनी जमीन में तो डंगे का निर्माण करवा लिया, लेकिन सड़क पक्की नहीं होने दे रहा है। अब हाईकोर्ट से स्टे खारिज हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद सड़क पक्की नहीं की जा रही है।

ग्रामीणों के अनुसार सड़क पक्की करने के साथ ही डंगों और पानी की निकासी के लिए नालियों आदि का निर्माण समय रहते नहीं किया गया तो उनके मकानों और जमीनों को नुकसान पहुंचना तय है। इससे लोग अपनी सुरक्षा को लेकर भी चिंतित हैं। उन्होंने सरकार और पीडब्ल्यूडी से आग्रह किया कि उक्त सड़क की टारिंग के साथ अन्य काम जल्द किए जाएं। उधर, इस बारे झंडूता में कार्यरत पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन केके चौहान ने कहा कि इस सड़क की जानकारी हासिल की जाएगी। यदि कोई कानूनी अड़चन नहीं पाई गई तो उसे प्राथमिकता के आधार पर पक्का किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### बंगाणा में नाबालिग से दुराचार, केस दर्ज



**राजेश शर्मा, ऊना।** महिला थाना ऊना के तहत उपमंडल बंगाणा के एक गांव की नाबालिग से जबरन दुराचार का मामला सामने आया है। दुराचार का आरोप उपमंडल के ही एक गांव की नाबालिग युवती ने अपने गांव के शादीशुदा व्यक्ति पर लगाया है। मामले को लेकर पीड़िता की मां ने महिला पुलिस ऊना के पास शिकायत दाखिल करवाई है। हैरत की बात है कि आरोपित व्यक्ति शादीशुदा होने के साथ एक बेटी का बाप भी है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### प्रदेश में मित्रों का टोला फैला रहा भ्रष्टाचार: बिंदल



**पुनित शर्मा, धर्मशाला।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने देहरा विधानसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह के लिए सुनहेट में चुनाव प्रचार किया। बिंदल ने कहा कि प्रदेश में मित्रों की सरकार है जो कि प्रदेश की सबसे भ्रष्ट सरकार है। आए दिन सरकार के ऊपर भ्रष्टाचार के अनेकों आरोप लग रहे हैं, ऐसा प्रतीत होता है की सरकार माफिया राज की गिरफ्त में है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश राज्य खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के देहरा स्थित राशन गोदाम से करीब एक करोड़ रुपए की कीमत के राशन घोटाले से सब अवगत ही है, कांग्रेस सरकार का यह बड़ा घोटाला सामने आया तो विभाग जागा और विभाग ने सख्त रुख अपनाया। (अनंत ज्ञान)

### सुंदरनगर में मारपीट मामले में क्रॉस केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** पुलिस थाना धनोटू के मंदिर टांडा गांव के दो व्यक्तियों ने एक-दूसरे पर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की ओर से भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं के क्रॉस केस दर्ज की जांच शुरू कर दी है। शिकायत में तुलसी राम ने बताया कि वह पत्नी के साथ खेत से टमाटर लेकर व्यापारी के पास जा रहे थे। उसी समय हेमराज और कांशी राम वहां पहुंचे और उनसे मारपीट की। इसके बाद गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी। वहीं कांशी राम ने बताया कि वह टमाटर का क्रेट लेकर आ रहा था तो सामने से आ रहे तुलसी राम ने उस पर थूक दिया। विरोध करने पर मेरे और भाई हेमराज के साथ मारपीट की। डीएसपी भारतभूषण ने बताया कि दोनों पक्षों की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

### अनुपम आरबीआई के क्षेत्रीय निदेशक नियुक्त



**रविन्द्र जस्टा, शिमला।** अनुपम किशोर ने 1 जुलाइ, 2024 से आरबीआई के नए क्षेत्रीय निदेशक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। किशोर ने 1996 में आरबीआई के साथ अपने विशिष्ट करियर की शुरुआत की। किशोर प्रतिष्ठित ब्रिटिश शेवनिंग गुरुकुल छात्रवृत्ति और यूएस फुलब्राइट ह्यूबर्ट हम्फ्री फैलोशिप के प्राप्तकर्ता हैं। उन्होंने गोवा सरकार के लिए अतिरिक्त सचिव (ऋण प्रबंधन इकाई) के रूप में भी काम किया है। इसके अलावा, वह एशिया प्रशांत क्षेत्र में हरित बुनियादी ढांचे के लिए वित्तपोषण तंत्र पर विश्व बैंक के सलाहकार भी थे। उनके पूरे कार्यकाल के दौरान उनके अटूट समर्पण, असाधारण नेतृत्व और गहन विशेषज्ञता ने संस्था को वृद्धि और सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। किशोर का दूरदर्शी नेतृत्व और आरबीआई के मिशन और मूल्यों के प्रति प्रतिबद्धता विभिन्न पहलों और विकास को आगे बढ़ाने में सहायक रही है। उनके मार्गदर्शन एवं रणनीतिक निर्देशन से शिमला कार्यालय को काफी लाभ होगा। उनकी नियुक्ति आरबीआई, शिमला के लिए एक आशाजनक नए अध्याय का प्रतीक है, जो उनके सम्मानित नेतृत्व के तहत अपने मूल मूल्यों और उद्देश्यों को कायम रखना जारी रखेगा।(अनंत ज्ञान)

### सीएम पत्नी के लिए खेल रहे चुनावी स्टंट : होशियार

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला/देहरा।** देहरा से भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सुक्खू ने 15 महीनों में देहरा में विकास किया होता तो आज न उपचुनाव होता और न ही सुक्खू को अपनी पत्नी की जीत की चिंता करनी पड़ती। उन्होंने कहा चुनाव विश्वास और काम के द्वारा जीते जाते हैं, लोगों को डरा धमकाकर और जोर अजमाईश से नहीं। उन्होंने कहा देहरा की जनता पहले भी उनके साथ थी तथा अब भी मेरे साथ है। जनता जानती है देहरा में उपचुनाव की स्थिति क्यों पैदा हुई। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू की पत्नी को आज देहरा में अपना मायका याद आ रहा है। 15 महीने पहले उन्हे अपने मायके की याद क्यों नहीं आई? इससे पहले क्यों उन्होंने अपने पति सुक्खू से देहरा में विकास की बात नहीं की? क्या आज चुनाव लड़ने के बहाने यह राजनीतिक स्टंट खेला जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

### मतदान ड्यूटी में तैनात कर्मचारी 8-9 को डालेंगे वोट

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** विधानसभा हमीरपुर उपचुनाव को लेकर होम वोटिंग प्रक्रिया लगभग समाप्त होने वाली है। अभी तक 670 में से 558 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं। जो भी बुजुर्ग या दिव्यांग मतदाता बचे उनका मतदान करवाने के लिए घर-घर टीमें जा रही हैं। उपचुनाव में मतदान करवाने के लिए लगाए अधिकारी व कर्मचारी भी अपने मत का प्रयोग करेंगे इसके लिए एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने तिथियां निर्धारित कर दी हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के सभी 94 मतदान केंद्रों पर तैनात होने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी 8 और 9 जुलाई को पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। (अनंत ज्ञान)

### सीएम के अहंकार के कारण हुए उपचुनाव : लखनपाल



**विक्रम ढटवालिया, नाल्टी(हमीरपुर)।** हमीरपुर उपचुनाव के जनसंपर्क अभियान के दौरान बड़सर के विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने नाल्टी सेक्टर की कई ग्राम पंचायतों में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह के विरुद्ध जमकर प्रहार किए। उन्होंने मुख्यमंत्री पर तानाशाही और अहंकार का आरोप लगाते हुए कहा कि उनके रवैये के कारण ही आज हिमाचल प्रदेश की जनता को उपचुनाव झेलने को मिल रहे हैं। लखनपाल ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री का व्यवहार न केवल जनप्रतिनिधियों का अपमान है, बल्कि जिन्होंने उनको चुना है उन लोगों का भी अपमान है। उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री हमीरपुर के लोकप्रिय विधायक को विधानसभा के अंदर और बाहर अपमानित कर रहे थे, तब हमीरपुर के प्रति उनका यह प्रेम कहां था? लखनपाल ने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि हमीरपुर की जनता आज जानना चाहती है कि उन्हें किस कारण से उनके चुने हुए प्रतिनिधि का अपमान सहना पड़ा। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल के सरकारी होटलों में सैलानियों को 40% तक छूट

**हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम ने मानसून पैकेज किया जारी**



**रविंद्र जस्टा, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में मानसून सीजन का आगाज हो गया है और बादल जमकर बरस रहे हैं। इससे राज्य के पर्यटक स्थलों में सैलानियों की आवाजाही में गिरावट आ रही है। इसे देखते हुए हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम (एचपीटीडीसी) ने मानसून पैकेज जारी किया है।

इस लुभावने पैकेज में निगम के चिन्हित होटलों में ठहरने पर सैलानियों को छूट मिलेगी। मानसून पैकेज के तहत 15 जुलाई से लेकर 13 सितंबर 2024 तक पर्यटन निगम के 45 होटलों में 20 से लेकर 40 प्रतिशत तक छूट प्रदान की गई है। सैलानियों को निगम के होटलों में कमरों की बुकिंग पर ही छूट की सुविधा मिलेगी, जबकि खाने और पीने के सामान के लिए पूरा शुल्क चुकाना पड़ेगा। एचपीटीडीसी के एमडी राजीव कुमार की ओर से इस संबंध में आदेश जारी किए गए हैं।

सबसे अधिक 40 प्रतिशत डिस्कांउट आठ होटलों में मिलेगा। 24 होटलों में 30 फीसदी और 13 होटलों में 20 फीसदी तक डिस्कांउट मिलेगा। सूबे में एचपीटीडीसी के 57 होटल हैं और इनमें 12 होटल ऐसे भी हैं जिनमें ठहरने पर कोई भी छूट नहीं मिलेगी।

**इन होटलों में मिलेगा 40 प्रतिशत डिस्काउंट :** द गोल्फ ग्लेड नालदेहरा, होटल गीतांजलि डल्हौजी, होटल एपल ब्लॉसम फागु, न्यू रोज कॉमन कसौली, मणिमहेश डल्हौजी, द पैलेस चायल, होटल हाटू नारकंडा और होटल धौलाधार धर्मशाला में 40 फीसदी छूट मिलेगी।

**इन होटलों में मिलेगा 30 प्रतिशत छूट:** होटल द बड पालमपुर, होटल पाइनवुड बड़ोग, ट्रिपल एच शिमला, होटल उहल जोगिंद्रनगर, होटल रेणुका रेणुकाजी, कैम्पिंग साइट पौंग डैम, यमुना पांवटा साहिब, होटल ममलेश्वर चिन्दी, होटल गिरीगंगा खड़ापत्थर, होटल कुनाल धर्मशाला, होटल देवधर खजियार, टूरिस्ट इन राजगढ़, होटल कुंजुम मनाली, होटल पीटरहॉफ शिमला,होटल क्लब हाउस मैक्लोडगंज, द केस्टल नग्गर, होटल भागसू मैक्लोडगंज, रोज कॉमन कसौली, होटल गौरीकुंड भरमौर, हडिम्बा कॉटेज मनाली, लोग हट्स मनाली, कश्मीर हाउस धर्मशाला, होटल पैलेस चायल और मेघदूत कयारीधाट में सैलानियों को 30 फीसदी छूट मिलेगी।

**इन होटलों में मिलेगा 20 प्रतिशत छूट :** टूरिस्ट इन् रिवालसर, ज्वालामुखी होटल ज्वालामुखी, होटल श्रीखंड सराहन, होटल चांशल रोहड़ू, होटल सरवरी कुल्लू, यात्री निवास चामुंडा, चिंतपूर्णी हाइट्स चिंतपूर्णी, होटल द नियुगल पालमपुर, हिल टॉप स्वारघाट, होटल इरावती चंबा, होटल चंपक चंबा, होटल सिल्वरमुन कुल्लू और होटल मानालसु मनाली में ठहराने पर सैलानियों को 20 फीसदी छूट रहेगी।

चंबा के विख्यात मिंजर मेले के दौरान 28 जुलाई से चार अगस्त तक होटल इरावती, होटल चंपक और होटल गौरीकुंड में ठहरने पर छूट की सुविधा नहीं मिलेगी। 17 अगस्त से 15 सितंबर तक चलने वाली पवित्र मणिमहेश यात्रा के दौरान भी इन होटलों में किसी भी तरह की छूट नहीं मिलेगी। निगम के 12 होटलों में मानसून सीजन के दौरान छुट की सुविधा नहीं मिलेगी। इनमें होटल स्पीति काजा, होटल किन्नर कैलाश कल्पा, सन एंड स्नो कॉटेज कल्पा, होटल चन्दर्भगा केलंग, होटल शिवालिक परवाणू, होटल हमीर हमीरपुर, लेक व्यू बिलासपुर, होटल बघल दाड़लाघाट, होटल नुपुर नूरपुर, होटल बुशहर रिजेंसी रामपुर बुशहर, सुकेत सुंदरनगर और विली पार्क शिमला शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

# धूमल को कमजोर करने के लिए जयराम ने हमीरपुर में नहीं किया विकास : सुक्खू

**हमीरपुर जिले के तीन विधायकों ने 'गद्दारी' की**



हमीरपुर में कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पिंद्र वर्मा के पक्ष में प्रचार करते सीएम सुक्खू।

**विक्रम ढटवालिया, अग्घार (हमीरपुर)**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रेम कुमार धूमल के हारने का हमीरपुर जिला को बड़ा नुकसान हुआ। तब की भाजपा सरकार के समय जिला में विकास कार्य नहीं हुए। जयराम ने धूमल को कमजोर करने के लिए हमीरपुर में विकास रोक दिया। हमीरपुर से कोई मंत्री नहीं बनाया। धूमल 2017 में घोषित मुख्यमंत्री थे, लेकिन उन्हें साजिश के तहत हराया गया। इसमें भाजपा के साथ वे लोग शामिल थे, जिन्होंने वर्तमान सरकार को गिराने की साजिश रची, लेकिन कांग्रेस ने पहली बार निचले हिमाचल से मुख्यमंत्री बनाया। मेरे ही जिला के तीन विधायक सरकार गिराने के षड़यंत्र में शामिल हो गए।

दूसरे जिलों के विधायक व लोग अपने जिले का मुख्यमंत्री चाहते हैं और हमीरपुर जिला के तीन विधायक मुख्यमंत्री को हटाने में ही लग गए। ये वहीं लोग हैं जिन्होंने धूमल को हराने की भी साजिश रची। मुख्यमंत्री बुधवार को बल्ह, बलोह, अग्घार, दरोग, खग्गल व धनेड में कांग्रेस उम्मीदवार डॉ. पुष्पिंद्र वर्मा के पक्ष में चुनाव प्रचार के दौरान चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि जब सरकार गिराने की कोशिश हुई तो शिमला, कांगड़ा, सिरमौर, कुल्लू, ऊना के दो, चंबा इत्यादि जिलों के 34 विधायक 'चट्टान' की तरह मेरे साथ खड़े रहे, लेकिन जिला के तीन विधायकों ने 'गद्दारी' की। उनमें शामिल आशीष शर्मा पैसे के अहंकार में हैं। उन्होंने अहंकार में ही 14 महीने में इस्तीफा दिया और सोचा कि पैसे के दम पर वोट खरीदकर साढ़े तीन साल के लिए दोबारा विधायक बन जाएंगे। पूर्व निर्दलीय विधायक ने जनता की खनिज संपदा को लूटकर संपत्ति बनाई है। (अनंत ज्ञान)

# हमसे पूछने के बजाय सीएम सुक्खू बताएं क्यों हो रहे उपचुनाव : जयराम ठाकुर

**देहरा के लोग अपने धरतीपुत्र के साथ**



देहरा में भाजपा प्रत्याशी होशियार सिंह के समर्थन में चुनावी रैली करते जयराम।

**शुभम शर्मा, देहरा**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने विधानसभा उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के देहरा के प्रत्याशी होशियार सिंह के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू हमसे पूछने की बजाय खुद बताएं कि ये उपचुनाव क्यों हो रहे हैं? क्यों उन्होंने ऐसे हालात पैदा कर दिए कि उनके अपने पार्टी के विधायक ही बगावत पर उतरने को मजबूर हुए।

क्यों निर्दलीय विधायक के साथ ज्यादती की? क्यों उनके परिवार जनों, सहयोगियों, मित्रों, रिश्तेदारों को सत्ता के दम पर प्रताड़ित किया? क्यों निर्दलीय विधायकों को हर बार सरकार का समर्थन करने के लिए बाध्य किया गया।

क्यों निर्दलीय विधायकों के जनहितकारी कामों को लटकाया गया? क्यों उनके द्वारा उनकी विधानसभा क्षेत्र की समस्याओं को अनसुना किया गया? हजारों की संख्या में संस्थान क्यों बंद किए। भाजपा सरकार में देहरा में खोले गए अस्पतालों और स्कूलों को क्यों डेनोटिफाई क्यों किया? आज प्रदेश में हो रहे उपचुनाव मुख्यमंत्री की तानाशाही का नतीजा है। सभी ने डेढ़ साल तक समर्थन किया भी, लेकिन जब कांग्रेस ने राम मंदिर के खिलाफ मुकदमा लड़ने वाले नेता को राज्यसभा में टिकट दिया तो तीनों निर्दलीय विधायकों ने भाजपा के प्रत्याशी हिमाचल के नेता हर्ष महाजन को समर्थन दिया। इसके बाद से ही वह मुख्यमंत्री के कोपभाजन का शिकार हुए हैं।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा की देहरा के लोग देहरा के बेटे के साथ है, जो दिन-रात देहरा के विकास के लिए कार्यरत है। देहरा के लोग अपने धरतीपुत्र के साथ हैं। इस बार होशियार सिंह अपनी जीत के पुराने रिकॉर्ड तोड़ेंगे। (अनंत ज्ञान)

# 10 दिन बाद भी कार्रवाई न होने से टैक्सी आपरेटर्स में आक्रोश

**अनिल शर्मा, मंडी**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

पंजाब में हिमाचल के टैक्सी ऑपरेटर के साथ हुए दुर्व्यवहार को लेकर टैक्सी आपरेटर्स खफा हैं। इस घटना के दस दिन बीत जाने के बाद भी राज्य सरकार की ओर से कोई कार्रवाई न किए जाने से टैक्सी आपरेटर्स में आक्रोश है।

हिमाचल के पर्यटन को देखते हुए किसी भी तरह के टकराव से बचते हुए मामले को पंजाब और हरियाणा की टैक्सी यूनियनों के साथ बातचीत कर मामले को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझाने के पक्ष में भी टैक्सी आपरेटर हैं। इसी मुददे को लेकर ऑल हिमाचल टैक्सी ऑपरेटर यूनियन की बैठक संस्कृति सदन मंडी में आयोजित हुई, जिसमें हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों के टैक्सी ऑपरेटरों ने हिस्सा लिया। इस बैठक में पंजाब में टैक्सी ड्राइवरों के साथ किए जा रहे दुर्व्यवहार के बारे में चर्चा की गई। ऑल हिमाचल टैक्सी ऑपरेटर्स यूनियन का कहना है कि 10 दिन के बाद भी प्रदेश सरकार द्वारा इस मुद्दे को प्रमुखता से नहीं उठाया जा रहा है और न ही कोई कार्रवाई अब तक अमल में गई है। पंजाब और हिमाचल सरकार इस बात को हल्के में ले रहे हैं। पिछले दस दिनों में दो ऐसी घटनाएं पेश आ चुकी हैं, जिसमें पंजाब में कुछ युवकों द्वारा मंडी जिला के टैक्सी चालकों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया।

टैक्सी एकता यूनियन मंडी के प्रधान महेंद्र गुलेरिया और देवभूमि टैक्सी यूनियन के प्रधान नरेंद्र ठाकुर ने कहा कि पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह से मुलाकात कर पेश आ रही समस्याओं और बीती घटनाओं के बारे में ज्ञापन दिया। (अनंत ज्ञान)

# सीएम ने झूठ ही बोलना है तो आंकड़े तो एक जैसे रखें : आशीष

**विक्रम ढटवालिया, सासन (हमीरपुर)**

हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के प्रत्याशी आशीष शर्मा ने ग्राम केंद्र अमरोह के अमरोह और सासन पंचायत में नुक्कड़ सभाओं का आयोजन किया। इन सभाओं के दौरान स्थानीय लोगों ने आशीष शर्मा को भरपूर आशीर्वाद दिया। इस दौरान भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा ने कहा कि लोग मुख्यमंत्री और कांग्रेस सरकार के झूठ को समझ चुके हैं और अब भाजपा के पक्ष में भारी संख्या में मतदान कर इसका जवाब देंगे।

मुख्यमंत्री एक माह पहले लंबलू में जनसभा के दौरान कह गए थे कि आशीष ने 100 करोड़ रुपए के ठेके के लिए। अब मंगलवार को विधानसभा क्षेत्र पधारे मुख्यमंत्री ने यह आंकड़ा 135 करोड़ पर पहुंचा दिया है।

उन्होंने मुख्यमंत्री से कहा है कि अगर झूठ ही बोलना है तो कम से कम आंकड़े तो एक जैसे रखिए। आनन-फानन में जो आंकड़ा मुंह में आता है वहीं बोल देते हैं, जबकि सभी को पता है कि टेंडर मुख्यमंत्री नहीं देते हैं, यह ऑनलाइन डाले जाते हैं।

आशीष शर्मा ने कहा कि यह सरकार केवल झूठी और लॉलीपॉप देने वाली है। कई दिनों तक जब सचिवालय के बाहर आशीष शर्मा को बैठाया गया, तो सचिवालय में मौजूद लोग यह कहते थे कि यह हमीरपुर का विधायक है, जिसे बाहर बैठाया गया है। मुख्यमंत्री ने आशीष शर्मा की नहीं बल्कि हमीरपुर की जनता की तौहीन की है। हमीरपुर के आत्मसम्मान के लिए वह यह लड़ाई लड़ रहे हैं और जनता उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है।



चुनावी जनसभा में आशीष की गोदी में बैठे बच्चे।

**कहा-सुक्खू झूठे और फरेबी मुख्यमंत्री के रूप में जाने जाएंगे**

कांग्रेस परिवारवाद की राजनीति को बढ़ावा देती रही है। मुख्यमंत्री ने जहां एक तरफ अपनी पत्नीको टिकट दिया, वहीं हमीरपुर से नेता पुत्र को टिकट दिया गया। हमीरपुर से कांग्रेस प्रत्याशी बताएं कि उनके पिता ने उद्योग मंत्री रहते हुए हमीरपुर के लिए कौन सी नई इंडस्ट्री लाई। जिससे रोजगार के अवसर पैदा हुए हों।

उद्योग तो कोई नहीं लाया, लेकिन भ्रष्टाचार बहुत किया, लेकिन सुक्खू झूठे और फरेबी मुख्यमंत्री के रूप में जाने जाएंगे। जनता कांग्रेस सरकार की इस झूठ की राजनीति को समझती है और आने वाले 10 जुलाई को भाजपा के पक्ष में भारी मतदान कर कांग्रेस को इसका मुंहतोड़ जवाब देगी। (अनंत ज्ञान)

**शुभारंभ** — आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा ने किया राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान शुरू, कहा–

# अश्वगंधा आयुर्वेदिक चिकित्सा का अमूल्य हिस्सा



राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान के शुभारंभ मौके पर मंत्री यादविंद्र गोमा व अन्य।

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

आयुष, युवा सेवाएं एवं खेल मंत्री यादविंद्र गोमा ने अनुसंधान संस्थान भारतीय चिकित्सा पद्धति जोगिंद्र नगर में आयुष विभाग और राज्य औषधीय पादप बोर्ड हिमाचल प्रदेश का स्वास्थ्य एवं स्फूर्ति के सशक्तिकरण में राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने आयुष वृत चिकित्सालय जोगिंद्र नगर में ऑस्टियो आर्थराइटिस और अन्य मस्कुलोस्केलेटल विकार की रोकथाम और प्रबंधन के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम और वायु मित्र योजना का भी शुभारंभ किया।

उन्होंने कहा कि हमारे देश की हर्बल धरोहर को विश्व भर में पहचान दिलाने और लोगों के स्वास्थ्य को सुधारने के लिए राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है। अभियान के माध्यम से अश्वगंधा की खेती, उपयोग और उसके लाभों के बारे में व्यापक जागरूकता की जाएगी। आयुर्वेद के लाभों को देखते हुए सरकार द्वारा आयुर्वेदिक चिकित्सा पद्धति को मुख्यधारा में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं। सरकार द्वारा 140 आयुर्वेदिक चिकित्सकों की विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में तैनाती की गई है। स्वास्थ्य संस्थानों को अग्रणी संस्थानों के रूप में लेकर विकसित किया जा रहा है। आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज आदिकाल से हो रहा है। कोरोना काल में इस पद्धति के माध्यम से कोरोना पीड़ित भी ठीक हुए है।

यादविंद्र गोमा ने कहा कि अश्वगंधा जिसे भारतीय जिनसेंग भी कहा जाता है, हमारे आयुर्वेदिक चिकित्सा का एक अमूल्य हिस्सा है। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार करता है बल्कि मानसिक तनाव और चिंता को भी कम करता है। आज, जब आधुनिक जीवन शैली से उत्पन्न बीमारियां बढ़ रही हैं। अश्वगंधा जैसी औषधियां हमारे स्वास्थ्य के लिए एक महत्वपूर्ण संसाधन बन सकती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में एक साल के अंदर आयुष विभाग में क्रांतिकारी बदलाव होंगे ताकि प्रदेश केरल जैसे दूसरे राज्यों जहां आयुर्वेद में अच्छे काम हुए हैं के मुकाबले में आ सके।

### पांच प्रकाशनों का किया अनावरण

**आयुष मंत्री** ने पांच प्रकाशनों का अनावरण किया, जिनमें क्षेत्रीय सुगमता केंद्र आईयूसीएन में चिन्हित संकटग्रस्त पौधों की सूची, मनरेगा में पेड़ों की खेती किए जाने वाले पौधों की सूची, ओषध पादप बोर्ड द्वारा प्रस्तावित 140 पौधों की सूची, राज्य औषध पादप बोर्ड का राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान का प्रकाशन तथा आयुष विभाग के ओसटियोअर्थराइटिस की रोकथाम संबंधी प्रकाशन शामिल रहे।

उन्होंने 26 आयुष केंद्रों के प्रभारियों को एनएबीएच (राष्ट्रीय एक्रीडेशन बोर्ड ऑफ हॉस्पिटल) के प्रमाणीकरण के प्रमाण पत्र बांटे और कहा कि प्रदेश उत्कृष्ट आयुष स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदान करने वाला पहला राज्य बना है।

गोमा ने कहा कि प्रदेश के हर्बल गार्डनों को सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि वहां आयुर्वेदिक औषधियां तैयार की जाएं, इससे प्रदेश को आय भी होगी।

# अब सुजानपुर पंचायत समिति अध्यक्ष को हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव पारित

**कुल 15 में से 12 पंचायत समिति सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव पर किए हस्ताक्षर**

**ए.कुमार, सुजानपुर**

भाजपा समर्थित सुजानपुर पंचायत समिति अध्यक्ष अंजना ठाकुर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। कुल 15 में से 12 पंचायत समिति सदस्यों ने अंजना ठाकुर को उनके पद से हटाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए हैं। इस बाबत पंचायत समिति सदस्यों ने जिला पंचायत अधिकारी (डीपीओ) हमीरपुर को वर्तमान पंचायत समिति अध्यक्ष को उनके पद से हटाए जाने के लिए अविश्वास प्रस्ताव का पत्र सौंपा है।

डीपीओ हमीरपुर ने बीडीओ सुजानपुर को आगामी कार्रवाई करने को कहा है। दिए गए इस पत्र में 12 पंचायत समिति सदस्य वर्तमान अध्यक्ष के खिलाफ खुलकर सामने आए हैं और उनके स्थान पर नया अध्यक्ष बनाए जाने को लेकर अपनी मांग रखी है। (अनंत ज्ञान)



### भाजपा का है पंचायत समिति पर कब्जा

सुजानपुर पंचायत समिति पर वर्तमान में भाजपा का कब्जा है। यहां भाजपा समर्थित अंजना ठाकुर पंचायत समिति अध्यक्ष निर्वाचित हुई हैं। इसके अलावा उपाध्यक्ष के पद पर भी भाजपा समर्थक ही आसीन हैं। भाजपा समर्थित अंजना ठाकुर के खिलाफ उनकी पार्टी के भी पंचायत समिति सदस्य सामने आए हैं।

### आचार संहिता हट जाने के बाद होगी कार्रवाई : भाटिया

**संबंधित** विषय पर बीडीओ राजेश्वर भाटिया ने बताया कि पंचायत समिति अध्यक्ष के खिलाफ पंचायत समिति सदस्य ने एक पत्र जिला पंचायत अधिकारी को भेजा है जिसकी एक कॉपी उनके पास आई है। जिला में आदर्श चुनाव आचार संहिता लगी है। आचार संहिता हट जाने के बाद उसके आगामी दो हफ्तों के भीतर उस पत्र पर कार्रवाई करने के लिए पंचायत समिति उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक बुलाई जाएगी। जिला पंचायत अधिकारी ने इस पत्र पर कार्रवाई आगामी कार्रवाई करने के लिए कहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### कमलेश ठाकुर ने नाग देवता से मांगी जीत की दुआ



**सालबिया शर्मा, गरली।** मुख्यमंत्री की पत्नी और कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर बुधवार को गांव करियाड़ा के ऐतिहासिक नाग मंदिर पहुंची। उन्होंने यहां पूजा-अर्चना की और जीत की मन्नत मांगी। इस दौरान मंदिर प्रबंधक कुलदीप सिह गुलेरिया व पुजारी हरदीप गुलेरिया, उपेंद्र गुलेरिया, राहुल गुलेरिया, मोनू गुलेरिया आदि ने कांग्रेस प्रत्याशी कमलेश ठाकुर को मंदिर की ओर से सरोफा व नाग मंदिर की बड़ी मूर्ती भेंट कर उनको जीत का आशीर्वाद दिया। (अनंत ज्ञान)

### संजय चौहान ने कमलेश ठाकुर के लिए मांगे वोट

**राकेश डोगरा, डरोह।** संजय सिंह चौहान ने देहरा में कमलेश ठाकुर के पक्ष में



मतदान करने की अपील करते हुए एक जनसभा संबोधन में बताया कि हर परिस्थिति में मुख्यमंत्री केवल प्रदेश को उन्नति के राह पर चलाने पर अग्रसर हैं। हाल ही में उन्होंने एक बहुत बड़ा ऐलान किया है कि प्रदेश सरकार ने तीन से छह साल के बच्चों के लिए हिमाचल प्रदेश प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा अनुशिक्षक योजना शुरू करने जा रही है। इससे बच्चों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए 6297 प्री नर्सरी टीचर्स की भर्ती जल्द ही शुरू की जाएगी। राज्य सरकार हर विधानसभा क्षेत्र में एक-एक राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने जा रही है। अंत में उन्होंने कहा कि कमलेश ठाकुर देहरा विधानसभा क्षेत्र से एक मात्र प्रथम महिला प्रत्याशी हैं और संपूर्ण विधानसभा से जनमानस के साथ-साथ महिला शक्ति का भरपूर सहयोग मिल रहा है और सुनिश्चित रूप से वह देहरा से विजयी होंगी। (अनंत ज्ञान)

### आंगनबाड़ी केंद्र भाटी में जांचा बुजुर्गों का स्वास्थ्य



**अतुल जसवाल, जयसिंहपुर।** उपमंडल के अंतर्गत आने वाले आयुष हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर कर्णघट द्वारा बुधवार को गांव भाटी के आंगनबाड़ी केंद्र में वृद्धावस्था चिकित्सा का शिविर लगाया गया। इस चिकित्सा शिविर में गांव भाटी के 51 व्यक्तियों के स्वास्थ्य जांच और साथ में शुगर, बीपी की दवाइयों का मुफ्त वितरण किया गया। (अनंत ज्ञान)

### हर समय सीएम का सपना देख रहे जयराम : कौशल

**शिवम शर्मा, देहरा।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पर जोरदार हमला बोलते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष किसी मानसिक अवसाद के शिकार हैं और वह हमेशा मुख्यमंत्री बनने का स्वप्न देखते रहते हैं। जयराम ठाकुर के पास झूठ की पढ़ाई की सबसे बड़ी डिग्री है। उन्होंने कहा कि जयराम अब तक के सबसे असफल मुख्यमंत्री रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री रहते देहरा की कभी भी सुध नहीं ली। भाजपा सरकार के समय में उपमंडल देहरा में हुई एक जनसभा में तत्कालीन केंद्रीय राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने अपनी ही सरकार को सीयू के मुद्दे पर लताड़ लगाई थी। (अनंत ज्ञान)

# शाहपुर में बनेगी सीवरेज स्कीम

## उप मुख्य सचेतक पठानिया ने 56. 56 करोड़ के बजट का करवाया प्रावधान

**बबलू सूर्यवंशी, शाहपुर**

शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने नगर पंचायत शाहपुर द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में घोषणा की थी कि नगर पंचायत शाहपुर के लिए जल्द ही सीवरेज स्कीम लेकर आएंगे और शाहपुर को आदर्श नगर पंचायत में शुमार किया जाएगा। अपनी इसी घोषणा को अमलीजामा पहनाते हुए उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने सीवरेज स्कीम शाहपुर के लिए 56.57 करोड़ के बजट का प्रावधान किया है।

नगर पंचायत शाहपुर की अध्यक्ष उषा शर्मा उपाध्यक्ष विजय गुलेरिया, पूर्व अध्यक्ष निशा शर्मा,पार्षद किरण कौशल, पार्षद आजाद सिंह, पार्षद शुभम ठाकुर, मनोनीत पार्षद संजीव उपाध्याय, मनोनीत पार्षद पुष्पा जरयाल, मनोनीत पार्षद राजीव पटियाल ने विधायक के कार्यालय में मुलाकात कर शाहपुर की जनता की तरफ से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू एवं उप मुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया का नगर पंचायत शाहपुर के लिए सीवरेज स्कीम क्रियान्वित करवाने के लिए बजट का प्रावधान होने पर तहदिल से धन्यवाद किया और शाहपुर के चहुंमुखी विकास के लिए उनका आभार प्रकट किया।



कार्यालय में विधायक केवल सिंह पठानिया से मुलाकात करते नगर पंचायत शाहपुर के पदाधिकारी।

### पेयजल योजना के लिए 17.50 करोड़ का टेंडर भी करवाया आवंटित

शाहपुर के लिए न केवल सीवरेज स्कीम, बल्कि सुचारू पेयजल आपूर्ति के लिए भी पठानिया के प्रयास रंग लाए हैं और पेयजलापूर्ति हेतु 17.50 करोड़ का टेंडर भी आवंटित हो गया है।

नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय गुलेरिया ने विधायक का उनके वार्ड में पेश आई पेयजल समस्या के त्वरित हल हेतू विशेष आभार जताया। ज्ञात रहे कि इन गर्मियों में पेयजल किल्लत को देखते हुए विधायक के विशेष निर्देश पर नगर पंचायत शाहपुर द्वारा त्वरित रूप से बोरवेल लगाए गए एवं ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध करवाया गया है।

वहीं, नगर पंचायत शाहपुर की अध्यक्ष उषा शर्मा ने विधायक से अन्य कार्यों हेतु विशेष बजट की मांग की, जिसे उन्होंने तुरंत से सैद्धांतिक सहमति देते हुए विकास कार्यों के लिए एस्टीमेट इत्यादि बनवाने को कहा। (अनंत ज्ञान)

# हिमाचल में मुख्यमंत्री, पत्नी और मित्रों की सरकार : सुधीर शर्मा

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

भाजपा नेता एवं विधायक सुधीर शर्मा ने कहा कि हिमाचल में मुख्यमंत्री, पत्नी और मित्रों की भ्रष्ट सरकार है। कांग्रेस सरकार घोटालों के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है। हिमाचल प्रदेश मार्केटिंग बोर्ड में सात करोड़ से ज्यादा की लागत के एक डिजिटाइजेशन टेंडर को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। जो कि सरकार के कुप्रबंधन और भ्रष्टाचार का प्रमाण है। मार्केटिंग बोर्ड के एमडी इस टेंडर को दोबारा से करने की बात फाइल पर लिखते रहे, लेकिन कृषि सचिव एवं चेयरमैन मार्केटिंग बोर्ड ने टेंडर अवॉर्ड कर दिया।



उन्होंने कहा कि टेंडर अवॉर्ड करने में राज्य सरकार के स्थापित वित्तीय नियमों की अनदेखी हुई। मार्केटिंग बोर्ड और चेयरमैन के एकमत न होने के कारण टेंडर कॉल एमडी ने किया था, लेकिन अवॉर्ड लेटर चेयरमैन ने दिया। अब कंपनी से एग्रीमेंट कौन करेगा? इस पर दुविधा है। जिस कंपनी को टेंडर दिया गया है, उसने 6.72 करोड़ लागत दी है, जबकि दूसरी कंपनी ने इसी काम के लिए 14.4 करोड़ की लागत भरी थी। टेंडर अवॉर्ड 29 जून, 2024 को हुआ और पहली जुलाई को इस कंपनी ने मार्केटिंग बोर्ड को फिर से रिप्रेजेंट किया कि उनका जीएसटी अलग से दिया जाए। इसे भी एक दिन के भीतर ही मान लिया गया।

उन्होंने कहा कि पर्यटन निगम द्वारा एडीबी फंडिंग से बन रहे कई प्रोजेक्टों के टेंडर नियमों को ताक पर रख कर दिए जा रहे हैं। नादौन जो कि मुख्यमंत्री का विधानसभा क्षेत्र है, वहां बन रहे पर्यटन निगम के होटल को सेरिकल्चर की जमीन पर बनाया जा रहा है। इसकी टेंडर प्रक्रिया में भी भारी धांधली हुई है। सुधीर ने कहा कि प्रदेश को लूटने में सरकार ने खुली छूट दे रखी है। उन्हें कुछ उच्च अधिकारियों के भ्रष्टाचार के भी कई सबूत भी प्राप्त हुए हैं। इनका जल्द खुलासा किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## जीएवी स्कूल के हैंडबॉल के रेफरी दिनेश स्वीडन में चमके

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

हैंडबॉल के अंतरराष्ट्रीय रेफरी दिनेश सिंह राजपूत स्वीडन में छाए हुए हैं। दिन में 8 से 10 टीम को खिला रहे दिनेश की जजमेंट का हर कोई कायल है। अनंत ज्ञान से बातचीत में दिनेश सिंह ने बताया कि पार्टीले हैंडबाल वर्ल्ड कप में उनकी दिनचर्या काफी व्यस्त है और सुबह होते ही ग्राउंड में मैच शुरू किए जा रहे हैं।

दिनेश ने बताया कि हैंडबॉल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा उन्हें यह मौका दिया गया है, जिसका वह तह दिल से शुक्रगुजार हैं। दिनेश ने बताया कि हिम्मत और जज्बा हो तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है। उन्होंने विश्वविद्यालय से फिजिकल एजुकेशन में डिग्री हासिल की और



अंतरराष्ट्रीय रेफरी दिनेश परिवार के साथ

हैंडबॉल का राष्ट्रीय खिलाड़ी होने पर नेशनल इंस्टीट्यूट आफ स्पोर्ट्स पटियाला में 2 वर्ष का डिप्लोमा कर कोच बन गया। जीएवी में नौकरी के दौरान ए ग्रेड रेफरी का कैंप एनआईएस पटियाला में लगाया और परिणामस्वरूप नेशनल गेम्स में रेफरी करने का मौका मिला। वह अब इंटरनेशनल लेवल पर रेफरी हैं। परिवार के सहयोग और हैंडबाल एसोसिएशन आफ इंडिया के योगदान से ही संभव हो पाया है। (अनंत ज्ञान)

## कार से 18 पेटी देसी शराब जब्त

**अशोक ठाकुर, नूरपुर।** पुलिस जिला नूरपुर के अंतर्गत आती पुलिस चौकी रैहन की संयुक्त टीम ने बुधवार को छत्र रोड पर वन विभाग के कार्यालय के पास एक कार में से 18 पेटी देसी शराब बरामद की। उक्त शराब कार नंबर एचपी 01डी 4734 से बरामद की गई। कार को पलविंद्र सिंह चला रहा था, जबकि साथ में दलजीत सिंह बैठा हुआ था। जानकारी के अनुसार पुलिस चौकी रैहन के एएसआई भजन जरियाल, हेड कांस्टेबल संजीव कुमार, कांस्टेबल नागेश्वर सिंह व राजेश कुमार की संयुक्त टीम बुधवार को रूटीन गश्त पर थी। इस दौरान छत्र रोड की तरफ आती एक कार को रोका। तालाशी के दौरान पुलिस ने कार की डिक्की में से 15 पेटी व पिछली सीट पर रखी 3 पेटी संतरा ब्रांड की शराब बरामद की। (अनंत ज्ञान)

## सीएसआईआर-आईएचबीटी ने मनाया 42वां स्थापना दिवस



सीएसआईआर-आईएचबीटी पालमपुर के स्थापना दिवस समारोह में उपस्थित गणमान्य।

**गौरव कौंडल, पालमपुर**

सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान (आईएचबीटी) पालमपुर ने 2 जुलाई को अपना 42वां स्थापना दिवस मनाया। इस अवसर पर मुख्यातिथि डॉ. एन कलैसेल्वी, महानिदेशक, सीएसआईआर एवं सचिव डीएसआईआर, भारत सरकार ने संस्थान के कार्य की सराहना और स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से देश को बहुत अधिक उम्मीद है। अत: हमारा दायित्व है कि राष्ट्र एवं विश्व की अपेक्षाओं को पूरा करने की दिशा में प्रयासरत रहें। हिमालय में अपार संभावनाएं है एवं संस्थान को जैवसंपदा से जैव आर्थिकी की ओर सदा अग्रसर रहना चाहिए। समारोह की विशिष्ट अतिथि अनीसा के. बेगा उच्चायुक्त, संयुक्त गणराज्य तंजानिया ने सीएसआईआर-आईएचबीटी स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संस्थान की उपलब्धियों की सराहना की।

## सभी बूथों पर दी जाएंगी आवश्यक सुविधाएं : डीसी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जिला निर्वाचन अधिकारी उपायुक्त हेमराज बैरवा ने कहा कि देहरा विस क्षेत्र में मतदान के लिए कुल 100 पोलिंग बूथ स्थापित किए जाएंगे। उन्होंने सभी बूथों पर स्थायी न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, जिसमें उचित संकेतक, पेयजल की सुविधा, उचित रोशनी, रैंप व शौचालय की मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी ताकि मतदाताओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि मतदान प्रतिशतता बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक भी किया जाए ताकि कोई भी मतदाता वोट डालने के अधिकार से वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि चुनाव संबंधी कोई भी शिकायत सी विजिल पर की जा सकती है।

# सिने जगत

## 'आस्क मी एनीथिंग' में रकुल प्रीत ने शेयर किए अपने सीक्रेट्स



**मुंबई।** अपकमिंग तमिल एक्शन फिल्म 'इंडियन 2' में नजर आने वाली एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने 'आस्क मी एनीथिंग' के जरिए अपने फैंस से बात की। इसमें उन्होंने अपनी एनर्जी, अच्छे लुक्स, भारत में पसंदीदा हॉलिडे स्पॉट और पसंदीदा क्रिकेट खिलाड़ियों के बारे में बात की। इंस्टाग्राम स्टोरीज पर रकुल ने प्रशंसकों के मजेदार सवालों के जवाब दिए। उन्होंने 'इंडियन 2' के प्रमोशन के दौरान ऑफ-शोल्डर ब्लू जंपसूट पहना था। सेशन के दौरान एक प्रशंसक ने उनसे उनकी एनर्जी और अच्छे लुक्स के बारे में पूछा। उसके जवाब में रकुल ने कहा, मेरी ऊर्जा का मंत्र खुद को सभी तरह की नकारात्मकता से दूर रखना है। मैं बस अपने काम, अपने लोगों, अपने जीवन पर ध्यान केंद्रित करती हूं और मुझे वास्तव में इस बात की चिंता नहीं है कि कौन क्या सोच रहा है और मैं अपने कर्म को साफ रखने की कोशिश करती हूं। मुझे लगता है कि यह मुझे सकारात्मक रखता है, यह मेरी त्वचा पर भी झलकता है इसलिए अगर हमारा विवेक साफ है, अगर हम अंदर से खुश हैं तो आपके चेहरे पर भी इसका असर दिखेगा। रकुल ने भारत में अपनी पसंदीदा छुट्टी मनाने की जगह के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि मुझे गोवा बहुत पसंद है। रकुल ने गोवा में अभिनेता-फिल्म निर्माता जैकी भगनानी से शादी की थी। रकुल जिम में एक घंटा बिताती हैं, जिसमें अंत में स्ट्रेचिंग भी शामिल होती है।

## शाहरुख की सिफारिश के बाद भी दिव्या को नहीं मिला काम



**मुंबई।** प्रोड्यूसर-डायरेक्टर मणिरत्नम की फिल्म 'दिल से' शाहरुख खान के करियर की सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में से एक है। इस फिल्म में एक्ट्रेस दिव्या दत्ता भी काम करना चाह रही थीं। शाहरुख खान ने इस फिल्म के लिए मणिरत्नम से दिव्या के बारे में बात भी की थी, लेकिन डायरेक्टर ने दिव्या के साथ काम करने से इनकार कर दिया था। 'दिल से' में शाहरुख खान के अलावा मनीषा कोइराला और प्रीति जिंटा ने अहम किरदार निभाए थे। एक इंटरव्यू में दिव्या दत्ता ने इस बात का खुलासा किया कि कैसे शाहरुख के कहने के बाद भी फिल्म के डायरेक्टर मणिरत्नम ने उन्हें फिल्म में काम नहीं दिया था। दिव्या दत्ता ने कहा- 'दिल से' में कास्टिंग के लिए मैंने शाहरुख की हेल्प ली थी। उन्होंने मणिरत्नम से बात की, लेकिन उन्होंने यह कहकर मना कर दिया कि मेरी और मनीषा कोइराला की शक्ल काफी हद तक मिलती है। उन्हें फिल्म में नहीं ले पाएंगे।

## शत्रुघ्न सिन्हा हुए अस्पताल से डिस्चार्ज सर्जरी की खबरों को बताया अफवाह



**मुंबई।** बीते कई दिनों से बॉलीवुड के वेटरन एक्टर शत्रुघ्न सिन्हा मुंबई के कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में भर्ती थे। खबरें थीं कि घर में सोफा से गिरने के बाद उन्हें चोट लग गई थी, जिसके चलते उनकी माइनर सर्जरी हुई है। अब अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद शत्रुघ्न सिन्हा ने खुद सर्जरी की खबरों को अफवाह बताया है। उन्होंने कहा है कि उनकी तबीयत नहीं बिगड़ी थी, वो बस रूटीन चेकअप के लिए अस्पताल गए थे। उन्होंने एक टीवी चैनल से कहा कि मैं 60 साल से ऊपर के हर शख्स को हेल्थ चेकअप की सलाह दूंगा। मैं इलेक्शन कैंपेन के लिए 3 महीनों तक नॉन-स्टॉप ट्रेवल कर रहा था। उसके ठीक बाद मेरी बेटी की शादी हुई। अब मैं वो गर्म खून वाला यंग आदमी नहीं रहा, जो दिन में 3 शिफ्ट कर सकता है और इसके बाद भी पार्टी करने के लिए मुझ में एनर्जी बचे। मुझे धीमे चलने की जरूरत है।

## अब दिशा पटानी और प्रभास की डेटिंग पर रुमर्स

**मुंबई।** प्रभास और दिशा पटानी को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं कि वो डेट कर रहे हैं। हाल ही में दिशा की एक तस्वीर वायरल हुई, जिसमें उनके हाथ पर पीडी का टैटू दिख रहा था। हालांकि दिशा पहली ऐसी एक्ट्रेस नहीं हैं, जिनका नाम प्रभास के साथ जुड़ रहा है। इससे पहले भी प्रभास की कई एक्ट्रेसेस के साथ डेटिंग की खबरें सामने आती रही हैं। प्रभास और कृति सेनन आदिपुरुष में एक साथ दिखे थे। इसके बाद से ही दोनों के डेटिंग की अफवाहें उड़ने लगीं। हालांकि दोनों ने कभी इस रिश्ते के बारे में कुछ नहीं कहा। प्रभास का नाम साउथ एक्ट्रेस काजल अग्रवाल के साथ भी जुड़ चुका है। दोनों ने कई फिल्मों में साथ काम किया है। कहा जाता है दोनों ने 18 महीनों तक एक-दूजे को डेट किया। यह भी कहा जाता है अनुष्का-प्रभास 'बाहुबली 2' के वक्त डेट कर रहे थे। यहां तक की दोनों की शादी की तस्वीरें भी वायरल हुई थीं। उन्हें प्रभास ने खुद फेक बताया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, प्रभास इलियाना डिक्रूज को भी डेट कर चुके हैं। दोनों ने कई फिल्मों में साथ काम किया। हालांकि डेटिंग पर दोनों ने कभी कुछ नहीं कहा।




## एटली की अगली मेगा बजट एक्शन फिल्म में दिखेंगे सलमान और कमल हासन



**हैदराबाद।** शाहरुख खान के साथ काम करने के बाद डायरेक्टर एटली सलमान खान के साथ काम करने की तैयारी में हैं। डायरेक्टर भाईजान के साथ एक मेगा-बजट एक्शन थ्रिलर के लिए बातचीत कर रहे हैं, जिसके निर्माता सन पिक्चर्स होंगे। मीडिया रिपोर्ट्स, के मुताबिक, एटली के आगामी प्रोजेक्ट में दो-हीरो होंगे। एटली अपनी पैन-इंडिया फिल्म के लिए तमिल फिल्म इंडस्ट्री के किसी टॉप सुपरस्टार को शामिल करेंगे। अब खबर आई है कि एटली अपनी अगली निर्देशित फिल्म के लिए सलमान खान और कमल हासन के साथ बातचीत कर रहे हैं। रिपोर्ट की मानें तो 'जवान' के डायरेक्टर पिछले कुछ महीनों से सलमान और कमल दोनों के साथ बातचीत कर रहे हैं। दोनों की ओर पॉजिटिव रिस्पॉन्स के संकेत मिल रहे हैं। दोनों स्टार्स को एटली के काम करने का अंदाज पसंद आया है। शायद यही वजह है कि दोनों इस कोलैबोरेशन के लिए एक्साइटेड हैं। हालांकि दोनों प्रोजेक्ट की पूरी कहानी सुनने के बाद ही हामी भरेंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### अवैध खनन करने पर वसूला 50 हजार जुर्माना

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** विधानसभा क्षेत्र इंदौरा में माइनिंग माफिया लगातार अवैध खनन करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है, परंतु पुलिस तथा माइनिंग विभाग भी उनकी कमर तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रहा है। आज देर रात माइनिंग ऑफिसर नूरपुर नीरज कांत के दिशा निर्देशानुसार चक्की दरिया में सूचना मिली के कुछ खनन माफिया के लोग अवैध खनन कर रहे हैं जिस पर तुरंत कार्रवाई करते हुए माइनिंग गार्ड सनी जसवाल मौके पर पहुंचे तथा देर रात उन्होंने एक जेसीबी मशीन को अवैध खनन करते हुए पाया। जबके रात के अंधेरे का फायदा उठाकर अन्य ट्रैक्टर वाले वहां से फरार होने में कामयाब हो गए मौके पर जेसीबी चालक से अवैध खनन करने पर 50 हजार रुपए का जुर्माना वसूला गया। इस मौके पर माइनिंग ऑफिसर नीरज कांत ने बताया के यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। (अनंत ज्ञान)



### राधिका ने बीएससी में हासिल किया 6वां स्थान



**पूजन भंडारी, नगरोटा बगवां।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में बीएससी अंतिम वर्ष की छात्रा राधिका धीमान ने प्रदेश भर में 6वां स्थान हासिल करके महाविद्यालय का नाम रोशन किया। गौरतलव है कि यह परीक्षा अप्रैल माह में हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित की थी। राधिका धीमान ने विज्ञान स्नातक (जीव विज्ञान ) में 800 में से 732 अंक लेकर प्रदेश भर में 6वां रैंक प्राप्त किया। राधिका के पिता विनोद धीमान और माता दीपा धीमान ने वताया कि वे दर्जी का काम करते हैं और अपनी जीविका कमाते हैं। राधिका पहली कक्षा से ही पढ़ाई में अव्वल रही है। राधिका धीमान ने बताया कि वह जीव विज्ञान में स्नातकोत्तर कर पीएचडी करके प्रोफेसर बनकर समाज को शिक्षा प्रदान करवाना चाहती है। प्राचार्य डॉ. सोनी ने समस्त प्राध्यापकों को बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

### सिलिकॉन स्कूल के सभी सदनों का प्रदर्शन शानदार

**राकेश डोगरा, डरोह।** उपमंडल धीरा के अंतर्गत सिलिकॉन मॉडल स्कूल में गायन और नृत्य में अंतर सदन प्रतिस्पर्धा आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता का आयोजन कक्षा 6वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए किया गया। जिसमें सोलो, डुएट और समूह गायन व नृत्य प्रतियोगिता शामिल थी। इस प्रतियोगिता में प्रत्येक सदन का शानदार प्रदर्शन रहा। सोलो गीत में स्पेस हाउस की वंशिका, सोलो डांस में अर्थ हाउस की मिष्टी, डुएट गायन में अर्थ हाउस की लक्षिता व सानवी, डुएट डांस में स्पेस हाउस की रिधिमा व अर्शी, ग्रुप गायन में एयर हाउस से अरमान मिश्रा व उसकी टीम और ग्रुप डांस में वाटर हाउस की अवनी व टीम विजेता रहे। प्रधानाचार्य वरुण शर्मा, अध्यक्ष सीपी ठाकुर व सचिव अमिता ठाकुर ने सभी विजेता सदनों को बधाई दी। साथ ही सभी प्रतिभागियों व हाउस इंचार्जेस की इस प्रतिस्पर्धा को कामयाब बनाने के लिए सराहना की। (अनंत ज्ञान)




### अब्दुल्लापुर में खेतों में पकड़ा सांप का जोड़ा



**आशीष दमीर, कांगड़ा।** विकास खंड कांगड़ा के तहत पड़ती पंचायत अब्दुल्लापुर में खेतों में बुधवार को एक सांप का जोड़ा पकड़ने का मामला प्रकाश में आया है। पंचायत के पूर्व प्रधान संजय कांचा ने जानकारी देते हुए बताया कि कुछ दिनों से सिंबलू टप के पास लोगों को सांप का जोड़ा दिख रहा था, जिससे की यहां लोगों को अपने खेतों में आने-जाने के लिए भय लग रहा था। पूर्व प्रधान ने बताया कि जब लोगों की समस्या का उनको पता चला तो उन्होंने लोगों के सहयोग से राजू सपेरे गगल वाले को बुलाया और उसको सारी समस्या से अवगत करवाया। सपेरे नाजर ने भी समय न बर्बाद करते हुए अपनी कार्रवाई शुरू कर दी और कड़ी मशक्कत के बाद सपेरे नाजर ने सांप का जोड़ा से वहां से पकड़ लिया। सांप के पकड़े जाने के बाद अब्दुल्लापुर पंचायत के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। (अनंत ज्ञान)

### अंडरग्राउंड डस्टबिन में गिरी गाय को बचाया



**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** धर्मशाला क्षेत्र के चीलगाड़ी में एक गाय के अंडरग्राउंड डस्टबिन में गिरने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार इसको देखकर स्थानीय लोग गाय को निकालने में जुट गए तथा सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की टीम भी मौके पर पहुंच गई। काफी मशक्कत के बाद इस गाय को रेस्क्यू कर लिया गया। वहीं, स्टेशन फायर ऑफिसर कर्म चंद कश्यप ने बताया कि गाय के अंडरग्राउंड डस्टबीन में गिरने की सूचना के तुरंत बाद फायर ब्रिगेड की टीम को मौके रवाना किया गया तथा गाय को काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू कर लिया गया। (अनंत ज्ञान)

# मतलाहड़ पंचायत के लोग नरक जैसी जिंदगी जीने को मजबूर

## गलत निर्माण कार्य के चलते रास्ता बन गया तालाब, जगह-जगह जमा हो रहा पानी

**अनिल छांगू, जवाली**

उपमंडल जवाली के अधीन ग्राम पंचायत मतलाहड़ के वार्ड नं-एक तथा दो में लोग नरक की जिंदगी बसर कर रहे हैं। ग्राम पंचायत मतलाहड़ द्वारा गांव में लाखों रुपए खर्च कर पक्का रास्ता बनाया गया है, जिसके बीच में सीवरेज बनाई गई है, लेकिन सीवरेज की लेवलिंग सही न होने के कारण पानी की निकासी नहीं होती है।

किनारों पर भी निकासी नालियां नहीं बनाई गई हैं। बारिश होने पर सारा पानी लोगों के घरों में घुस जाता है या रास्ता में तालाब का रूप धारण करके खड़ा हो जाता है। खड़े पानी से बदबू फैलती है तथा मच्छर पैदा होते हैं, जिससे संक्रमित बीमारी फैल सकती है। तालाब का रूप धारण किए हुए पानी से लोग गुजरने को मजबूर हैं। वार्ड सदस्य समन बाला, हरबंस लाल, नसीब सिंह, योगेश शर्मा, शारदा देवी, कश्मीरी देवी, मुकेश शर्मा, प्रवीना, सावित्री देवी, नीतू देवी, शिल्पा, जीवना, ममता देवी, सरिता, सत्या देवी, इंदु बाला इत्यादि ने कहा कि पंचायत द्वारा गलत तरीके से कार्य किया गया है, जिसका नुकसान लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

लोगों ने कहा कि पंचायत को कई बार अवगत करवाया गया लेकिन कोई हल न हुआ। उन्होंने कहा कि राजनीति की आड़ में हमें तंग किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि अगर हमारे रास्ते को ठीक न किया गया तो मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, पंचायती राज मंत्री, जिलाधीश कांगड़ा व एसडीएम जवाली को शिकायत की जाएगी। (अनंत ज्ञान)


रास्ते में खड़ा पानी दिखाते ग्रामीण।


पानी से भरा हुआ सीवरेज।

# बारिश ने खोली स्वच्छ भारत अभियान के दावों की पोल


बीड़ बिलिंग में कूड़े-कचरे से भरी निकासी नालियां।

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पैराग्लाइडिंग के लिए विश्व विख्यात बीड़ बिलिंग घाटी में पहली ही बरसात ने स्वच्छ भारत मिशन के दावों की पोल खोल कर रख दी है। हालात इस कदर खराब हैं कि जगह-जगह गंदगी के ढेर, बंद पड़ी निकासी नालियों से सड़ांध मारता कूड़ा-कचरा आम शहरवासियों और पर्यटकों के लिए परेशानी पैदा कर रहा है। हालांकि गले और सूखे कूड़े के निष्पादन के लिए स्थानीय पंचायत और भाषा द्वारा पर्याप्त प्रयास किए जाते रहे हैं, मगर पर्यटकों की तादाद एकाएक बढ़ने से सारे इंतजाम धरे के धरे रह गए हैं। वर्तमान में लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में सख्ती अपनाते हुए जगह-जगह कूड़ा फेंकने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई अमल में लाएं, ताकि पैराग्लाइडिंग जैसी खेलों के लिए घाटी स्वच्छता में मामले में भी अपनी चमक अंतरराष्ट्रीय पटेल पर बिखेरती रहे।

उधर, एसडीएम बैजनाथ तहसीलदार रमन ठाकुर का कहना है कि इस बारे में ठोस कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा ने थोपा उपचुनाव : पवन खेड़ा

## कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता बोले, केंद्र ने आपदा में नहीं की हिमाचल की मदद

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

हिमाचल की जनता ने पिछले विधानसभा चुनावों में बीजेपी को सबक सिखाया। इसके बाद बीजेपी जोड़तोड़ की राजनीति से बाज नहीं आई। यह बात कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा ने कही। वह बुधवार को धर्मशाला में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि हिमाचल की जनता को ऐंठ निकालना बड़ी अच्छी तरह आता है, जो उन्होंने विधानसभा चुनावों में भाजपा को सत्ता से बाहर कर दिखा दिया था, लेकिन सत्ता के लिए भाजपा ने जोड़-तोड़ की राजनीति कर प्रदेश पर उपचुनाव थोप दिए। पवन खेड़ा ने कहा कि पूरा देश समझना चाहता है कि आखिर क्यों जनता के टैक्स का पैसा खर्च कर चुनाव थोंपा जा रहा है। हिमाचल प्रदेश में पैसे की कमी है, लेकिन केंद्र की सरकार जीएसटी के पैसे का हिस्सा भी हिमाचल को जारी नहीं कर रही है।

उन्होंने कहा कि हिमाचल देश का इकलौता राज्य है,जो ओपीएस दे रहा है तथा हिमाचल की कांग्रेस सरकार को इसी की सज़ा मिल रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को अपना घर बताने वाले पीएम मोदी की केंद्र सरकार ने आपदा के समय प्रदेश की मदद नहीं की, जबकि चुनावों में वोट मांगने के लिए भाजपा के बड़े नेता हिमाचल पहुंच गए। पवन खेड़ा ने कहा कि भाजपा के राज में आए दिन पेपर लीक के मामले सामने आ रहे हैं। इससे युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ हो रहा है। (अनंत ज्ञान)


धर्मशाला में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते पवन खेड़ा।

# खनन जिला धर्मशाला में 3 दर्जन खनिज पट्टे निलंबित

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

मानसून सीजन के चलते धर्मशाला खनन जिले के करीब 3 दर्जन खनिज पट्टा क्षेत्रों को फिलहाल निलंबित कर दिया गया है। खनन विभाग के अनुसार क्रशरों तथा खुली बिक्री वाले खनिज पट्टा क्षेत्रों से लघु खनिज निकालना व्यवहारिक रूप से संभव नहीं है।

इससे क्षेत्र में कार्य करने से श्रमिकों एवं वाहनों को भी क्षति हो सकती है क्योंकि वर्षा ऋतु में अधिकांश क्षेत्र पानी में डूब जाता है। इसको ध्यान में रखते हुए, एमओईएफसीसी के रेत खनन प्रबंधन दिशानिर्देश-2016 के साथ-साथ निर्धारित पर्यावरण मंजूरी शर्तों के अनुसार खनन पट्टों का कामकाज 1 जुलाई से 15 सितंबर तक निलंबित कर दिया गया है। इसके चलते क्रशर तथा खनन लीज धारकों को निर्देश दिए गए हैं कि अपनी खनन गतिविधियों को तब तक निलंबित रखें, जब तक कि दिए गए पट्टे क्षेत्र से पानी कम न हो जाए और खनन गतिविधियों के लिए निर्धारित पर्यावरण मंजूरी शर्तों के साथ-साथ एमओईएफसीसी के टिकाऊ रेत खनन प्रबंधन दिशानिर्देश 2016 का पालन करें। बताते चलें कि खनन जिला के तहत करीब 28 क्रशर तथा 8 खुली बिक्री वाले पट्टों की लीज को निलंबित किया गया है। उधर, जिला खनन अधिकारी राजीव कालिया ने खनिज पट्टा क्षेत्रों को निलंबित किए जाने की पुष्टि की है। (अनंत ज्ञान)


जिला खनन अधिकारी राजीव कालिया

## हैप्पी बर्थडे


राख (नगरी) के आयान भारद्वाज को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सऐप नंबर 8580644502 पर भेजें।

# नशा मुक्ति केंद्रों का किया निरीक्षण

**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम 2017 के तहत जिला निरीक्षण समिति कांगड़ा मुख्य चिकित्सा अधिकारी के नेतृत्व में उपमंडल अधिकारी एवम उपमंडल पुलिस अधिकारी खंड इंदौरा के मानसिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण किया गया। इस समिति ने नशा मुक्ति केंद्रों में मानसिक रूप से पीड़ित मरीजों को दी जाने वाली सुविधा की विस्तार से जांच की और सभी नशा मुक्ति केंद्रों को निर्देश दिये कि मानसिक स्वास्थ्य निर्देशों का पालन करें और मानसिक रूप से पीड़ित मरीजों को बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बताया की नशे में ग्रसित व्यक्ति एक रोगी की तरह होता है, जिसे बहुत स्नेह एवं देखभाल की जरूरत होती है। उन्हें समय समय में इस रोग से लड़ने के लिए प्रोत्साहन की जरूरत होती है। इसीलिए मानसिक स्वास्थ्य देखभाल अधिनियम के नियमो का पालन करना अति आवश्यक हो जाता है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी, उपमंडल अधिकारी नागरिक इंदौरा सुरेंद्र ठाकुर, खंड चिकित्सा अधिकारी इंदौरा डॉ. संदीप महाजन, उपमंडल पुलिस अधिकारी नूरपुर विशाल वर्मा, डॉ. वरुण, मुख्य फार्मेसी अधिकारी सुरजीत सिंह, सिविल अस्पताल इंदौरा व पुलिस अधिकारी भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# 4000 रुपए की रिश्वत लेने के आरोप में पटवारी अरेस्ट

**अशोक ठाकुर, पठानकोट**

पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अपने अभियान के दौरान बुधवार को राजस्व हलका दौलतपुर जिला पठानकोट में तैनात पटवारी अक्षदीप सिंह को 4,000 रुपए की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। राज्य विजिलेंस विभाग के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने आज यहां यह खुलासा करते हुए कहा कि उपरोक्त पटवारी को गांव ढक्की, जिला पठानकोट के निवासी जगजीत सिंह की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है।

उन्होंने आगे बताया कि शिकायतकर्ता ने वीबी से संपर्क किया है और अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उक्त आरोपी ने उसकी पैतृक जमीन के म्यूटेशन के लिए 4,000 रुपएकी मांग की थी। इस शिकायत की प्रारंभिक जांच के बाद वीबी टीम ने जाल बिछाया और आरोपी को दो आधिकारिक गवाहों की उपस्थिति में शिकायतकर्ता से 4,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। प्रवक्ता ने बताया कि इस संबंध में उक्त आरोपी के खिलाफ वीबी पुलिस स्टेशन अमृतसर रेंज में भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि आरोपी को आज सक्षम अदालत में पेश किया जाएगा और इस मामले में आगे की जांच जारी है। कहा कि आरोपी विजिलेंस हिरासत में है। (अनंत ज्ञान)


पंजाब विजिलेंस ब्यूरो की ओर से रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया पटवारी।

# डिपुओं में नहीं मिल रहा सस्ता राशन

## बैजनाथ में इस महीने आधे से ज्यादा राशन डिपुओं में नहीं मिला आटे का कोटा

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

तमाम सरकारी दावों के बावजूद लोगों को राशन डिपुओ में सस्ता राशन उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र में उपभोक्ताओं को मिलने वाले आटे के कोटे में कटौती की वजह से कई डिपुओ में आटा नहीं मिल रहा है। जुलाई महीने में आधे से ज्यादा डिपुओं में कहीं एपीएल, कहीं बीपीएल तो कहीं एनएफएसए कार्ड धारकों को आटा नहीं मिला है। कहने को तो सरकारी आदेशों के मुताबिक 14 किलो आटा 9.30 रुपए प्रति किलो प्रति राशन कार्ड प्रत्येक वर्ग के कार्ड धारकों को दिया जाना सुनिश्चित किया गया है, लेकिन कोटे में कटौती की वजह से कहीं 10 तो कहीं 11 किलो आटा दिया गया। कई डिपो तो ऐसे हैं, जहां विभाग द्वारा आटे की खेप भेजी ही नहीं गई। उपभोक्ताओं को पिछले महीने चीनी का कोटा भी नहीं मिला है।

जानकारी के मुताबिक करीब 3500 क्विंटल आटे की खेप बैजनाथ क्षेत्र को भेजी जाती है, मगर जुलाई महीने में 500 क्विंटल कम मात्रा भेजी गई। उपभोक्ताओं का कहना है कि उन्हें महंगे दामों पर खुले बाजार से आटा खरीदना पड़ रहा है।

उधर, जिला खाद्य नियंत्रक अधिकारी पुरुषोत्तम सिंह ने मान कि कुछ एक डिपुओं में आटे की खेप नहीं गई है। अगस्त महीने में उन्हें दोगुनी खेप दी जाएगी। उन्होंने कहा कि एपीएल कार्ड धारकों को 14 किलो आटा प्रतिमाह सुनिश्चित किया गया है, जबकि अन्य वर्गों को उनके कोटे के हिसाब से पर्याप्त आटा उपलब्ध करवाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)



### गगल एयरपोर्ट पर की गई मॉकड्रिल

**अनंत ज्ञान, गगल।** बुधवार शाम गगल एयरपोर्ट पर उस समय अफरा तफरी मच गई जब एयरपोर्ट पर निदेशक धीरेंद्र सिंह को एक विमान पायलट ने सूचना दी कि उसका विमान आदमपुर से शिमला जा रहा था कि उग्रवादियों ने उसे हाईजैक कर लिया गया है और उसमें सवार आंतकवादी अपने साथियों की जेल से रिहाई की मांग कर रहे हैं। इस पर पायलट ने सूझबूझ का परिचय देते हुए उन्हें कहा कि हमें पहले एयरपोर्ट पर ईंधन भरवाना पड़ेगा, जिस पर सूचना मिलते ही एयरपोर्ट डायरेक्टर ने पूरे हवाई अड्डे पर अलर्ट जारी कर दिया और सुरक्षा वालों ने विमान के लैंड करते ही आतंकवादियों को पकड़ लिया। यह एक मॉकड्रिल थी।


**कार्यालय ग्राम पंचायत राख**
**विकास खंड पालमपुर , जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत राख विकास खंड पालमपुर, जिला कांगड़ा हि.प्र. वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कूड़ादानों की खरीद हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिसका विवरण निम्न प्रकार है।

1. कूड़ादान प्रति रूपए 2. पार्क हेतु सामान खरीदने सप्लायर के पास अपना जीएसटी नंबर होना अनिवार्य है। निविदा कम दामों वाले निविदादाता की स्वीकृत की जाएगी। निविदाएं दिनांक 09.07.2024 तक ही स्वीकृत की जाएंगी और 10.07.2024 को पंचायत बैठक में निविदा खोली जाएगी। पंचायत के पास निविदा रद्द करने का पूर्ण अधिकार होगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत राख**
**विकास खंड पालमपुर , जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**



**कार्यालय ग्राम पंचायत देवी**
**विकास खंड सुलह , जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत में वित्तीय वर्ष 2024-25 में पंचायत के विकास कार्यों हेतु अलग-अलग सामग्री सप्लाई करने बारे निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं सामग्री का विवरण निम्नलिखित है:-

1 रेत क्रशर व पलस्तर प्रति वर्ग फुट, 2. बजरी क्रशर 10,20,40 व 63 एमएम प्रति वर्ग फुट, 3. सोलिंग स्टोन प्रति वर्ग फुट, 4. तोड़ा पत्थर प्रति पत्थर, 5. पक्की ईंट प्रति ईंट, 6. सीमेंट ढुलाई प्रति बैग थुरल से समस्त बार्ड रोड़ तक, 7. शटरिंग लोहा व लकड़ी प्रति वर्ग फुट, 8. मिक्सर प्रति दिन

**नियम व शर्तें:-** 1. आपूर्तिकर्ता के पास जीएसटी/टिन नंबर होना अनिवार्य है। 2. बिना जीएसटी नंबर की निविदा को बिना कोई सूचना दिए रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा । 3. रेत बजरी के साथ एम फार्म अनिवार्य है। 4. निविदा बंद लिफाफे में पंजीकृत डाक द्वारा या स्वयं कार्यालय पंचायत सामुदायिक केंद्र में दिनांक 09.07.2024 तक किसी भी कार्य दिवस में शाम 5.00 बजे तक पहुंच जानी चाहिए। 5. निविदाएं दिनांक 10.07.2024 को प्रातः 11.00 बजे तकनीकी कर्मचारी व पंचायत पदाधिकारियों के सामने खोली जाएंगी। 6. निविदाकर्ता को पंचायत द्वारा निविदाएं खुलने की अलग से सूचना नहीं दी जाएगी। 7. सामग्री की आपूर्ति हेतु टेलीफोन के माध्यम से बताया जाएगा। 8. तीन दिन तक आपूर्ति न करने पर निविदाएं रद्द करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास होगा। 9. निविदा की दर बरावर होने की स्थिति में अंतिम फैसला ग्राम पंचायत का मान्य होगा। 10. लिफाफे पर निविदा शब्द लिखा जाना अति अनिवार्य है।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत देवी**
**विकास खंड सुलह , जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**





## न्यूज ब्रीफ

### स्ट्रांग रूम में रखीं ईवीएम-वीवीपैट : डीसी

**रवि ठाकुर, हमीरपुर।** हमीरपुर डीसी अमरजीत सिंह ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के उपचुनाव में प्रयोग की जाने वाली ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग यानी इन्हें निर्वाचन के लिए तैयार करने की प्रक्रिया पूर्ण कर ली गई है और कमीशनिंग के बाद इन्हें वापस स्ट्रांग रूम में रख दिया गया है। उन्होंने बताया कि स्ट्रांग रूम को खोलने और कमीशनिंग के बाद इसे सील करने की पूरी प्रक्रिया सभी उम्मीदवारों या उनके आधिकारिक एजेंटों की उपस्थिति में पूर्ण की गई। एसडीएम मनीष कुमार सोनी ने बताया कि ईवीएम-वीवीपैट की कमीशनिंग प्रक्रिया मंगलवार सुबह ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल के कमरा नंबर 308 में आरंभ की गई और इसे देर रात तक पूर्ण कर लिया गया। इस दौरान सभी उम्मीदवार या उनके आधिकारिक प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)



### जयराम ठाकुर आज हमीरपुर में करेंगे नुक्कड़ सभाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर आज हमीरपुर में चुनाव प्रचार करेंगे। भाजपा मंडल मीडिया प्रभारी विक्रांत भारद्वाज ने बताया कि 4 जुलाई को सुबह 10 बजे हमीरपुर के सासन के झनियारी देवी में, 11 बजे नाल्टी सेक्टर के धनेड में, 2.30 बजे बमसन सेक्टर के बलोह में और 4 बजे मेवा सेक्टर के डीडवीं टिककर में नुक्कड़ जनसभाओं को संबोधित करेंगे।

### 10 तक बिजली बिल जमा करवाएं उपभोक्ता

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल लंबलू के अंतर्गत आने वाले विभिन्न क्षेत्रों के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 10 जुलाई तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने कहा कि उपमंडल के जिन विद्युत उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 10 जुलाई तक उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### रंगस में आज बिजली बंद रहेगी

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** नादौन के 33 केवी विद्युत सब स्टेशन रंगस के अंतर्गत आने वाले 11 केवी कांगू दंगड़ी फीडर पर पेड़ों की काट-छांट के लिए नोहंगी, रोहाल, तरकेड़ी, बरोटी, कोठी, चिलवाहल, दंगड़ी आदि क्षेत्रों में बिजली 4 जुलाई को सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी। एसडीओ संदीप सांगल ने बताया कि यदि किसी कारणवश इस दिन मौसम खराब रहता है तो यह कार्य 5 जुलाई को किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### चिट्टा रखने के दोषी को एक साल का कारावास

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** एलडी अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश हमीरपुर सचिन रघु ने आरोपी व्यक्ति सुशांत कौशल पुत्र सतीश कौशल निवासी बधानी, डाकघर बधानी, पुलिस स्टेशन भोरंज के तहत चिटटा रखने के आरोप में दोषी ठहराया है। भोरंज पुलिस ने एनडीपीएस की धारा 21 के तहत 29 मई 2020 को लगभग 3.10 बजे जमीयत श्मशानघाट पर आरोपी सुशांत कौशल से पाउडर के रूप में 5.6 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया था। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 के तहत 29 मई 2020 पुलिस स्टेशन भोरंज में एफआईआर दर्ज की गई थी। मामले की सुनवाई हिमाचल प्रदेश राज्य की ओर से उप जिला अटॉर्नी राहुल चोपड़ा द्वारा की गई और आरोपियों के खिलाफ आरोपों को साबित करने के लिए 13 गवाहों की जांच की गई। निष्कर्ष पर और मामले की सुनवाई के बाद, एलडी कोर्ट ने एनडीपीएस अधिनियम की धारा 21 के तहत दंडनीय अपराध के लिए आरोपी सुशांत कौशल को दोषी ठहराया है, जिसके तहत एक वर्ष की जेल और 10 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना अदा न करने पर 3 माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा।

### 15 तक जमा करवाएं बिजली बिल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल-2 हमीरपुर के उपभोक्ताओं को बिजली के बिल जमा करवाने के लिए 15 जुलाई तक का समय दिया गया है। सहायक अभियंता सौरभ राय ने कहा कि उपमंडल के जिन उपभोक्ताओं ने अभी तक अपने बिलों का भुगतान नहीं किया है, वे इनका भुगतान 15 जुलाई तक उपमंडल कार्यालय के काउंटर पर या ऑनलाइन माध्यम से कर दें। उन्होंने बताया कि इस तिथि तक बिल जमा न करवाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन पूर्व सूचना के बगैर ही काट दिए जाएंगे। सहायक अभियंता ने उपमंडल के सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### होम वोटिंग : 102 वर्षीय दुरमी देवी ने डाला वोट



**अनिल कुमार, हमीरपुर।** चुनाव आयोग द्वारा 85 वर्ष से अधिक बुजुर्गों और दिव्यांगों को घर पर ही वोट डालने की सुविधा प्रदान की है। जिसके तहत पिछले तीन-चार दिनों से टीमें घर-घर जाकर बुजुर्गों और दिव्यांगों होम वोटिंग करवा रही है। होम वोटिंग के दौरान बुधवार को गांव मझोट में 102 वर्षीय दुरमी देवी ने पूरी प्रक्रिया के साथ अपने मत का प्रयोग किया। दुरमी के परिजनों ने बताया कि दुरमी देवी की सूझ-बूझ, बोलना सब कुछ ठीक है ,लेकिन घुटनों में दर्द होने की वजह से चल फिर नहीं सकती। एसडीएम एवं हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने बताया कि जिन मतदाताओं ने घर से ही मतदान करने के लिए फार्म 12-डी के माध्यम से आवेदन किया था। उन्हें घर पर ही वोट डालने की सुविधा प्रदान की जा रही है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में होम वोटिंग की प्रक्रिया अभी जारी है। (अनंत ज्ञान)

### बारिश के बाद मक्की बीजने में जुटे किसान

**संजीव चौहान, टौणीदेवी।** हमीरपुर जिला के बमसन क्षेत्र में हुई व्यापक बारिश के बाद अब किसान खेतों में मक्की की बिजाई करने में जुट गए हैं। खेतों में मक्की की बिजाई शुरू हो गई है। इस बार किसानों का रुझान चरी और बाजरा की तरफ भी बड़ा है। अकेले सहकारी सभा बारी के तहत 11 क्विंटल चरी तथा 6 क्विंटल बाजरे का बीज किसानों ने बीजने के लिए खरीदा है। बेशक इस बार इलाके में देरी से बारिश होने से किसान मायूस थे, लेकिन मानसून की बारिश ने अब खेतों में नमी ला दी है। किसान हेमराज, सुरजीत, हरबंस, जयराज आदि के मुताबिक हाल ही में हुई बारिश ने मक्की, चरी और बाजरे की बिजाई के अनूकूल नमी बना दी है। वहीं, पिछले कुछ दिन से ठप चल रही मक्की के बीज की बिक्री भी दोबारा से शुरू हो गई है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार बीते दिनों हुई बारिश मक्की की बिजाई के लिए अनुकूल है। (अनंत ज्ञान)

## हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र में होने वाले उपचुनाव की फिजां

# अजीब सी खामोशी के बीच सीएम की 'हुंकार'

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

अजीब सी खामोशी के बीच हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव में लगातार दो दिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुखों की 'हुंकार' भरी जनसभाएं कांग्रेसियों की 'एकता' को मजबूती प्रदान कर गई हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर भाजपा का 'कुनबा' भी असर दिख रहा है। भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा के पास संगठन आत्मक ढांचे का मजबूत रूप मौजूद है तो दूसरी तरफ कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा के लिए मुख्यमंत्री सुक्खू की सरकार और उनके गृह जिला मजबूती दे रहा है। वीरवार को पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर भी हमीरपुर के एक दिन दौरे पर आ रहे हैं, लेकिन अब चुनाव के निर्णायक माहौल में जा रहे इस विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में दोनों ही प्रत्याशियों ने सिर धड़ की बाजी अपने-अपने तरीके से पूरी ताकत के साथ लगा दी है। मुख्यमंत्री 6 और 7 जुलाई को थोड़े-थोड़े समय के लिए फिर से आएंगे, लेकिन भाजपा के भीतर भी यहां बड़े नेताओं की कोई कमी नहीं है। पूर्व केंद्रीय मंत्री और हमीरपुर के सांसद अनुराग ठाकुर की अंतिम दिनों में बनने वाली मौजूदगी भाजपा की उम्मीदों को किस करवट बैठाएगी? इसकी इंतजार भी खूब हो रही है। (अनंत ज्ञान)



कांग्रेस प्रत्याशी डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा।



भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा।

### उपचुनाव में खास मायने रखेंगे ब्राह्मण वोट

**जातीय** समीकरण भी हमीरपुर उपचुनाव में खास मायने रखेंगे ब्राह्मण वोटों की तादाद यहां ज्यादा है, इसलिए भाजपा की भीतरी व्यवस्था में किसका असर कितना रहेगा? क्या कांग्रेस भाजपा के भीतर की स्थिति का कोई फायदा उठा पाएगी। यह सारी चीजें इस उपचुनाव में अच्छी खासी चर्चा में हैं। चुनाव का नतीजा इन्हीं चीजों पर टिका हुआ है।

### भितरघात का डर इधर भी और उधर भी

**परंपरागत** रूप से भाजपा के प्रभाव वाली हमीरपुर सीट उलट-फेर का भी पूरा दम भरती है, लेकिन संगठनात्मक ढांचे के रूप में भाजपा का काडर यहां विशेष प्रभाव रखता है। पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा और कांग्रेस दोनों को पछाड़कर आशीष शर्मा निर्दलीय रूप में जीते थे। तब परिस्थितियां अलग थीं। इस बार 18 महीनों के बाद फिर उपचुनाव हो रहा है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है, इसलिए इस चुनाव के मायने भी अलग हैं। चुनावी माहौल में जनबल-धनबल की ही चर्चा हो रही है। आरोपों-प्रत्यारोपों का जिस बड़े स्तर पर हवाला दिया जा रहा है। उनमें दम कितना है? इसका एहसास जनता के बीच में कितना फिट बैठ रहा है, इसका पता नतीजे आने के बाद ही चलेगा, लेकिन जो भी हो भाजपा इसका जवाब अपने हिसाब से दे रही है। कांग्रेस के नेता अपने तरीके से मुद्दों को भुनाने में लगे हुए हैं।असल समस्या भीतरघात की है। भाजपा के काडर में हाल ही में हुए छह विधानसभा उपचुनावों में जो कुछ देखा गया, वैसी स्थिति इस बार भी होगी, ऐसा अनुमान ठीक से लगा पाना, अभी बेमानी होगा, लेकिन इसका असर तो कहीं न कहीं दिख रहा है कांग्रेस के भीतर भी टिकट नहीं जिन्हें मिल पाया उनका प्रभाव कितना असर दिखा पाएगा? इस पर भी चर्चा तो हो ही रही है।

## प्रदेश में शूटरों का बोलबाला सरेआम चल रही गोलियां : धर्माणी

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता एवं हमीरपुर विधानसभा क्षेत्र के मेवा सेक्टर के सहप्रभारी महेंदर धर्माणी ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली सरकार पर तीखा हमला बोला है। धर्माणी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री अपनी कुर्सी बचाने में मशगूल हैं, जबकि प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अपराधियों का बोलबाला है और सरेआम गोलियां चलाने की घटनाएं आम हो गई हैं।



धर्माणी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री केवल राजनीतिक लाभ और अपनी कुर्सी को सुरक्षित रखने के लिए काम कर रहे हैं, जबकि जनता की सुरक्षा और प्रदेश की कानून व्यवस्था को अनदेखा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को केवल अपनी कुर्सी बचाने की चिंता है, और इस कारण प्रदेश में अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। समाज और अपराधी तत्वों द्वारा सरेआम गोलियां चलाने, हथियार दिखाने और जनता को डराने-धमकाने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। धर्माणी ने बिलासपुर, बद्दी, और कुल्लू का हवाला देते हुए कहा कि इन क्षेत्रों में स्थिति बहुत गंभीर हो गई है, जहां असमाजिक और आपराधिक तत्व सरेआम कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर तरफ माफिया का राज है। अपराधियों को कानून का कोई डर नहीं है, और ऐसा प्रतीत होता है पुलिस प्रशासन भी सरकार के दबाव में पंगु हो चुका है। भाजपा प्रवक्ता ने मुख्यमंत्री पर यह आरोप भी लगाया कि उन्होंने अपनी संवैधानिक जिम्मेदारियों को निभाने में पूरी तरह से विफलता दिखाई है। जनता की जान-माल की सुरक्षा में सरकार असफल हो रही है। (अनंत ज्ञान)

## जीवन में सेवाभाव होना बहुत ही जरूरी : आईपीएस सचिन

**राज कुमार, रंगस**



जीवन में सेवाभाव होना बहुत ही जरूरी है। जीवन में अष्टांग योग के माध्यम से स्वयं सेवी हर एक कार्य को आसानी से कर सकते हैं। यह बात बड़सर के आईपीएस सचिन हार्यमथ ने हिम गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल भालत में चल रहे एनएसएस शिविर के समापन अवसर पर बतौर मुख्यातिथि शिरक्त करते हुए स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि एनएसएस के स्वयंसेवक खुद से पहले देश की सेवा के लिए तत्पर रहते हैं। स्वयंसेवक खुद का ही नहीं, बल्कि देश का भविष्य बनाते हैं। स्कूल के प्रिंसिपल राजेंद्र कुमार ने बताया कि सात दिनों तक तक चलने वाले इस शिविर में बच्चों को स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि से संबंधित विभिन्न प्रकार की जानकारियां दी गईं। स्वयंसेवियों ने रोड क्लीनिंग, पेयजल स्रोत की सफाई व स्कूल कैंपस की सफाई की। समारोह में स्वयंसेवियों ने पहाड़ी नाटी, पंजाबी नाटी, संगीत और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। (अनंत ज्ञान)

## भोरंज के एसडीएम बने गरीब असहाय संस्था के आजीवन सदस्य

**बाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप गरीब असहाय सहायता संस्था भरेड़ी के आजीवन सहयोगी सदस्य बने हैं। उन्होंने संस्था को 11000 रूपए देकर संस्था की सदस्य ग्रहण की है। भोरंज उपमंडल की गरीब असहाय सहायता संस्था भरेड़ी के संस्थापक डॉ. पीसी सैनी ने बताया कि संस्था के साथ प्रशासनिक अधिकारी लंबे समय के लिए जुड़ रहे हैं। इससे संस्था के सदस्यों को मनोबल बढ़ा है।



उन्होंने कहा कि संस्था ने 21 वर्षों में करीब 65 लाख रुपए गरीब परिवारों के लिए बांटें हैं। इस अवसर पर 90 वर्षीय तारा चंद को उनके अनुकरणीय सहयोग के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## राजेंद्र राणा ने मुख्यमंत्री सुक्खू पर दागे सवाल

### पारदर्शी प्रक्रिया की बजाय क्या हिमाचल में ठेकों के आवंटन में मुख्यमंत्री की मंजूरी जरूरी

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू प्रतिदिन नए-नए आरोप लगाकर जनता को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं, लेकिन झूठ की हांडी बार-बार नहीं चढ़ती। बुधवार को यहां जारी एक बयान में राजेंद्र राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने हमीरपुर उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा पर आरोप लगाया है कि 14 महीनों में उन्होंने 135 करोड रुपए के ठेके लिए हैं। मुख्यमंत्री के इस बयान से यह जाहिर होता है कि हिमाचल में ठेकों के आवंटन में कोई पारदर्शी प्रक्रिया नहीं होती, बल्कि मुख्यमंत्री खुद ठेके अलाट करते हैं।

राजेंद्र राणा ने कहा कि लोक निर्माण विभाग में ठेकों के टेंडर लेने की ऑनलाइन प्रक्रिया है और इस प्रक्रिया में कोई भी शामिल हो सकता है। मुख्यमंत्री द्वारा आशीष शर्मा पर टेंडर मांगने के आरोप लगाना हास्यास्पद है और इस तरह के बयानों का यह अर्थ निकलता है कि मुख्यमंत्री का काम ठेकों का आवंटन करना रह गया है।

**हमीरपुर जिले के विकास के लिए क्या शुभ मुहूर्त नहीं निकलवा पाए थे सुक्खू**



विकास कार्यों से उनका कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अब चुनावी घड़ी में यह कह रहे हैं कि हमीरपुर को विकास के मामले में अव्वल बनाया जाएगा, लेकिन उन्हें यह बताना चाहिए कि पिछले 15 माह के दौरान किस ज्योतिषी ने उन्हें विकास कार्यों के शुभ मुहूर्त के लिए रोक रखा था जो अब चुनावी आचार संहिता के बीच मुख्यमंत्री जिला को विकास के तोहफे देने की बात कह रहे हैं।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री झूठे वादे करके और मनगढ़ंत आरोप लगाकर जनता को गुमराह नहीं कर सकते। उन्होंने तंज करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री झूठी रिश्तेदारियां निकालने में माहिर हैं और उनकी सरकार सिर्फ मित्रों और परिवार की सरकार बन कर रह गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जनता को डरा धमका कर वोट हासिल नहीं कर सकते। (अनंत ज्ञान)

## एनसीसी कैडेट्स को आपदा में सावधानियां बरतने के दिए टिप्स

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

1-एचपी नेवल यूनिट एनसीसी बिलासपुर की ओर से एनआईटी हमीरपुर में सीनियर विंग का दस दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 192 का चौथा दिन कैडेट्स ने योग और शारीरिक प्रशिक्षण सत्र के साथ शुरू किया। कमांडिंग ऑफिसर कमांडर डॉ. देबाशीश गुहा ने बताया कि चौथे दिन कैडेट्स में से नौ सैनिक कैंप और रिपब्लिक डे कैंप के लिए चयन किया गया। चयन प्रक्रिया में विभिन्न प्रकार के मापदंडों को अपना कर ग्रुप हेडक्वार्टर के लिए टीम तैयार की गई। इसके उपरांत एनसीसी कैडेट्स को आपदा के समय में सावधानियों को लेकर जागरूक किया गया।



एनसीसी कैडेट्स को आपदा के समय में सावधानियों को लेकर किया जागरूक।

इस मौके पर कमांडिंग ऑफिसर ने कहा कि एनसीसी एक वालंटियर संगठन है। ऐसी आपदाओं के आने पर संगठन अपना अहम रोल अदा करता है, इसलिए एनसीसी कैडेट्स को आपदा के बारे में ज्ञान होना अनिवार्य है। इसकी बारीकियों की जानकारी होना अति आवश्यक है। एनसीसी कैडेट्स को आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षित होना चाहिए, ताकि वह आवश्यकता पड़ने पर खुद की व अपने समाज की रक्षा कर सकें।

इसके अलावा सब लेफ्टिनेंट सुरेश ने भी कैडेट्स को कहा कि मानव निर्मित आपदाओं को तो काफी हद तक रोका जा सकता है, लेकिन प्राकृतिक आपदाओं को रोकना असंभव होता है, इसलिए प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान को अपनी सूझ-बूझ और विशेष जानकारी की वजह से कम किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

## हिंदू व हिंदुस्तान से अनभिज्ञ है राहुल गांधी : कपिल मोहन



गांधी चौक हमीरपुर में प्रदर्शन करते हुए।

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा लोकसभा के अंदर हिंदुओं को हिंसक कहने पर भाजपा युवा मोर्चा ने कड़ी आपत्ति दर्ज की है। राहुल की टिप्पणी पर मोर्चा की जिला इकाई ने यहां गांधी चौक पर जिला अध्यक्ष कपिल मोहन शामा की अगवाई में अक्रामक विरोध-प्रदर्शन दर्ज किया।

इस मौके पर भाजयुमो के प्रदेश महामंत्री सनी शुक्ला मौजूद रहे। भाजयुमो प्रदेश सचिव जगदीप शर्मा ने भाजयुमो कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी लंबे समय से लोकसभा सदस्य हैं, परंतु उन में परिपक्वता की भारी कमी है। वह न कांग्रेस के प्रति जिम्मेदार रवैया अपना पाते हैं ना ही राष्ट्र के प्रति। जिला अध्यक्ष कपिल मोहन शामा ने कहा कि राहुल गांधी को न भारत की जानकारी है न भारतीयता की, वे न तो हिंदू शब्द के महत्व को समझते हैं न ही हिंदुस्तान को समझ पाए हैं। उन्होंने लोकसभा के अंदर हिंदुओं को हिंसक कहकर पूरे देश का अपमान किया है, उन्हें इस वक्त अव्यय पर देश से माफी मांगनी चाहिए। (अनंत ज्ञान)

## अरुण को सिटीजन काउंसिल ने दी एक लाख की आर्थिक सहायता

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

सीनियर सिटीजन काउंसिल ने उपमंडल बड़सर के गांव घंगोट के अरुण सोनी पुत्र प्रेम सिंह मस्कुलर डिस्ट्राफी बीमारी से पीड़ित है। जिसका इलाज पिछले कुछ वर्षों से पीजीआई चंडीगढ़, शिमला व सोलन अस्पताल में चल रहा है। इस बीमारी का इलाज काफी महंगा है जिसके लिए उसके पिता अपनी जमा पूंजी तक लगा चुके हैं। काउंसिल के प्रधान विजय कुमार पुरी ने बताया कि अरुण के इलाज के लिए संस्था ने एक लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी है। उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे गरीब व असहाय लोगों की मदद करने के लिए संस्था तत्पर है। अरुण के पिता ने बताया कि इलाज के लिए अभी भी आर्थिक मदद की दरकार है, इसलिए मेरे गूगल पे नंबर 9817850410 पर भी राशि भेजकर आर्थिक मदद कर सकते हैं।



अरुण के पिता को एक लाख रुपए का चेक देते सीनियर सिटीजन काउंसिल के प्रधान व अन्य।

## गांव डोडरू विकास के नाम पर राजनीति का शिकार

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा**

नादौन विधानसभा क्षेत्र की सीमा के साथ सटा ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र की पंचायत सिल्ह के अंतर्गत पड़ने वाला गांव डोडरू विकास के नाम पर राजनीति का इस तरह से शिकार है कि राजनेताओं ने चुनावों के दौरान इस गांव के वाशिंदों को लुभावने सजाबाग तो काफी दिखाए, लेकिन इस गांव के लोगों की पीड़ा को न तो आज दिन तक किसी राजनेता न समझा और न ही उनके द्वारा चुनावों के समय की गई घोषणाओं को आज दिन तक किसी राजनेता ने सकारात्मक रूप दिया।

आलम इस कद्र है कि पंचायत सिल्ह के 50 से अधिक घरों वाले इस गांव में जहां लगभग 250 के करीब मतदाता रहते हैं बरसात के मौसम में काला पानी जैसा जीवन जीने पर विवश हैं। डोडरू वासियों ने 'अनंत ज्ञान' से बातचीत करते हुए बताया कि उनके गांव में न कोई हेल्थ सेंटर है न ही कोई सब डिपो जहां बह अपने स्वास्थ्य की जांच करवा सके। गांव के लिए जो कच्ची सड़क जाती है वह भी भारी बरसात के मौसम के कारण बंद हो जाती है और गांव चारों तरफ से कट जाता है। गांववासियों ने प्रदेश सरकार से मांग की है उनकी सारी समस्याओं का निवारण हो जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## राशन घोटाले में शामिल कर्मचारियों का शैक्षणिक संस्थानों में तबादला

**एसके ठाकुर बिझड़ी।** बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में हुए राशन घोटाले के बाद अजय कुमार, कनिष्ठ सहायक को मंदिर दियोटसिद्ध से हटाकर न्यास द्वारा संचालित बाबा बालक नाथ बरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चकमोह में तैनात किया गया है। इसके अतिरिक्त पवन कुमार, कैंटीन हैल्पर को हटाकर न्यास द्वारा संचालित बाबा बालक नाथ संस्कृत महाविद्यालय चकमोह में तैनात किया गया है। बता दें कि राशन घोटाले के बाद बाबा बालक नाथ मंदिर न्यास मैं हड़कंप मचा हुआ है। जांच के बाद ही पता चलेगा कि इस तरह की गतिविधियां आस्था के केंद्र बाबा बालक नाथ मंदिर में कितने समय से चल रही थी। (अनंत ज्ञान)

## मुख्यमंत्री निराधार आरोपों के प्रमाण दें अन्यथा माफी मांगें : रणधीर शर्मा

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर उपचुनाव के प्रभारी और विधायक रणधीर शर्मा ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने मुख्यमंत्री से भाजपा के प्रत्याशी आशीष शर्मा पर लगाए गए सभी आरोपों के प्रमाण पेश करने की मांग की है। अन्यथा, सार्वजनिक रूप से माफी मांगें।



रणधीर ने मुख्यमंत्री पर स्पष्ट आरोप लगाते हुए कहा कि वह झूठे बयान देकर जनता को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री के पास आशीष शर्मा के खिलाफ लगाए गए आरोपों को सिद्ध करने के लिए कोई ठोस प्रमाण नहीं हैं। यह केवल आशीष की छवि को धूमिल करने का एक असफल प्रयास है, जो उपचुनावों के दौरान हमीरपुर की जनता को गुमराह करने के उद्देश्य से किया जा रहा है।

रणधीर ने कहा कि मुख्यमंत्री ने शर्मा पर जो भी आरोप लगाए हैं, वे सभी निराधार हैं। मुख्यमंत्री के इस कृत्य की कड़ी निंदा की जानी चाहिए। उनके पास अपने आरोपों का समर्थन करने के लिए कोई तथ्य नहीं हैं, जो साबित करता है कि यह मात्र एक राजनीतिक हथकंडा है। मुख्यमंत्री को आशीष पर लगाए गए आरोपों के लिए कोई साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहिए या सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए। मुख्यमंत्री का यह प्रयास न केवल असफल होगा, बल्कि यह उनके प्रति जनता के विश्वास को भी प्रभावित करेगा। (अनंत ज्ञान)

**शेड्यूल**

### होम वोटिंग में अभी तक 670 में से 654 मतदाताओं ने किया मत का प्रयोग

# मतदान ड्यूटी में तैनात कर्मचारी 8-9 को डालेंगे वोट

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

विधानसभा हमीरपुर उपचुनाव को लेकर होम वोटिंग प्रक्रिया लगभग समाप्त होने वाली है, अभी तक 670 में से 654 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर चुके हैं। जो भी बुजुर्ग या दिव्यांग मतदाता बचे उनका मतदान करवाने के लिए घर-घर टीमें जा रही हैं। उपचुनाव में मतदान करवाने के लिए लगाए अधिकारी व कर्मचारी भी अपने मत का प्रयोग करेंगे इसके लिए एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के निर्वाचन अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने तिथियां निर्धारित कर दी हैं।

उन्होंने बताया कि क्षेत्र के सभी 94 मतदान केंद्रों पर तैनात होने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी 8 और 9 जुलाई को पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे। 8 जुलाई को इन अधिकारियों-कर्मचारियों के आखिरी पूर्वाभ्यास के दौरान बहुतकनीकी कालेज बड़ू के ड्राइंग हॉल में फेसिलिटेशन सेंटर स्थापित किया जाएगा। इस सेंटर पर दोपहर बाद 3 बजे से लेकर 5 बजे तक मतदान कर सकेंगे। इसके अलावा 9 जुलाई को मतदान केंद्रों के लिए रवाना होने से पहले मतदान के लिए ब्वॉयज सीनियर सेकेंडरी स्कूल हमीरपुर के कमरा नंबर 113 में फेसिलिटेशन सेंटर स्थापित किया जाएगा, जहां सुबह 9 से दोपहर 12 बजे तक मतदान किया जा सकेगा।

निर्वाचन अधिकारी ने सभी उम्मीदवारों से आग्रह किया है कि वे 8 और 9 जुलाई को फेसिलिटेशन सेंटरों पर होने वाले मतदान के लिए अपने-अपने एजेंटों की नियुक्ति कर दें। उन्होंने कहा कि इन एजेंटों के पास भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार सभी आवश्यक दस्तावेज होने चाहिए। (अनंत ज्ञान)

### पुलिस, होमगार्ड व अन्य की वोटिंग 7 से

**निर्वाचन** अधिकारी मनीष कुमार सोनी ने बताया कि चुनाव ड्यूटी पर तैनात होने वाले पुलिस कर्मचारियों, होमगार्ड, एचआरटीसी के ड्राइवरों एवं कंडक्टरों, वीडियोग्राफरों को अपने मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर प्रदान किया जा रहा है। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इन कर्मचारियों के लिए एसडीएम कार्यालय परिसर के कोर्ट रूम में फेसिलिटेशन सेंटर स्थापित किया जाएगा, जहां 7, 8 और 9 जुलाई को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक मतदान किया जा सकेगा। निर्वाचन अधिकारी ने सभी उम्मीदवारों से आग्रह किया है कि वे 7, 8 और 9 जुलाई को उक्त फेसिलिटेशन सेंटर पर होने वाले मतदान के लिए अपने-अपने एजेंटों की नियुक्ति कर दें।

## न्यूज ब्रीफ

### वन अधिकार अधिनियम बारे बैठक आयोजित


जिला स्तरीय वन अधिकार अधिनियम की बैठक में मौजूद अधिकारी।

**एमएम डैनियल, चंबा।** जिला मुख्यालय चंबा में वन अधिकार अधिनियम 2006 से संबंधित जिला स्तरीय कमेटी की बैठक आयोजित की गई। उपायुक्त मुकेश रेपसवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में जिला चंबा में वन अधिकार अधिनियम से संबंधित मामलों को लागू करने के संदर्भ में विभिन्न कानूनी पहलुओं बारे विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर उपायुक्त ने बताया कि 7 जुलाई को जिला चंबा की सभी ग्राम पंचायत में होने वाली ग्राम सभाओं की बैठक में संबंधित ग्राम पंचायत के अंतर्गत वन अधिकार अधिनियम से संबंधित लंबित मामलों को मान्यता देने बारे पहला एजेंडा होगा। उन्होंने बताया कि इसी के साथ इन मामलों की प्रक्रिया आरंभ हो जाएगी तथा इसे निर्धारित अवधि में पूरा किया जाएगा। उपायुक्त चंबा ने बताया कि इस संबंध में सभी उपमंडलाधिकारी (ना) तथा मंडल वनमंडल अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि वन अधिकारी अधिनियम के तहत व्यक्तिगत तथा सामूहिक मामलों को नियम के अंतर्गत निर्धारित प्रक्रिया द्वारा स्वीकृति प्रदान की जाएगी। इस अवसर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी अमित मैहरा, एसडीएम चंबा अरुण शर्मा, मुख्य वन अरनयपाल अभिलाष दामोदरन, जिला राजस्व अधिकारी जगदीश चंद, डीएफओ चंबा कृतज्ञ कुमार, डीएफओ डलहौजी रजनीश महाजन, सहित विभिन्न क्षेत्रों के जनप्रतिनिधि तथा कई विभागों के अधिकारी व कर्मचारी भी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### बरसात के मौसम को लेकर जनता से अपील



**एमएम डैनियल, चंबा।** जिला स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के स्वास्थ्य अधिकारी चंबा डॉ. जालम सिंह भारद्वाज ने सार्वजनिक जनता से अपील की है कि सामान्यता बरसात के मौसम में तेज बुखार से पीड़ित रोगियों की संख्या बढ़ जाती है जिसका कारण स्क्रब टाईफस भी हो सकता है। यह रोग जीवाणु रिक्टेसिया से संक्रमित पिस्सु माइट के काटने से फैलता है, जो लंबी घास में रहने वाले चूहों से फैलता है। यह जीवाणु हाथों और पैरों में चिपक कर त्वचा के माध्यम से शरीर में प्रवेश करते है। जिस कारण स्क्रब टाइफस नामक बुखार पैदा होता है। उन्होंने बताया कि इसके लक्षण तेज बुखार 104 डीग्री से 105 डीग्री तक हो सकता है। शरीर में कंपक पी, शरीर में ऐंठन, अकड़न व टूटा हुआ लगता है। अधिक संक्रमण की स्थिति में गर्दन, बाजू, कुल्हों के उपर गिल्टियां पड़ सकती है। इसका इलाज सभी चिकित्सालय में निशुल्क उपलब्ध है। अत: इसकी रोकथाम के लिए सर्वप्रथम शारिरिक स्वच्छता का ध्यान रखें साथ ही साथ घर में साफ-सफाई रखें और अपने घर और घरों के आस पास घास, झाड़ियां, खरपतवार न उगने दें। (अनंत ज्ञान)

### तीन स्थानों पर सड़क बंद होने का खतरा

**अनंत ज्ञान, पंडोह।** पंडोह के आसपास के क्षेत्र में कुछ ही बरसाती बूंदों ने फोर-लेन सड़क के निर्माण में लगी बहुत बड़ी कंपनी के कामकाज की गुणवत्ता की पोल खोलकर रख दी है। देश के सबसे बड़े सड़क मार्ग प्राधिकरण एनएचएआई के दावों की हवा टांय-टांय फिस्स जैसी स्थिति बन गई है। मंडी से पंडोह तक कई स्थानों पर सड़क मार्ग क्षतिग्रस्त हुआ है। तीन ऐसे स्थान हैं जहां सड़क कभी भी बंद हो सकती है। एनएचएआई ने इन स्थानों पर दो को पक्का करने के लिए बहुत ज्यादा खर्च किया है। गुणवत्ता के साथ सबसे बड़ा खेला तो कैंची मोड़ पर एक करोड़ के डंगे में हुआ। डंगे में आई दरारों से गाबर निर्माण कंपनी की निर्माण सामग्री व टेक्नीक पर सवालिया निशान खड़े हो है। जहां पिछली बरसात में यह डंगा टूटा था, वहीं से आज भी बड़ी-बड़ी दरारें आई हैं। सड़क मार्ग नीचे धंस गया है। वाहनों की आवाजाही बेशक जारी है मगर कभी भी यह डंगा डैम की झील में कभी भी समा सकता है। बता दें कि गाबर कंपनी ने बिलासपुर के एक निजी ठेकेदार से यह निर्माण कार्य पूरा करवाया। इस दौरान लाखों पर्यटक परेशान हुए। डैम से वैकल्पिक सड़क मार्ग निकालना पड़ा। अब डंगे में वर्षा का पानी जमीन में भरता जाएगा और कभी भी यह ब्लास्ट हो सकता है। स्थानीय लोगों ने एनएचएआई पर लापरवाही और घटिया निर्माण सामग्री का प्रयोग करने पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इसी सड़क मार्ग पर दूसरा खतरा मंडी से पंडोह की ओर चार मील में सड़क पर लगे डंगे के धंसने से पैदा हुआ है।

### बिजली सुरक्षा के लिए जनता को किया सतर्क

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** अधीक्षण अभियंता, (ऑपरेशन) सर्किल एचपीएसईबीएल कुल्लू ने जिले की जनता को सतर्क करते हुए कहा कि जल्द कुल्लू में बरसात शुरू होने वाली है। बरसात के दौरान कुल्लू घाटी में पेड़ गिरने, भूस्खलन और बाढ़ के कारण बिजली लाइनों को नुकसान पहुंचता है। विभाग ने सूचना जारी करते हुए कहा कि इन क्षतिग्रस्त लाइनों से लोगों को करंट लगने का खतरा रहता है। इसलिए सभी लोगों से बरसात के मौसम में होने वाले बिजली जनित हादसों से बचने के लिए निम्न सावधानियां बरतने के बारे कहा गया। बिजली के खंभों और स्टे तार को छूने से बचें। बिजली के खंभों से अपने मवेशियों को न बांधें। बिजली लाइनों के नीचे कोई भी प्रोग्राम न करें। नए भवनों से बिजली लाइनों की उचित दूरी बनाए रखें। बिजली खंभे पर यदि स्पार्किंग हो रही है, तो तुरंत अपने फीडर इंचार्ज और संबंधित सब स्टेशन पर सूचना दें। यदि बारिश में खंभे पर तेज स्पार्क हो रहा हो और आस पास पानी भरा हुआ हो, तो उस रास्ते से या पानी में जाने से बचें व दूसरों को भी सावधान करें। आवश्यकता होने पर टोल फ्री नं. 1800 180 8060 या 1912 पर संपर्क करें। (अनंत ज्ञान)

### मिंजर व मणिमहेश पर्व में होती है चरस, जड़ी-बूटियों की चंबा से बाहर तस्करी

# मौके की तलाश में नजरें बिछाए बैठे हैं बाहरी राज्यों के तस्कर

**एमएम डैनियल, चंबा**

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

ऐतिहासिक मिंजर मेले की आड़ में अवैध धंधों से जुड़े तस्कर मौके तलाशने की फिराक में जुटे हुए हैं। अंतरराष्ट्रीय मिंजर मेले के दौरान चरस व जड़ी-बूटी तस्करी का गोरखधंधा अब चंबा जिला में बढ़ गया है। इसमें बाहरी राज्यों से आने वाले व्यापारियों के अलावा जिले के कई ऐसे लोग जो तस्करी में संदिग्ध रहे हैं या फिर उनके खिलाफ बाहरी राज्यों में मामले चल रहे हैं, उनकी तलाश पुलिस के लिए सिरदर्द बन सकती है।

हालांकि पुलिस विभाग द्वारा तस्करी को रोकने के लिए मिंजर मेले व मणिमहेश यात्रा के दौरान बाकायदा पंजीकरण करने का सिलसिला शुरू कर दिया है। वहीं, हाल ही में पड़ोसी राज्य जेएंडके में घटित आतंकी घटना व पंजाब राज्य के पठानकोट में तीन संग्दिधों के देखे जाने के बाद चंबा जिला में पुलिस जवान चप्पे-चप्पे पर सतर्क हो गए हैं, लेकिन पेशेवर शातिर तस्कर व अन्य क्राइमों से लोग पुलिस की इस सर्तकता से दो कदम अकसर आगे ही रहते हैं। इन पर नकेल कस पाना पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं रह गया है। गौर हो कि अंतरराष्ट्रीय एवं ऐतिहासिक मिंजर मेला या पवित्र मणिमहेश न्हौण जैसे बड़े-बड़े पर्व आयोजनों के दौरान चंबा से चरस की खेप के बाहर जाने की आशंका बनी रहती है। पिछले कुछ सालों के दौरान जुलाई व अगस्त में तस्करी की ज्यादा वारदातें सामने आई हैं।

इसमें चरस व जड़ी-बूटियां व कई तरह की जीव-जंतुओं के अवशेषों की तस्करी के मामले सामने आ चुके हैं, जबकि चुराह को चरस का गढ़ माना जाता है, ऐसे में आने वाले दिनों में मिंजर की सुरक्षा में ताकत झोंकने वाली पुलिस को जिला के अंदर चल रही ऐसी गैर-कानूनी वारदातों से भी निपटना होगा। गत वर्ष भी मुख्यालय पुलिस चौकी दल द्वारा मिंजर मेले में आए चोर गिरोह को रंगेहाथों दबोचने की सफलता हासिल की थी।

पुलिस द्वारा मिंजर मेले की सुरक्षा व्यवस्था व अपराध से जुड़ी गतिविधियों से निपटने के लिए पूरी तरह से सतर्क है। इसमें गत दिनों मेले ड्यूटी पर आई हिमाचल पुलिस जवानों की टुकड़ी में पंजाब में घटित वारदात के बाद इजाफा भी कर दिया है, लेकिन बाहरी तस्करों के साथ जुड़ा स्थानीय तस्करों का नेटवर्क पुलिस विभाग की तमाम कोशिशों पर पानी फेर सकता है।

इसका तात्पर्य यह है कि स्थानीय व्यापारी भलि-भांति जानते हैं कि मिंजर या मणिमहेश मेले में कब पुलिस सतर्क व कहां-कहां अधिक तैनात रहती है, जबकि स्थानीय लोग गुप्त संपर्क मार्गों व जंगली रास्तों के माध्यम से अपने तस्करी के मनसूबों को अंजाम दे रहे हैं। अब देखना यह है कि वित्त वर्ष में मिंजर, मणिमहेश पर्व सहित आतंकी घटना के बाद सतर्क हुई पुलिस विभिन्न प्रकार की अपराधिक गतिविधियों, चरस व जड़ी-बूटी तस्करी माफिया को रोकने के लिए क्या प्रबंध करती है। (अनंत ज्ञान)



> पुलिस अंतरराष्ट्रीय मिंजर की सुरक्षा पर वचनबद्ध है और इसके लिए व्यापक सुरक्षा चक्र तैयार किया गया है। संदिग्ध दिखने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। पुलिस किसी भी स्तर पर गैर कानूनी कार्य को अंजाम देने वाले को नहीं छोड़ेगी।
> -जितेंद्र चौधरी, डीएसपी पुलिस हेडक्वार्टर चंबा

# रामकृष्ण आश्रम लदरुहीं में बाल संस्कार शिविर का समापन


कार्यक्रम के दौरान सामूहिक चित्र में।

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर**

श्री रामकृष्ण आश्रम लदरुहीं जोगिंदरनगर में पिछले 5 दिनों से चल रहे बाल संस्कार शिविर का आज विधिवत समापन आश्रम के मुख्य प्रबंधक स्वामी राम मोहन दास रामायणी द्वारा किया गया। इस बाल संस्कार शिविर में 21 बच्चे-बच्चियों ने भाग लिया।

अपने समापन में बच्चों और उनके अभिभावकों को संबोधित करते हुए राम मोहनदास रामायणी ने कहा कि इस शिविर में बच्चों को जहां हिंदू संस्कृति की मान मर्यादा की जानकारी दी गई, वहीं बच्चों को धार्मिक पुस्तक कैसे पढ़नी, कैसे पाठ करना और दूसरों के प्रति कैसे अपने आचरण को प्रस्तुत करना, ये सब कुछ सिखाया गया। इस शिविर में बच्चों को योग कैसे करना और उनका क्या-क्या लाभ है, आदि की जानकारी भी प्रदान की गई। इस शिविर में बच्चों को पांच मुख्य जानकारियां प्रदान की गई की सर्वप्रथम सूर्य उदय से पहले बिस्तर से उठकर सबसे पहले अपने हाथों को देखना, फिर धरती माता को प्रणाम करना, तत्पश्चात अपने माता-पिता की चरण स्पर्श करना, स्नान आदि से निवृत्त होकर सूर्य भगवान को जल अर्पित करना, इसके बाद अपने परिवार के साथ बैठकर भोजन करना शामिल है।

इस अवसर पर कमेटी के प्रधान बलराज वर्मा, संयोजक बलवीर राणा, सचिन सुभाष चंद्र, विनोद शर्मा, महंत मनसुख दास, शांति स्वरूप शर्मा के अलावा नरोत्तम चौहान, निधि शर्मा, कमला मंडयाल, कपिल शर्मा, भावना शर्मा आदि उपस्थित हुए। इस अवसर पर शिविर में भाग लेने वाले बच्चों को प्रशंसा पत्र भी भेंट किए गए। (अनंत ज्ञान)

# मेहनत सफलता के मुकाम तक ले जाती है: रेपसवाल


सम्मानित किए गए मेधावी छात्रों के साथ गणमान्य।

**एम एम डैनियल, चंबा**

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान चंबा में मेधावी छात्र-छात्राओं के लिए एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की।

भविष्य ज्योति सम्मान समारोह नामक आयोजन में उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने जिला चंबा के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यातिथि द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर अपने अभिवादन में मुकेश रेपसवाल ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में निर्धारित लक्ष्य के लिए सही मार्गदर्शन मिलने के बाद की गई मेहनत हमेशा सफलता के मुकाम तक पहुंचाती है जिसकी मिसाल इन दसवीं और जमा दो कक्षा के मेधावियों ने पेश की है है। इससे पूर्व उपायुक्त चंबा मुकेश रेपसवाल, उच्च शिक्षा उपनिदेशक प्यार सिंह चाढ़क समेत अन्य अतिथियों ने क्रमबार दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का आयोजन किया। (अनंत ज्ञान)

### मेडिकल स्टोर में मिली नशीली गोलियां

**रितेश, सरकाघाट।** नगर परिषद की वार्ड पांच कुनालग में स्थित एक मेडिकल स्टोर में पुलिस ने 77 नशीली गोलियां बरामद की हैं। सरकाघाट पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर कुनालग गली में स्थित एक निजी मेडिकल स्टोर में दबिश दी और तलाशी के दौरान दुकान से पांच पत्ते जिनमं करीब 77 नशीली गोलिया बरामद कर आरोपी को हिरासत में ले लिया है और एनटीपीसी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

गौरतलब है कुणालग गली में नशीली दवाइयां बेचने को लेकर लगातार शिकायतें की जा रही थीं और कुछ दिन पहले ड्रग्स इंस्पेक्टर ने भी छापा मारा था परंतु मामला दबा दिया गया, इसी को लेकर लोगों ने सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत भेजी थी। डीएसपी सरकाघाट संजीव गौतम ने बताया कि रिमांड के दौरान आरोपी से राज उगलवाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# तल्याड़ में पीले मेंढक बने चर्चा का विषय

## अधिक संख्या में होने के कारण लोगों ने लगाए तरह-तरह के कयास

**अनिल शर्मा, मंडी**

शहर के साथ लगते तल्याड़ में पीले रंग के मेंढक देखते ही तरह तहर की बातों का बाजार गर्म हो गया, लेकिन बुद्धिजीवी वर्ग ने सोशल मीडिया के माध्यम से इनके बारे में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की।

बता दें कि सुबह की बारिश बंद होते ही तल्याड़ के एक तालाब में पीले रंग के मेंढक टरटराते हुए देखे गए। कुछ युवकों ने इसकी वीडियो बनाकर वायरल कर दी, तदोपरांत अफवाहें भी जोरों से प्रचारित होने लगी। मंडी निवासी साहिल भाटिया ने बताया कि इस प्रजाति के मेंढक भारत के अलावा बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल, म्यांमार, अफगानिस्तान और श्रीलंका में भी पाए जाते हैं। वे आमतौर पर भूरे से लेकर हरे रंग के होते हैं, लेकिन मेटिंग के दौरान वे पीले दिखाई देते हैं। मेढकों की यह प्रजाति जहरीली नहीं होती है। यह फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों को नियंत्रित करने में मदद करते हैं और खेतों के आसपास इनकी उपस्थिति बहुत फायदेमंद मानी जाती है।

आमतौर पर हिमाचल में मिट्टी के रंग के मेंढक ज्यादा पाए जाते हैं, लेकिन वरिष्ठ नागरिक चंद्रमणी शर्मा ने बताया कि बरसात के बाद एक दो पीले मेंढक देखने को मिलते रहे हैं। आज भी गांव में बुजुर्गों को पूछ कर पता लग जाएगा कि एक दो पीले मेंढक देखे जाते थे और लोग उनसे बहुत डरते थे। इनमें से कुछ जहरीले भी होते थे। (अनंत ज्ञान)


तालाब में पीले मेंढक।

> यह रिसर्च का विषय है, गहरे रंग के मेंढक जहरीले हो सकते हैं। हालांकि पर्यावरण में हो रहे अमूल चूक परिवर्तन भी इसके लिए जिम्मेदार हो सकते हैं। बिलकुल अलग रंग के मेंढकों का बड़ी संख्या में निकलना शोध का विषय है। बिना शोध से यह जहरीले हैं या नहीं कहना उचित नहीं है।
> -डॉ. संजय नारंग, एसोसिएट प्रोफेसर वल्लभ कॉलेज

### 7 तक मंडी में भारी वर्षा का पूर्वानुमान

**अनिल, मंडी।** भारत मौसम विज्ञान केंद्र शिमला द्वारा सात जुलाई तक मंडी जिले के कई स्थानों पर भारी वर्षा, तेज हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। इस चेतावनी के दृष्टिगत जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी से प्राप्त सूचना के अनुसार सभी नागरिकों व पर्यटकों से नदी-नालों, भूस्खलन वाले क्षेत्रों तथा अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में जाने से परहेज करने एवं अपने घरों में सुरक्षित स्थानों पर रहने का आग्रह किया।

आपदा की स्थिति में सहायता के लिए पर्यटक व आम नागरिक जिला आपदा प्रबंधन परिचालन केंद्र के दूरभाष नंबर 1905-226201, 202, 203, 204 अथवा 1077 पर संपर्क कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### आर्ट ऑफ लिविंग के हिमालय उन्नति मिशन ने किया सहयोग

# दुर्गम पांगी घाटी में संचालित हुई स्मार्ट कक्षा

**एम एम डैनियल, चंबा**

हिमालयीय क्षेत्रों के सतत् विकास हेतु आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के संस्थापक व आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर जी के संकल्प हिमालय उन्नति मिशन के अंतर्गत पांगी परिदृश्य के तीन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों सेचु नाला, धरवास व साच में सौर ऊर्जा चलित स्मार्ट कक्षा को संचालित कर दिया गया है।

विदित हो कि इस कार्य में ल्यूमिनस कंपनी ने अपना सीएसआर सहयोग दिया है और वर्तमान समय तक हिमालय प्रदेश में ऐसे विद्यालयों की संख्या 21 हो गई है। इसी के साथ-साथ इन विद्यालयों में विद्यार्थियों व शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय व्यक्तित्व विकास प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें आर्ट ऑफ लिविंग संस्था के टीचर इन विद्यालयों में शिविर आयोजित कर रहे हैं। हिमालय उन्नति मिशन के समुदाय समन्वयक सूरज प्रकाश ने बताया कि हिमालय उन्नति मिशन के अंतर्गत मॉडल परिदृश्य विकास कार्यक्रम में गत एक वर्ष से पांगी घाटी में कार्य किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय बच्चों को आधुनिक तकनीक द्वारा शिक्षा का नवाचार भी सम्मिलित है।

उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में तीन विद्यालयों में यह सेटअप लगाया गया है व आने वाले समय में इस नवाचार से अच्छा परिणाम आने पर कुछ अन्य विद्यालयों को सम्मिलित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आजीविका के विषय पर भी मॉडल परिदृश्य विकास कार्यक्रम के अंतर्गत पांगी परिदृश्य में कार्य किए जा रहे हैं और कौशल विकास को लेकर कार्ययोजना पर कार्य हो रहा है।

आर्ट ऑफ लिविंग चंबा के मीडिया प्रभारी मनुज शर्मा ने बताया कि आर्ट ऑफ लिविंग संस्था इस तरह के काफी कम पूरे देश भर में कर रही है, जिससे हारों युवाओ व विद्यार्थियों को प्रोत्साहन मिल रहा है। (अनंत ज्ञान)


स्मार्ट कक्षा के शुभारंभ पर उपस्थित स्कूल के बच्चे।

# बरोटी के किसानों को बताए प्राकृतिक खेती के फायदे

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

कृषि विभाग हिमाचल प्रदेश जिला मंडी कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण 'आत्मा' जिला मंडी विकास खंड सुंदरनगर द्वारा प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत बरोटी के गांव लेहड़ में दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया।

इसमें किसानों को प्राकृतिक खेती की जानकारी दी गई तथा प्राकृतिक खेती में प्रयोग होने वाले घटकों को प्रयोगात्मक रूप से बताया गया। सुंदरनगर कृषि विकास खंड के खंड तकनीकी प्रबंधक लेखराज ने बताया कि शिविर में लगभग 30 किसानों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि देश में प्राकृतिक खेती का प्रचलन लगातार बढ़ता जा रहा है।

इस दौरान किसानों को बताया गया कि प्राकृतिक खेती का उद्देश्य मिट्टी की गुणवत्ता को खराब किए बिना फसल की पैदावार को बेहतर करना है। यह फसलों में विविधता को बनाए रखना, प्राकृतिक संसाधनों का सही इस्तेमाल करना, जैविक खाद और बेहतर खेती के वातावरण को बढ़ावा देती है। (अनंत ज्ञान)


महिलाओं को जानकारी देते हुए आयोजक।

| सूडोकु 00115 | | | | | | मध्यम | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 8 | | | | 1 | 5 | |
| 2 | | | | | 1 | 8 | | |
| 3 | | | 4 | | 6 | 7 | | 9 |
| 5 | | | | | 9 | | | |
| | 9 | | 2 | 3 | 4 | | 7 | |
| | | | 1 | | | | | 8 |
| 4 | | 7 | 6 | | 5 | | | 1 |
| | | 6 | 7 | | | | | 4 |
| | 5 | 3 | | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 00114 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 7 | 5 | 2 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 5 | 4 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 |
| 8 | 6 | 1 | 3 | 7 | 4 | 9 | 5 | 2 |
| 2 | 8 | 9 | 1 | 5 | 3 | 6 | 4 | 7 |
| 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 5 | 9 | 1 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 9 | 7 | 2 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 4 | 7 | 1 | 2 | 8 | 6 | 5 |
| 7 | 5 | 6 | 8 | 3 | 9 | 1 | 2 | 4 |
| 1 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 |

## अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

4 जुलाई, 2024, वीरवार

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** ज्येष्ठ, **तिथि** त्रयोदशी: (5:56) : **नक्षत्र :** मृगशिरा (3:55), **पक्ष :** कृष्ण, **योग:** गंड (6:58) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित ( 11:57-12:53), **राहुकाल** (2:00 -3:54) ।

### विशेष दिन

- 4 जुलाई 2024 : स्वामी विवेकानंद की पुण्यतिथि आज।
- 4 जुलाई 2024 : मासिक शिवरात्रि आज।

**मेष:** अपनी बातों से लोगों को आकर्षित करेंगे। प्रियजन के साथ समय का सदुपयोग होगा। वाद-विवाद और झगड़े से मानसिक कष्ट बढ़ेगा।

**वृषभ:** पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा। वाणी पर संयम रखें। समाज के कामों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे। आज कहीं से रुका धन मिलने के योग हैं। नौकरी में पदोन्नति के चांस हैं।

**मिथुन:** निजी जीवन में कठोर निर्णय लेने होंगे। आज पारिवारिक सुख व धन बढ़ेगा। आपकी वाणी पर संयम आवश्यक है। समाज के कामों में उत्साहपूर्वक भाग लेंगे।

**कर्क:** अपने करियर को लेकर चिंतित रहेंगे। नए काम में शीघ्रता नहीं करें। कार्यस्थल पर कर्मचारियों की निष्क्रियता के कारण मन अप्रसन्न रहेगा।

**सिंह:** व्यस्त रहें, मस्त रहें। आप दूसरों की मदद करने में सदैव तैयार रहते हैं। आज खर्च अनावश्यक रूप से बढ़ेंगे। अपने दुख को छुपा रहे हैं।

**कन्या:** दूसरों की बातों पर जल्द विश्वास कर लेते हैं। आज आर्थिक योग प्रबल है। सामाजिक कार्यों से सुयश एवं प्रभाव में वृद्धि हो सकती है।

**तुला:** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। दूसरों के हित के लिए आप सदैव तत्पर रहते हैं, पर आप को लोगों से निराशा जनक व्यवहार मिलेगा। व्यापार में लाभ होगा।

**वृश्चिक:** आपकी सूझबूझ और दूरदर्शिता से व्यापार में लाभ होगा। दोस्तों का सहयोग एवं समर्थन मिलेगा। राजनीति में नए संबंध लाभदायी सिद्ध होंगे।

**धनु :** क्रोध की अधिकता रहेगी। परिवार में उत्सव का माहौल रहेगा। व्यापार-व्यवसाय पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

**मकर:** घर गृहस्थी की भागदौड़ में व्यस्त रहेंगे। आप अपना संपर्क बढ़ाने के प्रयास करेंगे। आज का आर्थिक निवेश लाभकारी रहेगा। धन संबंधी काम पूरे होंगे।

**कुंभ:** दूसरों की जीवनशैली देखकर अपना रहन-सहन बदलने के प्रयास करेंगे। जीवनसाथी की भावनाओं को समझें और उन्हें भी समय दें।

**मीन:** अपने काम करने के तरीकों को बदलें। घर की साज-सज्जा पर भारी खर्च होने की संभावना है। आज कर्ज लेने से बचना चाहिए।

### जानकारी — मनरेगा के तहत विकास खंड भटियात की 20 पंचायतों में खर्च किए जा रहे करीब साढ़े 18 करोड़

# मनरेगा से संबंधित विकास कार्यों को दें सर्वोच्च प्राथमिकता : पठानिया

**एम एम डैनियल, चंबा**


विकास कार्यों की समीक्षा करते विधानसभा अध्यक्ष।

विकास खंड भटियात की 20 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत 18 करोड़ 69 लाख 57 हजार 127 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है। यह उद्‌गार विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने खंड विकास अधिकारी कार्यालय चुवाड़ी के सभागार में क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों में निर्माणाधीन विकास कार्यों की समीक्षा के उपरांत प्रधानों, उपप्रधानों तथा पंचायत सचिवों को निर्देश देते हुए कहे।

पठानिया ने कहा है कि पंचायत राज संस्थाओं के जन प्रतिनिधि अपने क्षेत्रों में विकास कार्यों में सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए उन्हें न्यूनतम समय अवधि में पूरा करना सुनिश्चित करें ताकि सही समय पर क्षेत्र वासियों को इन का लाभ प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि पंचायत जन प्रतिनिधि मनरेगा से संबंधित विकास कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दें तथा विकास कार्यों को पूरा करते हुए स्थानीय मनरेगा मजदूरों को रोजगार के ज्यादा से ज्यादा अवसर प्रदान करें। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए धन की कोई कमी नहीं है तथा जनप्रतिनिधि जन अपेक्षाओं व आवश्यकताओं के अनुरूप निष्ठा व ईमानदारी के साथ कार्य करें।

इसके अतिरिक्त ऐसे कार्य जो लंबे समय से लंबित हैं तथा अभी भी आरंभ नहीं किए जा सकते हैं, उनके लिए आवंटित धनराशि को अंयंत्र खर्च किया जाए। उन्होंने कहा सभी विभागीय अधिकारी बेहतरीन आपसी तालमेल के साथ कार्य करें ताकि ग्रामीण इलाकों में विकास कार्य तेज गति के साथ आगे बढ़ें। विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने बताया कि विकास खंड भटियात की ग्राम पंचायत अवां, बनेट, बिना, घरूं, गाहर, होबार, जंदरोग, जतरून, काहरी, कथेट, खरेड़ा, खनोड़ा, कुडनू, मलुंडा, मनहुता, परिसयारा, परछोड़, रायपुर, साडल तथा तुरकड़ा सहित 20 ग्राम पंचायतों में मनरेगा के तहत 18 करोड़ 69 लाख 57 हजार 127 रुपए खर्च किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि मनरेगा के तहत ग्राम पंचायत अंबा में 49 विकास कार्यों के लिए 1,5141556 रुपए, ग्राम पंचायत बनेट में 21 विकास कार्यों के लिए 66,15258 रुपए, पंचायत विनां में 20 विकास कार्यों के लिए 68,24285 रुपए, ग्राम पंचायत घरूं में 20 विकास कार्यों के लिए 52,74189 रुपए, ग्राम पंचायत गाहर में 18 विकास कार्यों के लिए 77,58420 रुपए, ग्राम पंचायत होबार में 25 विकास कार्यों के लिए 1,1756647 रुपए, पंचायत जंदरोग में 42 विकास कार्यों के लिए 1,0229926 रुपए, पंचायत जतरून में 56 विकास कार्यों के लिए 2,4091436 रुपए, पंचायत काहरी में 18 विकास कार्यों के लिए 60,32368 रुपए, ग्राम पंचायत कथेट में 54 विकास कार्यों के लिए 1,0735947 रुपए, पंचायत खरेड़ा में 14 विकास कार्यों के लिए 85,48568 रुपए, पंचायत खनोड़ा में 47 विकास कार्यों के लिए 99,13309 रुपए, ग्राम पंचायत कुडनू में 17 विकास कार्यों के लिए 75,65556 रुपए, ग्राम पंचायत मलुंडा में 39 विकास कार्यों के लिए 95,59675 रुपए, पंचायत मनहुता में 42 विकास कार्यों के लिए 93,62315 रुपए, पंचायत परिसयारा में 32 विकास कार्यों के लिए 65,69026 रुपए, पंचायत परछोड़ में 29 विकास कार्यों के लिए 86,92918 रुपए, ग्राम पंचायत रायपुर में 36 विकास कार्यों के लिए 99,89080 रुपए, पंचायत साडल में 30 विकास कार्यों के लिए 50,81295 रुपए तथा पंचायत तुरकड़ा में 39 विकास कार्यों के लिए 72,15347 रुपए स्वीकृत किए गए हैं। (अनंत ज्ञान)

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर पारस अग्रवाल एसडीएम भटियात, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता हर्ष पुरी, बिजली बोर्ड के अधिशाषी अभियंता पंकज राठौर, जल शक्ति विभाग के अधिशाषी अभियंता राकेश ठाकुर के अतिरिक्त विभिन्न ग्राम पंचायतों के प्रधान, उपप्रधान व पंचायत सचिव तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

प्यार के लिए भूख को मिटाना रोटी के लिए भूख को मिटाने से कहीं ज्यादा मुश्किल है। –मदर टेरेसा

## संपादकीय

# साइबर क्राइम का तोड़

साइबर क्राइम पूरी दुनिया में एक बड़ी समस्या बन गई है। हिमाचल प्रदेश में भी साइबर क्राइम तेजी से बढ़ रहा है। अन्य अपराधों की तुलना में साइबर क्राइम के 55 प्रतिशत से ज्यादा मामले सामने आने से पुलिस के होश फाख्ता हो गए हैं। पुलिस को साइबर फ्रॉड करने वालों से निपटना बहुत मुश्किल हो गया है। यह साइबर क्राइम पुलिस के लिए दिन-ब-दिन चुनौती बनता जा रहा है। हिमाचल प्रदेश पुलिस ने इसका तोड़ निकालते हुए अब व्हाट्सऐप ग्रुप बनाकर साइबर क्राइम के बारे में लोगों को जागरूक करने का फैसला लिया है। निश्चित रूप से पुलिस का यह कदम काबिलेतारीफ है। इस व्हाट्सऐप ग्रुप में पंचायत प्रधानों, विभागाध्यक्षों व अन्य जनप्रतिनिधियों को भी जोड़ा जाएगा। ग्रुप में जहां कहीं भी साइबर क्राइम घटित होता है, उसके बारे में ग्रुप से जुड़ा कोई भी व्यक्ति जानकारी साझा कर सकता है। इसके साथ ही लोगों को यह भी बताया जाएगा कि वे शातिरों के झांसे में आने से कैसे बच सकते हैं।

दरअसल, लोगों को कभी लोन का झांसा देकर ठगा जा रहा है, तो कभी पैसा डबल करने का लालच देकर। ऑनलाइन शॉपिंग के चक्कर में भी लोगों को शातिर अपने जाल में फंसा लेते हैं। पेंशनर्स, कर्मचारी और शॉपकीपर्स भी साइबर अपराधियों के निशाने पर रहते हैं। हिमाचल जैसे शांतिप्रिय प्रदेश में साइबर क्राइम में वृद्धि वाकई चिंता की बात है। साइबर क्राइम बढ़ने के कई अहम कारण हैं। माना जा रहा है कि इंटरनेट की पहुंच और डिजिटलीकरण में वृद्धि से साइबर क्राइम में बढ़ोतरी हुई है। साइबर सेफ्टी और सिक्योरिटी के बारे में जागरूकता की कमी के कारण भोले-भाले लोग शातिरों के झांसे में आकर अपनी पूंजी लुटा रहे हैं। सीमित साइबर सुरक्षा अवसंरचना और संसाधनों के कारण साइबर क्राइम करने वालों तक पुलिस की पहुंच नहीं बन पाती है। इस वजह से साइबर फ्रॉड करने वालों के हौसले बुलंद हैं। बढ़ते ऑनलाइन लेनदेन और ई-कॉमर्स से भी साइबर क्राइम जैसी घटनाओं को शातिर अंजाम दे रहे हैं। प्रौद्योगिकी तक आसान पहुंच और ऑनलाइन गुमनामी साइबर क्राइम करने वालों का प्रमुख हथियार है। दरअसल, साइबर क्राइम से जुड़े लोगों ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से अपने आपको बहुत ज्यादा अपडेट कर लिया है। जो ठगा जाता है, उसके पास इतने ज्यादा संसाधन नहीं होते हैं जिससे कि वह इन शातिरों के झांसे में आने से बच सके। यहां तक पुलिस भी उस तरह से अपडेट नहीं है। कई बार पुलिस के समक्ष ऐसे पेचिदा केस पहुंच जाते हैं कि वह सिर पर हाथ रखने के लिए मजबूर हो जाती हैं। पुलिस के पास बेहतर संसाधनों की कमी और समय की पाबंदी आड़े आती है।

साइबर क्राइम जैसी जटिल समस्या के समाधान के लिए सबसे पहले तो साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम और वर्कशॉप लगाई जानी चाहिए, जिससे लोग साइबर क्राइम कैसे होता है, के बारे में गहनता से अपना नॉलेज बढ़ा सकें। जब वह साइबर क्राइम के बारे में जागरूक हो जाएंगे तो साइबर क्राइम होने के चांस घट जाएंगे। एक समर्पित साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल की स्थापना करना समय की मांग है। इससे बहुत ज्यादा हेल्प मिल सकती है। साइबर सुरक्षा बुनियादी ढांचे और संसाधनों को मजबूत करना उतना ही जरूरी है, जितना हमें अपने आपको जिंदा रखने के लिए भोजन। जैसे गाड़ी में डीजल या पेट्रोल नहीं डाला जाएगा तो वह आगे चल नहीं सकती। वैसे भी संसाधनों रूपी गाड़ी जब तक चार्ज नहीं होगी, तब तक साइबर अपराधियों से निपटना भी आसान नहीं होगा। नियमित साइबर अभ्यास और सिमुलेशन का संचालन करना चाहिए। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय साइबर सुरक्षा एजेंसियों के साथ सहयोग करना फायदेमंद हो सकता है। साइबर अपराध जांच इकाई की स्थापना भी काफी सहयोग कर सकती है। साइबर अपराध के लिए मजबूत कानून और दंड लागू करना तो बेहद लाजिमी है, क्योंकि जब तक अपराधियों को कानून का डर नहीं होगा, तब तक वे बेखौफ होकर अपराध को अंजाम देते रहेंगे। कानून प्रवर्तन एजेंसियों के लिए प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराना भी आवश्यक है। साइबर सुरक्षा पहल के लिए सार्वजनिक-निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करना चाहिए। इन कदमों को उठाकर प्रदेश में साइबर क्राइम की घटनाओं को कम किया जा सकता है और अपने नागरिकों के लिए एक सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण दिया जा सकता है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के भूतपूर्व कार्यवाहक प्रधानमंत्री

**गुलजारीलाल** नंदा भारत के तेरह प्रधानमंत्रियों के अतिरिक्त कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में अब तक के एकमात्र ऐसे व्यक्ति रहे, जिन्होंने इस जिम्मेदारी को दो बार निभाया। गुलजारीलाल नंदा का जन्म सियालकोट में हुआ था, जो अब पश्चिमी पाकिस्तान का हिस्सा है। यह प्रासंगिक ही था कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में गुलजारीलाल नंदा के व्यक्तित्व और कर्तव्य को भी यहां पर प्रस्तुत किया जाता। दरअसल भारत की संवैधानिक परंपरा में यह प्रावधान है कि यदि किसी प्रधानमंत्री की उसके कार्यकाल के दौरान मृत्यु हो जाए और नया प्रधानमंत्री चुना जाना तत्काल संभव न हो तो कार्यवाहक अथवा अंतरिम प्रधानमंत्री की नियुक्ति तब तक के लिए की जा सकती है, जब तक की नया प्रधानमंत्री विधिक रूप से नियुक्त नहीं कर दिया जाता। संवैधानिक व्यवस्था के अनुसार प्रधानमंत्री के पद को रिक्त नहीं रखा जा सकता। कांग्रेस पार्टी के प्रति समर्पित गुलजारीलाल नंदा प्रथम बार पंडित जवाहरलाल नेहरू की मृत्यु के बाद 1964 में कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनाए गए। दूसरी बार लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु के बाद 1966 में कार्यवाहक प्रधानमंत्री बने। इनका कार्यकाल दोनों बार उसी समय तक सीमित रहा, जब तक की कांग्रेस पार्टी ने अपने नए नेता का चयन नहीं कर लिया। गुलजारीलाल नंदा एक राष्ट्रभक्त व्यक्ति थे। इस कारण भारत के स्वाधीनता संग्राम में इनका काफी योगदान रहा। नंदाजी का जीवन आरंभ से ही राष्ट्र के प्रति समर्पित था। ■



गुलजारीलाल नंदा
जन्म : 4 जुलाई, 1898
मृत्यु : 15 जनवरी, 1998

## अपनी बात

**भारत** के समक्ष सबसे बड़ा खतरा आतंकवाद है। आतंकवाद ऐसे कार्यों का समूह होता है, जिसमें हिंसा का उपयोग किसी प्रकार का भय व क्षति उत्पन्न करने के लिए किया जाता है। यदि भारत में हुई बड़ी आतंकी घटनाओं की बात की जाए तो वर्ष 2008 का मुंबई बम धमाका, वर्ष 2016 के पुलवामा हमले ने भारत को गहरे जख्म दिए हैं। आतंकवाद के अतिरिक्त संगठित अपराध भी आज राष्ट्रीय सुरक्षा के सम्मुख बड़ा खतरा है। भारत को अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा की स्थिति को बेहतर बनाने के लिए सबसे पहले एक सुस्पष्ट राष्ट्रीय सुरक्षा रणनीति और राष्ट्रीय सुरक्षा नीति को सुपरिभाषित करना होगा। इसके साथ ही एक अलग मंत्रालय के रूप में राष्ट्रीय सुरक्षा मामलों के मंत्रालय की स्थापना और राष्ट्रीय सुरक्षा प्रशासनिक सेवा नाम से एक केंद्रीय सेवा की स्थापना करनी चाहिए। इससे राष्ट्रीय सुरक्षा के संबंध में नीति निर्माण संबंधी स्पष्टता के साथ ही प्रभावी क्रियान्वयन की सुनिश्चितता भी संभव होगी। –मीनाक्षी शर्मा, नगरोटा

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# डमी एडमिशन : एक प्रचलन या खिलवाड़ ?

हमें बचपन से ही सिखाया जाता है कि जीवन जीने के लिए रोटी, कपड़ा और मकान इन तीन मूलभूत सुविधाओं का होना बेहद आवश्यक है और इन्हीं मूलभूत सुविधाओं को प्राप्त करने के लिए हमें, हमारे जीवन के शुरुआती दौर से ही गुरुजनों व अविभावकों द्वारा तैयार भी किया जाता है। हमें अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया जाता है और इसके साथ ही हमें उत्तम जीवन शैली के विषय में भी समझाया जाता है। इसके अंतर्गत हम ही समाज की, इस देश की एक सुदृढ़ नींव हैं। ऐसे प्रेरणादायक शब्दों से हमें मानसिक व शारीरिक रूप से तैयार किया जाता है, जो हमें हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु बेहद अहम भूमिका निभाते हैं।

चूंकि बच्चे ही हमारे देश का उज्ज्वल भविष्य होते हैं, इसके लिए सरकार भी बढ़-चढ़कर बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा प्रदान करने में प्रयासरत है। हम यदि बात टॉपर्स की करें तो आज सरकारी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भी उच्चतम मुकाम हासिल करके अपना व अपने विद्यालय के नाम का परचम देश/विदेश में खूब लहराया है, जिससे सरकारी शिक्षा का स्तर साफ झलकता है। हालांकि नियमों और विनियमनों के अनुरूप चलाए जा रहे निजी स्कूलों के छात्र/छात्राएं भी बेहतरीन मुकाम हासिल करने में इसी तरह सक्षम हैं, इसमें कोई संदेह नहीं है, परंतु ध्यानार्थ का विषय यहां पर यह उत्पन्न होता है कि जो लोग नियमों और विनियमनों के प्रतिकूल सिर्फ व्यापारिक तौर पर स्कूल का संचालन कर रहे हैं, उन पर शिकंजा कैसे कसा जाए, यह बेहद चिंतनीय विषय है। जैसा कि आप सबको विदित है कि आजकल 'डमी एडमिशन' का प्रचलन हमारे प्रदेश में भी तेजी से बढ़ रहा है, जिसमें न केवल स्कूल प्रबधंन अपितु बच्चों के अभिभावकों की भूमिका भी साफ पारदर्शित होती है। प्रचलन के हिसाब से बच्चे व उनके अभिभावक डमी एडमिशन लेने को तैयार तो हो जाते हैं, परंतु शायद वे यह नहीं समझ पाते कि यही कदम उनके बच्चे के भविष्य के साथ खिलवाड़ का पहला कदम बन सकता है। ये ऐसे स्कूल हैं जिन्होंने शिक्षा के स्तर को व्यापार का स्तर बना कर रखा दिया है और इसमें कई लोग देश के भविष्य के साथ खिलवाड़ का हिस्सा बनते जा रहे हैं। कुछ पहलुओं पर गौर करें तो आप आसानी से समझ सकेंगे कि कैसे इन स्कूलों ने बेहतरीन शिक्षा के बजाय सांठ-गांठ के माध्यम से सिर्फ मुनाफे पर अपना ध्यान केंद्रित किया हुआ है।



लेखक : शिवालिक अवस्थी
शीला चौक, धर्मशाला

डमी एडमिशन देने वाले निजी स्कूल सीधे तौर पर बच्चों के अभिभावकों से भारी भरकम रकम ऐंठ कर बच्चों को अन्य संस्थानों पर पढ़ने/कोचिंग की खुली छूट देते हैं। उन्हें फिर अपने ही स्कूल के विद्यार्थियों की कोई परवाह नहीं रहती और सम्भवत: जिस संस्थान से वे विद्यार्थी कोचिंग लेने जा रहा हो, वह संस्थान भी उस निजी स्कूल के साथ सौदेबाजी में संलिप्त हो, इसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। सीधे तौर पर कहें तो विद्यार्थियों के अभिभावक अपनी कमाई के रुपए न केवल उस स्कूल प्रबंधन को दे रहे हैं, अपितु उन्हीं रुपए का कुछ अंश उस कोचिंग संस्थान को भी दे रहे हैं, जहां उन्होंने अलग से उसकी कीमत चुकानी है। सीधे तौर पर डमी एडमिशन की परिभाषा समझें तो एक ऐसी एडमिशन जो मात्र दिखावे के लिए या यूं कहें तो मात्र बोर्ड से प्रमाणित मार्क्सशीट हासिल करने के लिए ली जानी वाली एडमिशन।

हालांकि जिस बोर्ड से वह निजी स्कूल संबद्धता रखता है, वह बोर्ड पूरे मापदंडों के अनुसार ही उस स्कूल कक्षा के सभी विद्यार्थियों को परीक्षा में बैठने का अवसर प्रदान करता है और परिणाम के अनुसार ही मार्कशीट्स भी प्रदान करता है और जिन विद्यार्थियों ने डमी एडमिशन ले रखी है, उनकी औपचारिकताएं तो चोरी छिपे स्कूल प्रबंधन के सदस्य या कर्मचारी ही पूरी करते होंगे, जिनमें नियमित हाजिरी के साथ स्कूल आकर शिक्षा ग्रहण करना आदि अति महत्वपूर्ण गतिविधियां शामिल हैं। खैर, आगे बात करें तो अति संवेदनशील विषय तो प्रकाश में अब आता है कि जो विद्यार्थी नियमित रूप से विद्यालय ही नहीं जाएगा, जहां वह उम्र के हिसाब से न केवल भौतिक शिक्षा अपितु सामाजिक शिक्षा, नैतिक शिक्षा, वैकल्पिक आदि कई तरह की महत्वपूर्ण शिक्षाओं का अनुभव ग्रहण करता है, तो वह भावनात्मक रूप से सामाजिक तौर पर प्रेरणादायक स्रोत कैसे बन पाएगा? क्योंकि सबसे पहले हमारे लिए हमारा समाज होता है, जिसे हमारी हर गतिविधियों का, हमारे हर प्रकलन का ज्ञान होता है।

हमारे बुजुर्गों ने भी हमें यही सिखाया है कि सीढ़ी पर चढ़कर मंजिल तक तभी पहुंचा जा सकता है, यदि क्रमश: हर कदम मंजिल की ओर बढ़ाया जाए। सीधे छलांग लगा कर मंजिल की राह पाने के परिणाम अक्सर घातक ही साबित होते हैं, यह सत्य है। इस संदर्भ में यदि प्रकाश डाला जाए तो अभिभावकों को चाहिए कि इस देखादेखी के दौर में संस्थानों व ऐसे व्यापारिक मानसिकता वाले निजी स्कूलों के पेट भरने के बजाय अपने बच्चों को सामाजिक व आर्थिक रूप से सशक्त बनने की प्रेरणा दें। यह उम्र उन पर बोझ डालने की नहीं, अपितु उनका साथी बनकर उन्हें समझाएं कि मंजिल को कदम दर कदम ही हासिल किया जा सकता है। जिंदगी में ऐसा कोई शॉर्टकट नहीं है जिससे जादुई मुकाम हासिल हो सके, फिर भी किसी ने परखने के लिए ही सही, यदि शॉर्टकट तरीके से सफलता पाने की इच्छा रख भी ली और उस इच्छा के अनुरूप सफल भी न हुआ तो शायद वह शॉर्टकट उसकी जिंदगी में न जाने कितने कट्स लेकर आएगा, यह विषय कल्पना करने योग्य भी नहीं है। इसलिए अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों में अनुशासन की गरिमा का अनुभव करवाएं जो सिर्फ और सिर्फ नियमित तौर पर स्कूल में जाकर ही हासिल किया जा सकता है। इसी से बच्चों की नींव मजबूत होती है व अन्य प्रतिस्पर्धाओं में भी भागीदारी सुनिश्चित होती है, जो जीवन में शारीरिक व मानसिक विकास के दृष्टिकोण से भी अति आवश्यक है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए देश और प्रदेश की सरकारें अनेक पहलुओं पर प्रयत्नशील हैं व इस बाबत कई महत्वपूर्ण निर्णय लेकर शिक्षा के स्तर को पहले से और अधिक बढ़ाने में अग्रसर हैं व कई पहलुओं पर सफल भी हुई हैं। सरकार का एक ही लक्ष्य होता है कि हमारे बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त करके बढ़-चढ़कर हमारा सहयोग करें।

इसलिए, अपने बच्चों को इस व्यापार का हिस्सा न बनाएं और न ऐसे व्यापार को प्रोत्साहित करें, बल्कि अपने बच्चों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए उनके सहायक स्वयं बनें। हम सभी को शिक्षा के स्तर के साथ-साथ देश के भविष्यकारों के भविष्य को संवारना है और हमारे आसपास यदि कोई भी ऐसा निजी स्कूल हो जो इस डमी एडमिशन के प्रचलन को बढ़ावा देता हो तो प्रशासन व स्कूल बोर्ड के अधिकारियों को अवश्य अवगत करवाएं और मिलकर, खुलकर सामने आएं जिससे कि हम एक प्रेरणादायक समाज निर्माण में सहायक बन सकें।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# सत्संग स्थल किसकी लापरवाही से बना श्मशानघाट?

हाथरस के सत्संग स्थल को किसने श्मशानघाट में तब्दील किया? यह सवाल घटना घट जाने के बाद हादसा स्थल के चारों ओर गूंज रहा है। जवाब कौन देगा और कौन है हादसे का जिम्मेदार? यह सवाल भी वहां मुंह खोले खड़ा हुआ है। भगदड़ में मरने वालों की तितर-बितर फैली लाशें, कराहते घायल श्रद्धालुओं की चीखें देखकर परिजनों की हिम्मत जवाब देती दिखी। राहत-बचाव में जुटे कर्मियों के कलेजे भी कंपकपा रहे थे। हाथरस में भोले बाबा के सत्संग में संभावित या आपातकाल की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासनिक इंतजाम अगर थोड़े से भी होते तो इतनी दर्दनाक घटना नहीं घटती।

हैरानी की बात यह है कि हजारों सत्संगियों की रक्षा में मात्र 73 पुलिसकर्मी तैनात थे, जिनमें दो दर्जन तो होमगार्ड ही थे। घटना का शोर जब तेजी से मचने लगा तो सबसे पहले सुरक्षाकर्मी ही भाग खड़े हुए। उन्होंने दूसरों को बचाने से बेहतर खुद की जान जान बचानी जरूरी समझी। सत्संग स्थल पर एक भी एंबुलेंस की व्यवस्था नहीं थी। न ही कोई फायरब्रिगेड की गाड़ी वहां तैनात थी और न ही कोई विशेष अन्य व्यवस्थाएं की गई थीं, इसलिए हाथरस भगदड़ को स्थानीय प्रशासन की घोर लापरवाही का नतीजा इसलिए कहा जाएगा, क्योंकि जिस सत्संग स्थल पर बाबा भोले के प्रवचन का आयोजन था, उसमें मात्र पांच हजार लोगों की बैठने-उठने की व्यवस्था थी, लेकिन लापरवाही देखिए 50 हजार से अधिक लोग सत्संग में पहुंचे हुए थे। इसलिए सत्संग स्थल श्मशानघाट बन गया। घटना कैसे घटी यह जानना जरूरी है।



लेखक : डॉ. रमेश ठाकुर
स्वतंत्र टिप्पणीकार

प्रवचन सुनाने वाले बाबा की जब एंट्री हुई तो उसे करीब से देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उनके काफिले पर टूट पड़ी। अगर वहां दो-चार दर्जन सुरक्षाकर्मी तैनात होते तो ऐसी घटना शायद न घटती। वे भीड़ को नियंत्रित कर सकते थे, पर यहां सवाल एक ये भी उठता है कि आयोजकों ने पुख्ता इंतजाम क्यों नहीं किए? भीड़ अगर ज्यादा थी तो प्रशासन से अपील करनी चाहिए थी। हादसा होते ही प्रवचन सुनाने वाला बाबा पतली गली देखकर फरार हो गया। बाबा की हकीकत जानें तो उसे आधी उम्र बीतने के बाद उसे प्रवचन सुनाने का शौक चढ़ा।

करीब 26 वर्ष तक इंटेलिजेंट ब्यूरो में सामान्य कर्मचारी के तौर पर नौकरी की, नौकरी छोड़ने के बाद उसके अपना नाम बदला और 'विश्व हरि भोले' रख लिया। फिर कूद पड़ा धर्म क्षेत्र में, उसके उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, मध्य प्रदेश, हरियाणा व बिहार में उनके भक्तों की संख्या बहुतायत है। सैकड़ों घायल श्रद्धालु विभिन्न अस्पतालों में भर्ती हैं, जिन्हें ईश्वर जल्द स्वस्थ करे, लेकिन सत्संग स्थल कैसे समाधि स्थल बना, इसकी जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। हादसे की खबर से समूचे देश की आंखें नम हैं। सरकारों द्वारा दिया गया मुआवजा वह जख्म कभी नहीं भर सकता, जो इस हादसे ने दिया है। दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, दोषी चाहे फिर आयोजक हों या प्रशासनिक अधिकारी। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता



## बरखा आई

राजेंद्र पालमपुरी
वरिष्ठ साहित्यकार

*हो गई बारिश पड़ गई ठंड।*
*चलो पेलते 2-2 दंड।।*
*बरखा से दिल हुआ निहाल।*
*गर्मी ने था किया बेहाल।।*
*बरसीं नाचीं खूब बौछारें ।*
*नाच ले तू भी, आ रे आ रे।।*
*बूंदें जब-जब बरसीं ठंडीं।*
*गर्माहट में आई मंदी।।*
*छप-छप करते नाचे बच्चे।*
*लगते सारे सबको अच्छे।।*
*इक दूजे पर फेंकें पानी।*
*आहा, आई ऋतु सुहानी।।*
*आएगा न हमें पसीना।*
*दूभर जिसने किया था जीना।।*
*आ ना जा सकते थे भाई।*
*शुकर किया लो वर्षा आई ।।*

# संसद का संचालन पक्ष और विपक्ष की साझा जिम्मेदारी

पूरे देश की जनता ने बड़ा भरोसा जताते हुए अपने 543 प्रतिनिधियों को चुनकर 18वीं लोकसभा में भेजा है। उनकी आशा है ये सांसद देश की भलाई के लिए नीति और कायदे बनाएं, उसे लागू कराएं और जन-जीवन को सुरक्षित और खुशहाल बनाएं। उन्हें यही जनादेश मिला है। संसद की सदस्यता की शपथ लेते समय सांसद गण प्रकट रूप से इन सब बातों को ध्यान में रखने की कसम भी खाते हैं। कहना न होगा कि देश का संसद लोकतंत्र के वैचारिक शिखर और देश की संप्रभुता को रेखांकित करता है, इसलिए उसकी गरिमा बनाए रखना सभी सांसदों का मूल कर्तव्य बन जाता है।

इसके लिए कार्य करने का दायित्व धारण करने वाले जन प्रतिनिधियों से यह अपेक्षा होती है कि वे संसद की बैठकों में नियमित भाग लें और व्यर्थ की बयानबाजी की जगह सार्थक बहस करें। चूंकि जनता के समर्थन से ही वे सांसद का दर्जा पाते हैं, इसलिए संसद तक पहुंचने की कठिन यात्रा पूरी कर संसद की देहरी लांघ उनको सिर्फ और सिर्फ आम जनता की नुमाइंदगी ही करनी चाहिए। यही उनका फर्ज बनता है। लोकसभा की सदस्यता पांच साल की और राज्यसभा की छह साल की होती है। इस अवधि के दौरान सांसद से अपना लोक-दायित्व इस पूरी अवधि में निभाना अपेक्षित होता है। संसद के बजट, मानसून और शीतकालीन ये तीन मुख्य सत्र होते हैं। सांसदगण को संसद में अपना आचरण भी व्यवस्थित करना होता है। संसदीय बैठक में प्रश्नकाल और शून्यकाल की व्यवस्था भी होती है, जो सांसदों को भागीदारी का अवसर देती है। सांसदों की उपस्थिति अकसर समस्या होती है। उसे सुनिश्चित करने के लिए खास मौकों पर जब सदन में किसी विषय पर मतगणना की जरूरत पड़ती है तो सांसदों की घेरेबंदी भी करनी पड़ती है। उनको पकड़ में बनाए रखने के लिए पार्टियों द्वारा ह्विप जारी किया जाता है।

इतिहास पर गौर करें तो पता चलता है कि पहली लोकसभा की बैठक वर्ष में 135 दिन आयोजित हुई थी। सात दशक बाद पिछली यानी सत्रहवीं लोकसभा तक आते-आते स्थिति कितनी नाजुक हो गई, इसका अनुमान इसी से लगा सकते हैं कि कुल 55 दिन की बैठक का ही औसत रहा। कोविड के कारण सन 2020 में कुल 33 दिन ही बैठक हुई। यह दुखद है कि सन 1952 के बाद सबसे कम संसदीय काम सत्रहवीं लोकसभा में हुआ। (लगभग) बिना विचार किए बिल पास करने की प्रथा भी चल निकली। 35 प्रतिशत बिल एक घंटे से कम की चर्चा के बाद पास हुए। अब बिल स्टैंडिंग कमेटी को भी नहीं जाते। पिछली लोकसभा के काल में कुल 16 प्रतिशत बिल ही उसके पास विचार हेतु भेजे गए। सांसदगणों ने 729 निजी बिल प्रस्तुत किए जिनमें से केवल 2 पर ही विचार हुआ और तो और डेढ़ सौ सांसद निलंबित भी हुए थे।



लेखक : गिरीश्वर मिश्र
हिंदी विवि वर्धा के पूर्व कुलपति

सत्रहवीं लोकसभा में वर्ष 2014-19 के बीच कुल 274 बैठकें की गईं। इनमें विभिन्न प्रदेशों के सांसदों ने प्रश्न भी पूछे, जिनका विवरण कुछ इस तरह है जैसे कि महाराष्ट्र 370, आंध्र 275, राजस्थान 273 और पूर्वोत्तर 152 प्रश्न। नए सांसदों ने अधिक प्रश्न पूछे। औसतन सासंदों ने 45 बहसों में भाग लिया। केरल और राजस्थान के सांसद अधिक सक्रिय थे। उसके बाद स्थान था क्रमश: उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और झारखंड के सांसदों का। सांसदों की उपस्थिति का प्रतिशत उनकी शैक्षिक पृष्ठभूमि से जुड़ा था (हायर सेकेंडरी 34 प्रतिशत, ग्रेजुएट 47 प्रतिशत और स्नातकोत्तर 59 प्रतिशत सांसद उपस्थित रहे)। 56 सांसद 60 प्रतिशत से कम उपस्थित रहे, 16 की उपस्थिति 35 प्रतिशत से कम थी। केवल दो सांसद ही शत-प्रतिशत उपस्थित रहे। 120 सांसदों की उपस्थिति 90 प्रतिशत से अधिक थी। दो दशकों से सांसद और अब नई लोकसभा में विपक्ष के प्रमुख (लोप) नेता राहुल गांधी की उपस्थिति पिछली लोकसभा में 51 प्रतिशत थी।

विपक्ष सरकार को घेरने और आरोपित करने के उद्देश्य से संसद के कार्य में अकसर व्यवधान डालते हैं। उनका मकसद यही होता है कि कार्य न चल सके हो और सरकार की विफलता दर्ज हो। संसद से बाहर मीडिया के माध्यम से जनता को अकसर यह संदेश दिया जाता है कि विपक्ष को बोलने का मौका नहीं दिया जाता और लोकतंत्र खतरे में है, सरकार तानाशाही रवैया अपना रही है और किसी की कोई सुनवाई नहीं है। अकसर संसद एक नाट्य मंच का रूप ले लेता है, जहां कई नेता अभिनय की ओर उन्मुख हो जाते हैं। मीडिया की सक्रिय और तीव्र उपस्थिति के बीच वेश-भूषा, हाव-भाव और बोल-चाल सभी कुछ कैमरे की हद में होता है और टीवी आदि द्वारा यथाशीघ्र पूरे देश में प्रसारित हो जाता है। इस अवसर का लाभ उठाना लोकप्रियता अर्जित करने के लिए जरूरी होता है। अपनी सशक्त छवि-निर्माण के प्रति संवेदनशील नेतागण इसका कोई अवसर हाथ से नहीं जाने देते।

लोकसभा का नया सत्र...। इस बार संख्या-बल की दृष्टि से विपक्ष पहले की तुलना में अधिक ताकतवर है। यह संसदीय बहसों के स्तर को वैचारिक दृष्टि से समृद्ध करने वाला हो सकता है, बशर्ते खुले मन से बातचीत हो। आशा है नए पुराने सभी सांसद अपने उत्तरदायित्व को समझेंगे और कामकाज के प्रति सकारात्मक और गंभीर रुख अपनाएंगे। संवाद में भाषा की अहं भूमिका होती है। उस पर नियंत्रण होना बड़ा आवश्यक है, अन्यथा व्यर्थ का बवाल खड़ा हो जाता है, जिसे सुलझाने में समय जाया होता है। विवाद के प्रश्न तो होंगे ही, पर कटुता की जगह विमर्श और विचार की गंभीरता से ही लोकतंत्र की शक्ति बढ़ेगी। दलगत पसंद और नापसंद स्वाभाविक है किंतु उससे ऊपर उठकर रचनात्मक भूमिका निभाने का साहस जरूरी है। संसद का संचालन किसी एक की नहीं पक्ष और विपक्ष दोनों की साझे की जिम्मेदारी होती है। दोनों के ध्यान के केंद्र में अंतत: सुशासन और लोक कल्याण ही होना चाहिए। प्रजा के सुख में ही राजा का भी सुख निहित होता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आपदा से बचाव को कम करनी होगी प्रकृति से अनावश्यक छेड़छाड़

पूरे भारत में प्रचंड गर्मी का कहर पिछले 2 महीने से लगातार जारी था। मौसम विभाग के अनुसार जून में गर्मी ने 123 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया। देश में साल 1901 के बाद से इस साल का जून महीना अब तक का सर्वाधिक गर्म महीना रहा जिसका औसत तापमान 31.73 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से 1.96 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा। अब जबकि देश भर में मानसून ने दस्तक दे दी है, जिसके बाद लोगों को गर्मी से थोड़ी राहत मिली है परंतु तपती गर्मी और लू को झेल रहे उत्तर भारत में मानसून ऐसा आया कि अब लोगों को बाढ़ का खतरा सताने लगा है।

पहाड़ों पर भी जगह-जगह भू-स्खलन शुरू हो चुके हैं, मैदानी इलाकों में अचानक से कई नदियां खतरे के निशान के पास पहुंच गई हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने भी पूर्वानुमान जता दिया है कि जुलाई में भारत में सामान्य से अधिक वर्षा हो सकती है। भारी वर्षा के कारण पश्चिमी हिमालयी क्षेत्रों और देश के मध्य भाग में नदी घाटियों में बाढ़ आने की आशंका है जिसमें हमारा प्रदेश हिमाचल प्रदेश भी शामिल है। अगर हम वैज्ञानिकों की मानें तो मानव-जनित जलवायु परिवर्तन के कारण हवा में नमी की मात्रा बढ़ रही है, जो वैश्विक तापमान में प्रति डिग्री वृद्धि के साथ लगभग 7 प्रतिशत बढ़ रही है। इसका मतलब है कि अब तूफानों में ज्यादा पानी को रोकने और गिराने की क्षमता है, जिससे कि वर्षा-दायक मौसम प्रणालियों पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव क्षेत्र के अनुसार अलग-अलग हो सकता है, जो तस्वीर को और अधिक जटिल बनाता है। इसका मतलब है कि जलवायु परिवर्तन के कारण कुछ स्थानों पर अत्याधिक वर्षा हो सकती है, जबकि अन्य स्थानों पर कुछ सूखे अप्रत्याशित रूप से तेजी से विकसित होते देखे जा रहे हैं, जिसे 'फ्लैश ड्राउट' कहते हैं।



लेखक: रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य, स्वर्ण जयंती राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल टौणी देवी

ऐसा तब होता है जब किसी क्षेत्र में बारिश की कमी के साथ उच्च तापमान और कम आर्द्रता के साथ धूप की स्थिति होती है। जब ये स्थितियां मौजूद होती हैं, तो यह वाष्पीकरण के माध्यम से भूमि से वायुमंडल द्वारा खींची जाने वाली नमी की मात्रा को बढ़ा देता है, जिसका अंतिम परिणाम है भूमि का तेजी से सूखना। जैसे-जैसे हम ग्रह को गर्म करना जारी रखेंगे, हम और अधिक आकस्मिक सूखे देखेंगे। ऐसा इसलिए है, क्योंकि शुष्क परिस्थितियां अक्सर उच्च तापमान के साथ मेल खाती हैं क्योंकि कई भूमि क्षेत्रों में सापेक्ष आर्द्रता कम हो जाती है। ऐसी ही परिस्थितियों एवं जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा में भी भिन्नता बढ़ सकती है।

दुनिया के कुछ हिस्से औसतन बहुत ज्यादा गीले हो जाएंगे, जबकि दूसरे हिस्से सूख जाएंगे। जहां तक अपने प्रदेश की बात करें तो मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के अनुसार जुलाई के पहले सप्ताह में मानसून का प्रभाव कम देखने को मिलेगा, इसके बाद प्रभाव बढ़ेगा और बारिश के साथ आंधी तूफान भी देखने को मिलेगा। हिमाचल हमेशा से ही अपनी विशिष्ट भू-संरचना और सामाजिक, आर्थिक परिस्थितियों के कारण एक नहीं बल्कि अनेक तरह की आपदाओं के लिए काफी संवेदनशील है। जहां सालभर किसी न किसी तरह की आपदा से लोगों को दो-चार होना ही पड़ता है। इन प्राकृतिक आपदाओं में बाढ़, सूखा, भूकंप, बाढ़, भूस्खलन, हिमस्खलन और जंगल की आग प्रमुख हैं। अगर पिछले वर्ष की ही बात करें तो बरसात के मौसम में राज्य को कम से कम 10 हजार करोड़ की क्षति हुई जिससे उबरने को कई साल लगेंगे।

अब जबकि अभी मानसून पूरे यौवन पर आने को है, फिर भी शुरुआत में ही बारिश ने राज्य में पहाड़ से लेकर मैदान तक तबाही का सिलसिला जारी रहने की चेतावनी जारी कर दी है। पहाड़ों के निचले इलाके नदी और बाढ़ के प्रति काफी संवेदनशील होते हैं, जहां भारी जानमाल का नुकसान होता है और आजीविका प्रणालियों, संपत्ति, बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक संविधाओं को भी नुकसान पहुंचता है, जिससे न केवल क्षेत्र विशेष में जनजीवन के संकट के अलावा आजीविका और विकास का ढांचा तो तहस नहस होता ही है, साथ ही निकट भविष्य की आजीविका और विकास की संभावनाएं भी प्रभावित होती हैं। भूस्खलन से पर्यटन स्थल बाधित हो जाते हैं, जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था और आजीविका प्रभावित होती है। आखिर इस तरह आफत की बारिश से पहाड़ी राज्य, जिंदगियां एवं संपत्तियां तबाह होने से कैसे बचेंगी? तो इसका सीधा सा जवाब है कि हमें प्रकृति के साथ जीना, सीखना ही होगा और यह ही एकमात्र सुरक्षा की गारंटी है। हम केवल प्रकृति के साथ अनावश्यक और बेतहाशा छेड़छाड़ को कम करके और उसके साथ सामंजस्य बना कर ऐसी घटनाओं की निरंतर बढ़ती जा रही आवृत्ति को रोकने का प्रयास कर सकते हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

अनंत ज्ञान
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### आज मंडी के इन क्षेत्रों में बिजली रहेगी बंद

**मंडी।** 22 केवी कमांद-कटिनधि उच्च ताप बिजली लाइन ताप बिजली लाइन के रखरखाव का कार्य आज यानी 4 जुलाई को किया जाएगा, जिस कारण सुबह नौ से शाम पांच बजे तक कमांद, नवलय, नेरी, कटिनधि, हुलु, नांदली, सालगी तथा आस-पास के क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता, बिजली उपमंडल कटौला होशियार सिंह ने दी।

### नीलगाय का बच्चा आंशिक रूप से घायल

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** लडभड़ोल क्षेत्र के गांव दरोब में नीलगाय का एक बच्चा आंशिक रूप से घायल अवस्था में स्थानीय लोगों को मिला। बता दें कि बुधवार को खेतों में कार्य के लिए कुछ लोग जा रहे थे उसी दौरान आवारा कुत्तों ने इस नीलगाय के बच्चे पर हमला कर उसे घायल कर दिया। स्थानीय लोगों ने आवारा कुत्तों के हमले से नीलगाय के बच्चे को बचाया और इसकी जानकारी वन विभाग उपमंडल लडभड़ोल के कर्मियों को दी। वन विभाग लडभड़ोल की टीम ने मौके में आकर नीलगाय के बच्चे को अपने कब्जे में लिया। घायल नीलगाय के बच्चे का उपचार पशु चिकित्सालय लडभड़ोल में डॉक्टर की देखरेख किया जाएगा। वन कर्मियों के मुताबिक इसकी उम्र 2 माह बताई गई है। इस बार में कार्यकारी वन उपमंडल लडभड़ोल के आरओ प्यार चंद ने बताया कि सूचना मिलने के बाद वे स्वयं मौके पर पहुंचे और इस नीलगाय के बच्चे को उपचार के लिए लाया गया और ठीक होने के बाद इसे फिर से जंगल में छोड़ दिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### 5 को होगा दियारगी में छिंज का आयोजन

**विनोद, नेरचौक।** शक्तिपीठ माता हाटेश्वरी मेले के समापन अवसर पर दियारगी मैदान में विशाल दंगल का आयोजन पांच जुलाई को किया जा रहा है। हाटेश्वरी छिंज कमेटी के अध्यक्ष केसी कौशल ने बताया कि छिंज का शुभारंभ अध्यक्ष हाटेश्वरी मंदिर प्रबंधन समिति नंदलाल ठाकुर 2 बजे करेंगे तथा समापन निदेशक हिमाचल प्रदेश को-ऑपरेटिव बैंक लाल सिंह कौशल विजेता पहलवानों को गुरज सहित नकद राशि भेंट कर सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम में विशेषातिथि के रूप में दीवान चंद ठाकुर शामिल होंगे। (अनंत ज्ञान)

### मंदिर को बन रहे रोप-वे की फाउंडेशन में दरारें

**पंडोह।** चंडीगढ़-मनाली फोरलेन पर पंडोह डैम कैंची मोड से बगलामुखी मंदिर पर बन रहे 50 करोड़ के रोप-वे की फाउंडेशन में दरारें आने से बड़े हादसे के संकेत हो गए हैं। कैंची मोड और रोप-वे दोनों की फाउंडेशन एक-दूसरे के साथ जुड़ी हुई है। इससे स्थानीय लोगों में निर्माण कंपनी के खिलाफ रोष पनपने लगा है। इधर रोप-वे का कार्य अंतिम चरण में है। आजकल विदेशी इलैक्ट्रिक इंजीनियर रोप-वे के निर्माण को अंतिम चरण में पूरा करने में जुटे हैं। दरारें देखकर इनका कहना है कि अब कार्य बरसात के बाद ही किया जाना सुरक्षित होगा। बता दें कि रोप-वे का स्ट्रक्चर लोहे की गाडरों व हैवी मशीनरी से लद रहा है, जिसका वजन शायद ही ये दरारों वाली फाउंडेशन संभाल पाए। रोप-वे पर बरसात का खतरा मंडरा गया है।

### गांधी भवन में मिल रहीं वाचनालय की सुविधा

**अनिल, मंडी।** गांधी भवन मैनेजमैंट द्वारा चलाए जा रहे वाचनालय के एक वर्ष पूरा होने पर बैठक का आयोजन किया गया। संजय शर्मा ने बताया कि एक वर्ष में सैकड़ों बच्चों ने इस वाचनालय में पढ़ाई कर कई प्रतियोगी परीक्षाएं पास की हैं। यह सुविधा गांधी भवन मैनेजमैंट द्वारा निशुल्क बच्चों को उपलब्ध करवाई जा रही है। मैनेजमैंट के सचिव आनंद कुमार ने बताया कि मैनेजमैंट की ओ से लगभग पांच वर्ष से स्वामी पूर्णानंद मेमोरियल अस्पताल चलाया जा रहा है। इससे हजारों लोगों की ओर से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया गया। इस अवसर पर आशा चोपड़ा, आकाश शर्मा, संजय शर्मा, अभिषेक कौशल मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

### जोगिंद्रनगर में नगर परिषद का हैरतअंगेज कारनामा

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में रेलवे फाटक के पास नगर परिषद जोगिंद्रनगर के द्वारा एक ही खंभे में दो लाइट लगाई गई हैं और दोनों एक ही दिशा में लगाई गई हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए जोगिंद्रनगर निवासी पंजकू राम ने बताया कि रेलवे के पास लगी लाइट एक ही जगह लगाई गई है और जिससे दूसरी जगह जा रहे लोगों को अंधेरे में जाना पड़ता है। इसकी शिकायत नगर परिषद कार्यालय जोगिंद्रनगर में भी की गई पर अभी नगर परिषद की अध्यक्षा के कान में जूं नहीं रेंगती। (अनंत ज्ञान)

### नेरचौक में तंबाकू निवारण केंद्र का शुभारंभ

**विनोद जसवाल, नेरचौक।** श्री लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कॉलेज नेरचौक में तंबाकू निवारण केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्यातिथि मेडिकल कॉलेज के मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष राजेश भवानी ने रिबन काटकर इसका शुभारंभ किया। विश्व तंबाकू निषेध दिवस के आयोजन के दौरान कॉलेज प्रिंसिपल डॉ. डीके वर्मा ने बताया कि तंबाकू मुक्ति केंद्र में ओपीडी नं. 37 में कार्य करना शुरू कर दिया है। इस क्लिनिक का शुभारंभ कार्यवाहक प्रधानाचार्य डॉ. राजेश द्वारा किया गया। इस दौरान कॉलेज तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. दुर्गेश ने कहा कि इस क्लिनिक को कम्युनिटी विभाग द्वारा संचालित किया जाएगा जो सप्ताह में दो दिन क्रमशः सोमवार व बुधवार को 11 से एक बजे तक कार्य करेगा। (अनंत ज्ञान)

### किसानों को नई तकनीकों के उपयोग की दी जानकारी

**सुंदरनगर।** कृषि विज्ञान केंद्र मंडी स्थित सुंदरनगर में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान करनाल द्वारा कृषि पर एकदिवसीय जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान के वैज्ञानिक डॉ. सत्यवीर सिंह ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम न केवल किसानों की उत्पादकता बढ़ाने में सहायक होते हैं, बल्कि उन्हें कृषि के क्षेत्र में नवीनतम जानकारी भी प्रदान करते हैं। किसानों को इन तकनीकों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए, ताकि वह अपनी फसलों की गुणवत्ता और उत्पादन दोनों को बढ़ा सकें।

### नशा मुक्ति के लिए 9 को संधोल में सम्मेलन

**रितेश चौहान, सरकाघाट।** संधोल में नशा मुक्ति अभियान के लिए 9 जुलाई को सम्मेलन आयोजित किया जा रहा है, जिसकी अध्यक्षता हिमाचल प्रशासनिक सेवा अधिकारी एवं तहसीलदार ओशीन शर्मा करेंगी। नशा मुक्ति अभियान समिति खंड धर्मपुर के अध्यक्ष एवं अंतरराष्ट्रीय एथलेटिक्स कोच भूपिंदर भूप्पी और साक्षरता समिति सचिव सुनीता ने बताया कि इस सम्मेलन में संधोल तहसील में आने वाली पंचायतों के प्रधानों व अन्य जनप्रतिनिधियों के अलावा महिला मंडलों, युवक मंडलों, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं, व्यापार मंडल, स्कूल प्रबंधन समितियों, सैनिक लीग व अन्य संस्थाओं को आमंत्रित किया गया है। अभियान चलाने के लिए इस सम्मेलन में अभियान समिति भी गठित की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### 200 से अधिक लोगों ने करवाई स्वास्थ्य जांच

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर उपमंडल के आयुर्वेदिक अस्पताल में बुधवार को आयुर्वेदिक अस्पताल पपरोला के सौजन्य से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का शुभारंभ प्रदेश आयुष मंत्री यादविंद्र गोमा के कर कमल से किया गया। इस अवसर पर आयुष सचिव संदीप कदम, आयुष निदेशक डॉ. निपुण जिंदल भी शिविर में मौजूद थे। उपमंडलीय आयुष चिकित्सा विभाग अधिकारी डॉक्टर निशी शर्मा ने बताया कि प्रदेश आयुष मंत्री यादवेंद्र गोमा का भव्य स्वागत किया गया। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य शिविर में 200 से अधिक लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई, जिसमें रक्त जांच, मधुमेह जांच, ईसीजी पंचकर्मा, हड्डियों से संबंधित रोग आदि शामिल हैं। (अनंत ज्ञान)

### सिम को अपग्रेड करने का झांसा दे रहे साइबर ठग

**पीयूष शर्मा, करसोग।** करसोग में इन दिनों साइबर अपराधी लोगों को सिम अपग्रेड के नाम पर ठगी करने की घटनाओं को अंजाम देने में लगे हैं। केवाईसी, सेक्सटॉर्शन, और बिजली बिल के नाम पर लोगों को ठगी करने के बाद 5जी को लेकर साइबर ठगों ने '5जी ठगी का नेटवर्क' लांच कर दिया है। इस नेटवर्क के जरिए ये ठग अब मोबाइल उपभोक्ताओं को लिंक के साथ तरह-तरह के मैसेज भेज कर लोगों को अपने जाल में फंसाकर ठगी करने में लगे हैं। 5जी को लेकर लोगों में उत्साह को देखकर मोबाइल यूजर्स को साइबर ठगों ने मेसेज भेजने शुरू कर दिए हैं। इसमें 5जी सिम अपग्रेड और नेटवर्क इशू का मेसेज होता है। कुछ लोग इस जाल में फंसकर 4जी नेटवर्क को 5जी नेटवर्क में चेंज करने और प्रोसेसिंग के नाम पर लिंक पर जाकर अपना जमा पूंजी गवां रहे हैं। वहीं, थाना प्रभारी करसोग मोहन जोशी ने बताया कि आजकल मोबाइल उपभोक्ता सायबर ठगों की ओर से भेजे गए लिंक पर क्लिक कर रहे हैं कि यह ऑफिशियल मेसेज है, जैसे ही उपभोक्त ा लिंक पर क्लिक करता है। मोबाइल पर ओटीपी आता है और ओटीपी डालते ही मोबाइल हैक हो जाता है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वह 5जी में सिम अपग्रेड करने वाले फोन से सावधान रहे और ठगी का शिकार होने से बचें। वहीं, डीएसपी करसोग ने बताया कि मोबाइल उपभोक्ता 5 जी से जुड़े किसी भी तरह की फेक मैसेज या फोन कॉल पर सावधानी बरतें। (अनंत ज्ञान)

### गोमा के पास पहुंचा व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर

**अभिषेक, जोगिंद्रनगर।** व्यापार मंडल जोगिंद्रनगर का एक शिष्टमंडल यहां नवनिर्वाचित अध्यक्ष भास्कर गुप्ता के नेतृत्व में प्रदेश के आयुष एवं खेल मंत्री यादवेंद्र गोमा से मिला और कुछ स्थानीय मांगों से संबंधित एक ज्ञापन उन्हें सौंपा। व्यापार मंडल ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि जोगिंद्रनगर में आयुर्वेद विभाग के चल रहे 30 बिस्तर वाले सर्कल अस्पताल में अधिकांश खाली चल रहे पदों को शीघ्र भरा जाए, ताकि वहां दाखिल होने वाले रोगियों को इसका लाभ मिल सके। इस अस्पताल में अधिकांश पद खाली होने के कारण यहां आने वाले रोगियों को इसका लाभ नहीं मिल पाता। ज्ञापन में मांग की गई कि जोगिंद्रनगर में आयुर्वेद विभाग के चल रहे बी-फार्मेसी कॉलेज का सरकारीकरण किया जाए। व्यापार मंडल ने आयुर्वेद अस्पताल से खेल मैदान के रास्ते में इंटरलॉक टाइल बिछाने, जोगिंद्रनगर के एक मात्र खेल मैदान के चारों तरफ फेंसिंग करवाने तथा वहां स्थापित जिम और शौचालय की सुविधा सभी को उपलब्ध करवाएं। (अनंत ज्ञान)

---

**होस्ट एंकर सीरीज एपिसोड-11: राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित अंशुल ने कहा-हर फील्ड में हाथों के हुनर से खत्म होगी बेरोजगारी की समस्या**

# विश्वभर में हमारी पहचान है हिमाचली टोपी: अंशुल मल्होत्रा

**अनिल शर्मा, मंडी**



होस्ट एंकर सीरीज के 11वें एपिसोड में अंशुल मल्होत्रा से खास बातचीत करतीं एंकर नीरज शर्मा।

दुख की बात है कि गांव में पहले 100 लोग अपने हाथों से बेटी की शादी में शॉल बना लेते थे, लेकिन बदलते परिवेश में उनकी संख्या 50 रह गई है। अब स्थिति यह है कि 10 लोग काम कर रहे हैं, तो उनके बच्चे हथकरघा उद्योग से नहीं जुड़ना चाहते हैं।

हर फील्ड में हाथों के हुनर से बेरोजगारी की समस्या जड़ से खत्म हो सकती है। यह बात होस्ट एंकर सीरीज के 11वें एपिसोड में एंकर सेवानिवृत्त प्रवक्ता नीरज शर्मा के साथ खास बातचीत में राष्ट्रपति के हाथों नारी शक्ति अवॉर्ड से सम्मानित टैक्सटाइल इंजीनियर अंशुल मल्होत्रा ने कही। उन्होंने कहा कि राजस्थानी यदि दिल्ली आएंगे, तो पगड़ी पहन कर आएंगे, लेकिन हिमाचल टोपी पहन कर नहीं जाते। नारी शक्ति अवॉर्ड के अनुभव साझा करते हुए कहा कि दिल्ली में जब प्रत्येक राज्य की महिलाओं के साथ अपना परिचय देने लगी, तो पीएम मोदी ने अपने सिर पर हाथ लगाते हुए कहा कि मुझे पता है, क्योंकि मैंने हिमाचली टोपी पहनी हुई थी। हमें अपनी संस्कृति को नहीं भूलना चाहिए। बिहार राज्य की मधुवनी पेंटिंग की बात करूं, तो वहां अभिभावक अपने बच्चों को खिलौने लेकर नहीं देते, रंग लेकर देते हैं, ताकि वह कुछ आकृति बनाएं और धीरे-धीरे उसमें पारंगत हो सके, लेकिन हिमाचल की माताएं अपने बच्चों को खड्डी पर नहीं बैठाती। हथकरघा एक स्किल है, आप अपने घरों में रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। हथकरघा को स्कूली सिलेबस में जोड़ना चाहिए। (अनंत ज्ञान)

#### बुनकरों में ज्यादातर महिलाएं शामिल

बकौल अंशुल मल्होत्रा विभिन्न जिलों के बुनकरों को उनके घर-द्वार पर ही ताना-बाना लगाकर देने के अलावा बुनकरों को डिजाइन उपलब्ध करवाती हैं। ग्रामीण बुनकरों के बनाए उत्पादों को उनके घरों से ही एकत्रित बाजार में लाया जाता है। काम करने वाले बुनकारों में अधिकांश महिला बुनकर हैं, जो परिवार में बच्चों, बुजुर्गे की देखभाल के साथ खेतीबाड़ी, पशुपालन आदि कार्यों को पूरा करने के अतिरिक्त घर पर बुनाई कार्य भी कर रही हैं। कृष्णा वूल को अपने बेहतर उत्पादों के लिए सूरज कुंड मेले में दो मर्तबा कला मनी और एक बार कला निधि अवॉर्ड से सम्मानित किया गया है। इसके अलावा कृष्णा वूल ने हैंड स्पीनिंग तथा डिजाइनिंग में मेक इन इंडिया के तहत 'जीरो डिफेक्ट जीरो इफेक्ट' में हिमाचल के लिए प्रथम पुरस्कार हासिल किया है, जिससे न केवल हिमाचल के ऊनी उत्पादों को बाजार में लोकप्रियता मिली, बल्कि युवा बुनकरों को भी प्रोत्साहन मिला।

#### ई-धागा और ऐप से कारोबार

डिजिटल क्रांति के युग में हथकरघा बुनकरों को ई-धागा एनएचडीसी मोबाइल एप्लीकेशन ऐप उपलब्ध करवाई गई है। एनएचडीसी से कच्चा माल खरीदने पर 10 प्रतिशत रिटर्न की सुविधा प्रदान की जा रही है। मार्केट इंसेंटिव कार्यक्रम के तहत 15 लाख तक की तीन साल की आय की सेल पर 10 प्रतिशत इंसेंटिव दिया जा रहा है। क्लस्टर डेवलपमेंट कार्यक्रम के अनेक ऐसे कंपोनेंट हैं, जिससे बुनकर सीधे तौर पर लाभान्वित होकर अपनी आर्थिकी को मजबूत कर रहे हैं।

#### ग्रामीण बुनकरों को कर रहीं आत्मनिर्भर

आज हथकरघा उद्योग को बड़ा बाजार देने वाले परिवार की तीसरी पीढ़ी मंडी टैक्सटाइल इंजीनियर अंशुल मल्होत्रा कई ग्रामीण बुनकारों को जीवन यापन का ताना-बाना सीखा रही हैं। उन्होंने अपने दादा और पिता से विरासत के रूप में प्राप्त हुनर से हथकरघा उद्योग में नाम कमाया है। वर्ष-2012 को राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी के हाथों से शिल्प गुरु अवॉर्ड से सम्मानित पिता ओम प्रकाश मल्होत्रा के सहयोग से न केवल स्वयं आत्मनिर्भर हुईं, बल्कि अनेक महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया और कृष्णा बूल के बैनर तले लाहौल-स्पीति, कुल्लू, किन्नौर, मंडी के बुनकरों के साथ जुड़ कर अपने सपनों को उड़ान दी। आज 12 देशों में इनका बनाया उत्पाद बेचा जा रहा है।

#### 12 देशों के लिए एक्सपोर्ट हो रहे उत्पाद

अंशुल मल्होत्रा ने कहना कि बुनकर होना अपने आप में संस्कृति व विरासत से जुड़ा एक बहुत बड़ा हुनर और कमाई का जरिया है। ग्रामीण युवाओं के इस क्षेत्र से जुड़ने से न केवल इस पारंपारिक कौशल को विस्तार व संरक्षण मिलेगा। पशमीना, अंगोरा वूल तथा भेड़ की ऊन, नेचुरल डाई, नेचुरल फाइबर पर आधारित होने के कारण उनके यहां बने ऊनी उत्पाद सीधे 12 देशों के लिए एक्सपोर्ट हो रहे हैं, जिसका लाभ ग्रामीण बुनकरों को मिल रहा है।

---

# मंडी का केहनवाल मार्ग नाले में बदला

## पैदल चलना भी हुआ मुश्किल, कटिंग करके मलबा उठाना भूल गया विभाग

**अनिल शर्मा, मंडी**



केहनवाल मार्ग की दुर्दशा व कटिंग के बाद सड़क किनारे छोड़ दिया गया मलबा।

मंडी नगर निगम के वार्ड नंबर-चार रामनगर व पांच संयारढ़ी का हिस्सा बना मंडी केहनवाल मार्ग नाले में बदल गया है। इस सड़क पर वाहन चलाना, तो दूर पैदल चलने वालों के लिए आफत हो गई है। यह अति व्यस्त मार्ग है, जिससे होकर रोजाना इलाका केहनवाल के साथ साथ रिवालसर, हमीरपुर, कोटली की तरह से भी हजारों वाहन आते हैं।

यही नहीं इन दिनों जो अटारी, जालंधर, हमीरपुर मंडी लेह राष्ट्रीय मार्ग-तीन को डब्बल लेन करने का काम चला हुआ है उसके भारी डंपर भी मलबा लेकर इसी मार्ग से दिन रात-गुजर रहे हैं। पूरी सड़क टूट चुकी है। कई-कई फुट गहरे गड्ढे बन चुके हैं, हालात ऐसे हैं कि इन गड्ढों में धान की रोपाई भी आसानी से हो सकती है। मंडी शहर के रामनगर केहनवाल चौक से दो किलोमीटर आगे केहनवाल इलाके को सड़क जाती है। इसका इन दिनों स्तरोन्नत किए जाने का काम चला है। डीसी मंडी ने एक आदेश जारी कर कटिंग का काम बरसात के दिनों में रोक दिया है, मगर जो कटिंग लगभग आधा किलोमीटर की लोक निर्माण विभाग के ठेकेदार ने की है उसका मलबा वैसे ही सड़क पर पड़ा है। इस मलबे से सड़क तंग हो गई है, दो पहिया वाहनों को पास देने लायक भी नहीं बची है। नालियां बंद पड़ी हैं, पानी व मलबा सड़क से होकर बह रहा है, इसने सड़क का बुरी तरह से तोड़ दिया है। यहां पर रोजाना दोपहिया वाहन गिर रहे हैं। पैदल चलने वालों के लिए हर समय वाहनों से टकराने का खतरा बना हुआ है। रामनगर के पार्षद योग राज का कहना है कि इस सड़क की दुर्दशा के बारे में वह डीसी मंडी को लिखित तौर पर दे चुके हैं। नेशनल हाइवे अथारिटी को इसकी मरम्मत करनी है तथा केहनवाल मार्ग का मलबा लोक निर्माण विभाग को उठाना है, मगर कोई कार्रवाई नहीं कर रहा है। संयारढ़ी वार्ड के पार्षद वीरेंद्र आर्य ने कहा कि बार-बार ध्यान दिलाए जाने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। (अनंत ज्ञान)

#### सभी नालियों को खोलने की मांग

इधर, रोजाना इस मार्ग को इस्तेमाल करने वालों व स्थानीय लोगों ने दुखी होकर अब प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह जिन्होंने यह एलान किया था कि बरसात से पहले-पहले सभी नालियों को साफ करके पानी की निकासी सुनिश्चित की जाएगी व सड़कों की मरम्मत होगी की जाएगी उनको इस मार्ग की दुर्दशा बारे लिखा है। रमेश ठाकुर, हरि सिंह डोगरा, डॉ. जीवा नंद चौहान, बीसी शर्मा आदि द्वारा हस्ताक्षरित इस पत्र में लोक निर्माण विभाग, मंडी प्रशासन, नेशनल हाइवे अथारिटी की कारगुजारी के प्रति उन्हें अवगत करवाते हुए इस मार्ग पर कटिंग के बाद सड़क पर ही डंप किए गए मलबे को तुरंत हटाने, केहनवाल चौक से तल्याड़ तक के मार्ग को मरम्मत करने तथा सभी बंद नालियों को खोलने की मांग की है।

---

# अनाह में बारिश से आए मलबे में एक कार व दो बाइकें दबीं

**सुनील शर्मा, गोहर**



सिराजघाटी की अनाह पंचायत के अनाहाश गांव में मूसलाधार बारिश से नाले में बाढ़ आ गई। पानी के साथ आए मलबे में दो बाइक और एक कार दब गई, जिन्हें ग्रामीणों की मदद से सुबह निकाल लिया गया। हालांकि मलबे के बीच दबी गाड़ियों को आंशिक नुकसान होने की आशंका जताई जा रही है, लेकिन जिस तरह से बरसात के मौसम ने शुरूआती दौर में ही अपना जलवा दिखाना शुरू किया है। उससे लोगों में भय पैदा होने लगा है। बारिश से कई जगहों पर खेत खलिहानों को खासा नुकसान हुआ है।

पंचायत प्रधान अनाहा तारा चंद ने कहा कि सराज विधानसभा क्षेत्र की अनाह पंचायत में मूसलाधार बारिश के कारण नाले में बाढ़ आ गई। मलबे में कार और बाइक दब गईं, वहीं तीन घरों और एक गऊशाला को भी नुकसान पहुंचा है। गऊशाला को खाली करवा दिया गया है। नाले के साथ लगते कुछ अन्य घरों पर भी खतरा मंडराया है। लोग खुद ही मलबा हटाने में जुटे हैं। लोगों ने लोक निर्माण विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर कड़ा ऐतराज जताया है। ऐसी सूरत में अगर विभाग के अधिकारी उनकी कतई नहीं सुनते हैं। इस कारण लोगों को बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट ने बताया कि बीती रात को नाले में आए मलबे के कारण कार और दो बाइक दबने की सूचना है, जिन्हें सुरक्षित निकाल लिया गया है। हलका पटवारी को नुकसान का जायजा लेने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। लोगों की शिकायत पर लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता बगस्याड़ को दूरभाष से बताया कि सड़क मार्ग को तुरंत प्रभाव से दुरुस्त किया जाए। (अनंत ज्ञान)

---

# विधायक चंद्रशेखर ने सादे ढंग से मनाया जन्मदिन

**रितेश चौहान, सरकाघाट**



सादे समारोह में जन्मदिन मनाते हुए धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर।

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष एवं धर्मपुर के विधायक चंद्रशेखर ने अपना 51वां जन्मदिन पार्टी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और परिवार के सदस्यों के साथ सादे ढंग से मनाया। भारी बारिश और कई सड़कें बंद होने के बावजूद दूर-दूर से पार्टी कार्यकर्ता विधायक को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए बहरी पंचायत में उनके निवास स्थान पहुंचे।

कार्यकर्ताओं ने पुष्पगुच्छ देकर और केक काटकर विधायक का जन्मदिन मनाया। गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी विधायक को जन्मदिन की शुभकामनाएं देने के लिए अधिकारियों, कर्मचारियों और लोगों का उनके निवास स्थान पर तांता लगा रहा। इस वर्ष भी कार्यकर्ताओं के कहने पर उन्होंने केक काटकर जन्मदिन की शुभकामनाएं लीं। विधायक ने उनके जन्मदिन को खास बनाने और सभी कार्यकर्ताओं की शुभकामनाओं के लिए उनका आभार जताया। हमीरपुर उपचुनाव प्रचार में डटे विधायक चंद्रशेखर सुबह ही जन्मदिन की पूजा के लिए निवास स्थान पहुंचे थे और पूजा के बाद कार्यकर्ताओं से शुभकामना लेने के बाद फिर प्रचार के लिए हमीरपुर रवाना हो गए। उन्होंने कार्यकर्ताओं को कहा कि वह उपचुनाव में अपनी जिम्मेदारी निष्ठा से निभा रहे हैं। पूरा विश्वास है कि तीनों उपचुनावों पर कांग्रेस रिकॉर्ड मतों से जीत दर्ज करेगी।

उन्होंने मौके पर मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस बरसात में वह खुद लोगों की सुरक्षा के लिए डटे रहे। (अनंत ज्ञान)

---

# पुलिस थाना सुंदरनगर के तहत मारपीट को लेकर क्रॉस एफआईआर दर्ज

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

बीएसएल जलाशय के कंट्रोल गेट में तैनात पुलिस कर्मी ने एक व्यक्ति पर उसके साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। आरक्षी रावत ने कहा कि उसकी दो से पांच बजे तक ड्यूटी थी।

शाम पांच बजे ड्यूटी पूरी होने के बाद वह अपनी बैरेक में चला गया। वर्दी उतारने के बाद वह पानी के लिए संतरी आरक्षी प्रिंस के साथ संतरी पोस्ट पर आ गए। करीब सात बजे बीबीबीएम के कर्मचारी अजय ने उसे बुलाया और कहा कि कोई व्यक्ति बात करना चाहता है, जब वह उस व्यक्ति के पास पहुंचे तो उसने उसे गालियां निकालनी शुरू कर दी। वहीं अजय ने कहा कि वह शाम करीब सवा सात बजे रोज की भांति झील की सड़क पर सैर करने के बाद कंट्रोल गेट के पास पैरापिट पर बैठा हुआ था। तभी देखा की दो व्यक्ति किसी के साथ बहस कर रहे थे। वह दोनों मेरे पास आए, तो अकारण ही गालियां निकालनी शुरू कर दी, जब उसने विरोध किया तो पुलिस की धौंस जमाते हुए अपनी सर्विस राइफल से गोली से उड़ाने की धमकी भी दी। डीएसपी, भारतभूषण ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

---

# नाचन से 11 बीएलओ सम्मानित

**सुनील शर्मा, गोहर**



लोकसभा चुनाव के मद्देनजर नाचन निर्वाचन क्षेत्र में व्यवस्थित व संपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न करवाने के लिए ड्यूटी में कार्य कर रहे कर्मठ, निष्पक्ष कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनका आभार व्यक्त किया जा रहा है।

इसी कड़ी में लोकसभा चुनाव के दौरान नाचन से ड्यूटी में कार्यरत 11 बीएलओ को चुनावों के दौरान कर्मठता व निष्पक्षता से किए हुए कार्यों के लिए एसडीएम गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट की ओर से प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनका आभार जताया। एसडीएम ने कहा कि लोकसभा चुनाव को संपूर्ण तरीके से संपन्न करवाने के लिए ड्यूटी में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारियों को जिन्होंने उन्हें दिए गए हुए कार्यों को बखूबी से निभाया है उन्हें सहायक निर्वाचन अधिकारी नाचन द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसी कड़ी में नाचन निर्वाचन क्षेत्र के 126 पोलिंग बूथ में कार्यरत बीएलओ में से 11 बीएलओ (माया देवी आंगनबाड़ी वर्कर पोलिंग बूथ सलवाहन-1, चंद्र मोहन पंचायत सेक्रेटरी पोलिंग बूथ ढाबन-1 आदि को सम्मानित किया गया। बीएलओ को सम्मानित करने के लिए पांच पैरामीटर निश्चित किए गए थे। इन्हीं पांच पैरामीटर के आधार पर सभी 126 बीएलओ का आकलन किया गया। इसी के तहत लोकसभा चुनावों में नाचन निर्वाचन क्षेत्र से प्रवीण कुमार जूनियर असिस्टेंट बीडीओ ऑफिस उन्हें 'सर्वश्रेष्ठ कर्मचारी' तौर पर नवाजा गया। (अनंत ज्ञान)

---

# पुलिस से साझा करें किरायेदारों की जानकारी

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**

सुंदरनगर में मकान मालिकों को अब अपने घर में रहने वाले किरायेदारों की पहचान और जानकारी पुलिस थाना सुंदरनगर के साथ जल्द साझा करनी होगी।

इसको लेकर पुलिस थाना सुंदरनगर ने हरकत में आते हुए विशेष अभियान शुरू कर दिया है। बीते कुछ दिनों से क्षेत्र में एकाएक चोरी घटनाओं में लगातार इजाफा हुआ है, लेकिन अभी तक पुलिस एक चोरी की घटना को ही सुलझाने में कामयाब हो पाई है। इन चोरी की घटनाओं के तार प्रवासियों से जुड़ने के कारण क्षेत्र में झुग्गी-झोपड़ीयों की बढ़ रही तादाद को लेकर भी प्रशासन और पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं। वहीं, अब क्षेत्र में बाहरी इलाकों से रह रहे किरायेदार पुलिस प्रशासन की रडार पर आ गए हैं। प्रभारी नानक चंद ने बताया कि क्षेत्र के घरों में रहने वाले किरायेदारों की पहचान और सही जानकारी जल्द पुलिस के साथ साझा करें। मकान मालिकों की ओर से जानकारी छुपाने या मुहैया नहीं करवाने की सूरत में कड़ी कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। (अनंत ज्ञान)

#### पुलिस सत्यापन के लिए होनी चाहिए ऑनलाइन सुविधा

सुंदरनगर के बीडीसी सदस्य कलौहड़ महेश शर्मा ने बताया कि मकान मालिकों द्वारा घर किराये पर देने से पहले किरायेदार का पुलिस सत्यापन सुनिश्चित करना अनिवार्य है। सुंदरनगर में बाहरी क्षेत्रों से आकर किरायेदार के तौर पर रहने वाले लोगों की पुलिस सत्यापन के लिए ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध करवाई जानी चाहिए। इससे लोगों को सत्यापन करवाने के लिए सुविधा उपलब्ध होगी। क्षेत्र में अवैध रूप बिना पुलिस सत्यापन से सैकड़ों प्रवासी रह रहे हैं।

---

**तैयारियां** | **सुंदरनगर के हंडेटी स्थित मंदिर से जंगमबाग के लिए करेंगे प्रस्थान, भगवान जगन्नाथ संग बलीभद्र व माता लक्ष्मी भी रहेंगे मौजूद**

# सात से 9 तक होगा प्राचीन भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का आयोजन

**उमेश भारद्वाज, सुंदरनगर**


भगवान जगन्नाथ की भव्य मूर्ति।

मंडी जिले की सबसे प्राचीन भगवान जगन्नाथ रथयात्रा सुंदरनगर का आयोजन धूमधाम से किया जा रहा है।

इसको लेकर नगर परिषद के हंडेटी स्थित नवनिर्मित भगवान जगन्नाथ मंदिर परिसर में तैयारियां शुरू हो गई हैं। भगवान जगन्नाथ, बलीभद्र और माता लक्ष्मी रविवार सात जुलाई को भव्य रथयात्रा के माध्यम से जंगमबाग के लिए प्रस्थान करेंगे। इसके उपरांत 8 को जंगमबाग में विश्राम करने के उपरांत 9 को भगवान अपने हंडेटी स्थित मंदिर के लिए वापस लौट जाएंगे। इस मौके पर जंगम बाग में विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। श्री जगन्नाथ मंदिर के प्रधान सेवक रूपेश शर्मा ने बताया कि सालों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए इस वर्ष भी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का भव्य आयोजन किया जाएगा। इसका आयोजन ओडिशा के पुरी में आयोजित होने वाली भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा की तर्ज पर ही किया जाता है। वहीं, 7 को रथयात्रा और 9 को मंदिर वापसी को लेकर भगवान महोत्सव के आयोजन के लिए जंगम बाग मंदिर निर्माण प्रबंधक कमेटी ने तैयारियां भी शुरू कर दी है। (अनंत ज्ञान)

#### रथयात्रा से कई वर्षों पूर्व प्रशासन और राजघराना कर चुका किनारा

रियासतकाल में भगवान जगन्नाथ मंदिर हंडेटी से निकलने वाली रथयात्रा का एक अलग ही स्वरूप था। इसकी भव्यता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसमें सुकेत रियासत के प्रतिनिधि, अधिकारी, हाथी और घोड़े मौजूद रहते थे। लोग ढोल-नगाड़ों, झंडों और पालकियों के साथ यात्रा में सम्मलित होकर क्षेत्र का माहौल हर्षोल्लास से भर देते थे। वहीं, कई बार सुकेत रियासत के राजा भी भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा में शिरकत करते थे, लेकिन समय के साथ अब इसका स्वरूप बदल गया और पिछले कई वर्षों से स्थानीय प्रशासन और राजपरिवार ने भी रथयात्रा से किनारा कर लिया है।

#### बलीभद्र और माता लक्ष्मी के साथ मध्य में विराजमान हैं भगवान जगन्नाथ

श्री जगन्नाथ मंदिर हंडेटी सुंदरनगर मंडी का सबसे पुराना भगवान जगन्नाथ मंदिर है। इसका इतिहास सुकेत रियासत के 'द गजिटेरियन आफ सुकेत' में भी वर्णित है। मंदिर में चंदन से निर्मित सबसे बड़ी मूर्ति भगवान जगन्नाथ की है। इस मूर्ति में भगवान जगन्नाथ का नाक, मुंह, आंखें और बिना उंगलियों के हाथ स्पष्ट रूप से देखे जा सकते हैं। उनके दाईं तरफ चंदन निर्मित बलभद्र और बाईं और माता लक्ष्मी अष्टधातु की मूर्ति है। मंदिर में अन्य छोटी मूर्तियों के अलावा शालिग्राम भी मौजूद हैं।

#### मंदिर हंडेटी से जुड़ी प्राचीन मान्यता

मान्यतानुसार लगभग 300 वर्ष पूर्व एक फकीर चंदन की लकड़ी से बनी इस मूर्ति को लेकर ओडिशा के तट से सुंदरनगर आए थे। मूर्ति को खरीदने के लिए सुकेत कोर्ट ने फकीर के समक्ष 500 रुपए का प्रस्ताव रखा, लेकिन फकीर ने मूर्ति को एक हजार रुपए में कुल्लू के राजा को बेचने का वादा करने की जानकारी दी। इस दौरान कुल्लू जाने से पहले ही फकीर की मृत्यु हो गई। फिर राजा के आदेश पर मंदिर के लिए पुजारियों का चयन हुआ और इसके रखरखाव के लिए जमीन मंजूर की गई। सुकेत कोर्ट की ओर से मूर्ति की तय कीमत 500 रुपए फकीर के अंतिम संस्कार पर व्यय की गई और मंदिर का निर्माण राजकीय कोष के माध्यम से किया गया।

## न्यूज ब्रीफ

### बाइक सवार युवकों ने महिला से छीनीं बालियां

**राजेश शर्मा, ऊना।** जिला मुख्यालय में स्नेचिंग का एक और मामला सामने आया है। जिला मुख्यालय के साथ लगते कोटला कलां में एक महिला की सोने की बालियां छीनकर आरोपी फरार हो गए हैं। पीड़ित महिला का आरोप है कि पता पूछने के नाम पर बाइक सवार दो युवक बालियां लूट कर फरार हो गए। पुलिस ने महिला की शिकायत पर अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित महिला रक्षा देवी निवासी कोटला खुर्द ने बताया कि गत दिवस अपने घर से पैदल बाबा बाल जी मंदिर माथा टेकने जा रही थी। बाबा बाल जी के गेट को क्रॉस कर जैसे ही मंदिर की तरफ जाने लगी, तो कुछ दूरी पर रास्ते में एक बाइक खड़ी थी। एक व्यक्ति बाइक पर बैठा था और दूसरा व्यक्ति खेत में काम कर रहा था, जो कि आपस में बात कर रहे थे। खेत में काम कर रहा व्यक्ति मेरी तरफ आया और घालूवाल को जाने वाले रास्ते के बारे पूछना लगा। मैं कोई जवाब दे पाती, इसी दौरान व्यक्ति ने मेरे दोनों कानों की बालियां छीन लीं और बाइक पर बैठे व्यक्ति के साथ फरार हो गया। चिल्लाने पर स्थानीय लोग एकत्रित हुए और पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। पुलिस अधीक्षक ऊना राकेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, साथ ही सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### ट्रेन की चपेट में आने से महिला की मौत

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला के दौलतपुर से चलने वाली साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से 75 वर्षीय महिला की मौत होने का मामला सामने आया है। यह हादसा जिला के चुरूडू रेलवे स्टेशन के समीप पेश आया है। रेलवे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की शाम को साबरमती एक्सप्रेस दौलतपुर चौक रेलवे स्टेशन से चुरूडू रेलवे स्टेशन के बीच जा रही थी। इसी दौरान कमला देवी अज्ञात कारणों के चलते ट्रेन की चपेट में आ गई। इसके चलते वह बुरी तरह से घायल हो गई। जख्मों के ताव न सहते हुए बुजुर्ग महिला ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। महिला की पहचान 75 वर्षीय कमला देवी पत्नी दिलीप चंद निवासी सेरी डाकघर हंबोली के रूप में की गई है। रेलवे पुलिस चौकी के इंचार्ज पुरुषोत्तम चंद ने बताया कि पुलिस ने घटना के संबंध में केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी है। बताना जरूरी है कि इस रेल मार्ग पर तीन महीनों के भीतर यह तीसरा मामला है। इससे पहले अलग-अलग घटनाओं में दो युवक ट्रेन से कट गए थे।

### मेरिट सूची में शामिल अनामिका का किया सम्मान



अनामिका परमार को सम्मनित करते प्रधानाचार्य दर्शन कुमार और स्टाफ सदस्य।

**विवेक शर्मा, अंब।** एचपीयू की मेरिट लिस्ट में महाराणा प्रताप गवर्नमेंट डिग्री कॉलेज अंब की बीएससी की छात्रा अनामिका परमार ने नौवां स्थान हासिल किया है। इस अवसर पर पूरी कॉलेज बिरादरी ने अनामिका परमार को बधाई दी। कॉलेज पहुंचने पर प्रिंसिपल प्रो. दर्शन कुमार व अन्य स्टाफ सदस्यों ने उन्हें सम्मानित किया। उन्हें स्मृति चिन्ह और नकद पुरस्कार भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर अनामिका परमार की माता जी सरोज देवी, प्रो. अमित कुमार, प्रो. नितिन कुमार शर्मा, प्रो. अनिल वर्मा, प्रो. रजनीश कुमार, अधीक्षक ग्रेड-1 जीत कुमार, अधीक्षक ग्रेड-2 रविंद्र वर्मा एवं अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे। अनामिका परमार ने एमएससी ज्योलॉजी के लिए एचपीयू प्रवेश परीक्षा में भी प्रथम स्थान प्राप्त किया है। पूरे कॉलेज परिवार ने उनकी भविष्य की शैक्षणिक गतिविधियों में उनकी सफलता की कामना की। (अनंत ज्ञान)

### महिलाओं के लिए साक्षात्कार ऊना में कल

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज अरिहंत स्पाइनिंग मिल्स मलेरकोटला, पंजाब द्वारा 5 जुलाई को सुबह 10.30 बजे राजकीय महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ऊना में रोजगार साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है। इस संबंध में प्रधानाचार्य महिला आईटीआई ऊना इंजीनियर बीएस ढिल्लों ने बताया कि साक्षात्कार में केवल महिला प्रशिक्षु भाग ले सकती हैं। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार में भाग लेने के शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, आईटीआई उत्तीर्ण, व्यवसाय फैशन डिजाइन टेक्नोलॉजी, सिलाई कला, कढ़ाई कला, ड्रेस मेंकिग आयु 18 से 25 वर्ष होना अनिवार्य है। साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थी को 9,060 से 15,896 तक का वेतन दिया जाएगा। इसके अलावा साक्षात्कार में चयनित अभ्यार्थियों को पीएफ, ईएसआई, बोनस, छुट्टी, रियायती आवास और खाने की सुविधा भी दी जाएगी। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र एनटीसी, 10वीं व 12 का प्रमाण पत्र, बैंक खाता पासबुक, आधारकार्ड, स्वसत्यापित पोसपोर्ट साइज फोटोग्राफ सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं।

### इवान सिक्योरिटी शिमला में भरे जाएंगे 104 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज इवान सिक्योरिटी फंक्शन प्राइवेट, लिमिटेड शिमला द्वारा 104 पद (नियमित) अधिसूचित किए गए हैं जिसमें 80 पद सिक्योरिटी गार्ड, 20 पद सुपरवाइजर और 4 पद एचआर के शामिल हैं। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए साक्षात्कार 5 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे उपरोजगार कार्यालय अंब व 6 जुलाई को जिला रोजगार कार्यालय ऊना में आयोजित किया जा रहा है। अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 10वीं, 12वीं, ग्रेजुएशन व पोस्ट ग्रेजुएशन होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी की आयु 20 से 36 वर्ष व प्रतिमाह वेतन 12 से 22 हजार रुपए निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी अपनी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, हिमाचली बोनाफाइड व दो पासपोर्ट साइज फोटो व मूल प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 94182-17918 पर संपर्क किया जा सकता है।

### एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस में मैनेजर के 10 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** मैसर्ज एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 10 पद मैनेज़र के अधिसूचित किए गए हैं। इन पदों के लिए साक्षात्कार का 6 जुलाई को सुबह 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना और 8 जुलाई को उपरोजगार कार्यालय अंब में आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता किसी भी स्ट्रीम में ग्रेजुएशन के साथ-साथ पांच साल का अनुभव होना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी की आयु 18 से 45 वर्ष और वेतन 20 से 50 रुपए प्रतिमाह निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि इच्छुक व योग्य अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, बायोडाटा, मूल प्रमाण पत्र व अनुभव प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 89884-25215 पर संपर्क किया जा सकता है।

### टक्का में मंदिर के स्थापना दिवस पर लगेगा भंडारा

**अनंत ज्ञान, ऊना।** टक्का गांव के प्रसिद्ध बाबा बालकनाथ मंदिर का स्थापना दिवस समारोह 5 जुलाई को मनाया जा रहा है। हवन यज्ञ करने के पश्चात यहां भंडारा लगाया जाएगा। जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सदस्यों दीपक, सुनील, अमन, राहुल, रजनीश और नरोत्तम ने बताया कि कार्यक्रम में डेरा बाबा रुद्रानंद जी के महंत हेमानंद महाराज प्रवचन भी करेंगे।

### किन्नौर ने सोलन को चार विकेट से हराया

**संजीव पुरी, ऊना।** जिला स्तरीय टी-20 प्रतियोगिता के तहत किन्नौर का मुकाबला सोलन के साथ बिलासपुर के मैदान में खेला गया। बारिश के कारण मैच को 8-8 ओवर का करवाया गया। सोलन की टीम ने 8 ओवर में चार विकेट खोकर कर 66 रन बनाए। प्रशांत चोपड़ा ने 14 रन बनाए, प्रवीण ठाकुर ने नाबाद 35 रन बनाए। किन्नौर के गेंदबाज वैभव अरोड़ा ने दो खिलाड़ियों का आउट किया, जबकि आशीष और विकास ठाकुर ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया। किन्नौर की टीम ने अपना लक्ष्य 7.1 ओवर में चार विकेट खोकर प्राप्त कर लिया। ए सिंह ने 26 रन बनाए, दिनेश ठाकुर ने 18 रन बनाए, करण ने 8 रन बनाए। सोलन के गेंदबाज मोहम्मद सोहराब, पारस धनिक, राहुल कुमार ने एक-एक विकेट प्राप्त किया, किन्नौर ने सोलन को चार विकेट से हराया। (अनंत ज्ञान)

## कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने की नई पहल, खोला कार्यालय

# बंगाणा में रोज सुनी जाएंगी समस्याएं

**राजेश शर्मा, ऊना**

कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा दूरगामी सोच को लेकर कार्य कर रहे हैं। बुधवार को उन्होंने बंगाणा में लोगों की समस्याएं सुनने के लिए अपना ऑफिस खोलकर नई पहल की है। इस ऑफिस में सप्ताह के दो दिन वह खुद मौजूद रहा करेंगे, जबकि अन्य दिनों में कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी लोगों की समस्याएं सुनेंगे। ऐसा होने पर अब लोगों को अपनी समस्या को लेकर भटकना नहीं पड़ेगा।

विवेक शर्मा ने विधायक बनने के उपरांत जहां जिला स्तरीय पिपलू मेले में उन्होंने भाईचारे का संदेश देते हुए पक्ष और विपक्ष को एक मंच पर इकठ्ठा किया, वहीं आज बंगाणा एसडीएम कार्यालय में पिपलू मेले के उपरांत हुई रिव्यू बैठक में पदाधिकारी मौजूद दिखे। जब से कुटलैहड़ में जिला स्तरीय पिपलू मेले का आयोजन हो रहा है, तब से लेकर आज दिन तक मेले में रही खामियों, मेले के सफल आयोजन या अन्य गतिविधियों पर न तो कोई बैठक हुई



बंगाणा में जनसमस्याएं सुनते विधायक विवेक शर्मा।

और न ही बेहतर कार्य करने वाले पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। यह कुटलैहड़ के नवनिर्वाचित विधायक विवेक शर्मा की दूरगामी सोच का ही परिणाम रहा कि मेले के उपरांत रिव्यू बैठक का आयोजन हुआ। इसी बैठक के दौरान मेले में सराहनीय सेवाएं देने वाले बंगाणा प्रशासन के अधिकारियों कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, अन्य कर्मियों को विधायक विवेक शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।

मेले के दौरान भी विधायक द्वारा उस समय आपसी भाईचारे की अनोखी मिसाल पेश की, जब पूर्व मंत्री जो अलग राजनीतिक दल से संबंध रखते हैं, वह मेला से वापस जा रहे थे कि विधायक ने उन्हें मंच तक पहुंचाया और सम्मानित किया।

वहीं, बैठक के दौरान उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा बनाए गए लजीज व्यंजनों की भी तारीफ की और उनका आभार जताया। हाल ही में संपन्न हुए तीन दिवसीय जिला स्तरीय पिपलू मेले को सफल बनाने की जिम्मेदारी प्रशासन अधिकारियों सहित कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने स्वयं ली थी। 'मेले हमारी संस्कृति और भाईचारे का प्रतीक होते हैं' इस वाक्य के अर्थ और भाव को कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने बखूबी निभाया है।

उन्होंने विपक्ष को भी इस बात का एहसास न होने दिया कि सत्ता में आप नहीं हैं। वहीं, बैठक में एसडीएम बंगाणा सोनू गोयल ने भी मेले के सफल आयोजन को लेकर सभी विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों का धन्यवाद किया और भविष्य में भी इसी प्रकार के सहयोग की कामना की।

बैठक में तहसीलदार बंगाणा अमित शर्मा, खंड विकास अधिकारी सुभाष, थाना प्रभारी बंगाणा अनिल उपाध्याय, मीडिया से अनिल ठाकुर, वेटरनरी फार्मासिस्ट बलबीर सिंह, जोगेंद्र देव आर्य, राजेश ठाकुर को भी सम्मानित किया गया। इस

मौके पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राम आसरा शर्मा, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष केसी शर्मा समेत विभिन्न विभागों के पदाधिकारी, प्रेस बंधु, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं समेत अन्य मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## लठियानी से गोविंदसागर सड़क खस्ताहाल, लोगों में रोष

**विनोद शर्मा, लठियानी**

लठियानी से गोविंदसागर वाली सड़क पर बारिश का पानी आ जाने से जगह-जगह मिट्टी व कूड़ा - कर्कट आने से सड़क पर आने से आने जाने वालों को बहुत ही मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे बने हुए हैं। इस कारण लोगों का पैदल चलना भी बहुत ही मुश्किल हो गया है क्योंकि मिट्टी सड़क पर आने से य सड़क बिल्कुल दलदल बनी हुई है। सड़क के दोनों तरफ नालियां न होने के कारण ये समस्या बनी है।

राजली, बन्याला, जड़ोल, राजली जाटां, आल्याना आदि के गांववासियों को बहुत ही दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

पंचायत समिति के सदस्य जोगिंद्र देव आर्य, प्रधान जोगिंद्र शर्मा, उपप्रधान निर्मल सिंह ठाकुर, अश्विन बेबी, राम पाल, बलदेव सिंह, अनंत राम, सुरजीत सिंह, प्रीतम चंद, रोहित कलसी, राकेश कुमार, रमेश कुमार, सुशील मियां, मुनीष कुमार, जोगिंद्र सिंह, कृष्ण लाल, परवीन कुमार, संजीव, रमेश



सड़क की दयनीय स्थिति का बयां करती तस्वीर।

चौधरी, रणजीत सिंह, सतनाम सिंह, राजिंद्र सिंह व सभी गांववासियों ने विभाग से आग्रह किया है कि इस समस्या से अति शीघ्र निजात दिलाई जाए। (अनंत ज्ञान)

## मंडी में खोला जाएगा स्थायी कार्यालय : विक्रमादित्य सिंह

**मंडी।** हिमाचल प्रदेश सरकार में पीडब्ल्यूडी मंत्री विक्रमादित्य मंडी में स्थाई कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है। बुधवार को अपने अधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट के माध्यम से पोस्ट शेयर करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने बताया है कि लोकसभा चुनाव-2024 में मंडी संसदीय क्षेत्र से 45 प्रतिशत वोट शेयर के साथ 4.65 लाख मतदाताओं के वोट प्राप्त करने पर उनका सम्मान करते हुए उन्होंने मंडी में स्थायी कार्यालय खोलने का निर्णय लिया है।

उन्होंने बताया कि जल्द ही कार्यालय की पूर्ण जानकारी लोगों के साथ सांझा की जाएगी। मंडी के विकास में वे कोई कमी नहीं आने देंगे और इस कार्यालय में क्षेत्र के लोग अपनी समस्याओं को लेकर बात रख सकते हैं। इस पर तुरंत कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## चंबा ने बिलासपुर को 32 रन से हराया

**संजीव पुरी, ऊना**

अंडर-19 वनडे प्रतियोगिता का मुकाबला चंबा और बिलासपुर के बीच में पीसीपीए ग्राउंड संतोषगढ़ में खेला गया, बारिश के कारण मैच 23-23 ओवर का हुआ। चंबा की टीम ने पहले खेलते हुए 19 ओवर में 10 विकेट खोकर 86 रन बनाए, जुबेर अहमद ने 24 रन बनाए, साहिल ठाकुर ने 15 रन बनाए, राहील जुबेर ने 10 रन बनाए, बाकी कोई भी बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा पार न कर सका।

बिलासपुर के संकेत शर्मा ने चार खिलाड़ियों का आउट किया, सक्षम दत्ता ने दो खिलाड़ियों को आउट किया, मन्नत भारद्वाज ने एक खिलाड़ी को आउट किया और तीन खिलाड़ी रन आउट हुए।

बिलासपुर की टीम 21.1 ओवर में 54 रन पर ऑलआउट हो गई। वरुण ठाकुर ने 18 रन बनाए, अखिलेश गौतम ने 11 रन बनाए, ऋषभ ठाकुर ने 14 रन बनाए, मयंक चौहान ने 5 खिलाड़ियों को आउट किया। चंबा के हिमांशु चराक, आदित्य शर्मा, लक्ष्य और शिवेन ने एक-एक खिलाड़ी को आउट किया, एक खिलाड़ी रन आउट हुआ। बिलासपुर की टीम 54 रन पर ऑलआउट हो गई। चंबा ने बिलासपुर को 32 रन से हराया और शानदार जीत दर्ज की। (अनंत ज्ञान)

### कांगड़ा ने सिरमौर को 124 रन से हराया

**संजीव पुरी, ऊना।** सीनियर जिला स्तरीय टी 20 क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत कांगड़ा का मुकाबला सिरमौर के साथ खेला गया जिसमें कांगड़ा की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 223 रन बनाए। ईनश महाजन ने सबसे ज्यादा110 रन बनाए। सिरमौर के प्रशांत तोमर ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया। सिरमौर की टीम 99 पर ऑलआउट हो गई। प्रशांत तोमर ने 23 रन बनाए। कांगड़ा के साहिल कुमार और आकाश वशिष्ठ ने तीन खिलाड़ियों का आउट किया। सिरमौर की टीम 16.4 ओवर में 99 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। कांगड़ा ने सिरमौर को 124 रन से हराकर शानदार जीत दर्ज करवाई। (अनंत ज्ञान)

## कुटलैहड़ में पेयजल संकट का जल्द से जल्द समाधान करें अधिकारी : शर्मा

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

कुटलैहड़ की जनता को पर्याप्त मात्रा में पेयजल सुचारु रूप से उपलब्ध करवाने हेतू बुधवार को कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों, कर्मियों और जलरक्षकों के साथ थानाकलां में बैठक की। बैठक में उन्होंने हर घर नल और जल त्वरित प्रभाव से उपलब्ध कराने के निर्देश देते हुए कहा कि कुटलैहड़ की जनता के लिए गर्मियों में पेयजल संकट से जूझना काफी पुरानी परंपरा चली आ रही है। अब हमें इस परंपरा को तोड़ना है और हर घर में जल और नल की व्यवस्था करनी है।

इस व्यवस्था को अमलीजामा पहनाने के लिए जलशक्ति विभाग का अहम रोल अदा करेगा। उन्होंने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को पेयजल आपूर्ति की कमी से संबंधित समस्याओं का शीघ्र समाधान करने के लिए जलापूर्ति योजनाओं को लगातार चलाने के निर्देश दिए ताकि लोगों को नियमित रूप



जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों को संबोधित करते विधायक।

से पेयजल उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने कहा कि जलापूर्ति की जो योजनाएं जल स्रोतों के सूखने के कारण प्रभावित हुई हैं, उन क्षेत्रों में सुचारु पेयजल उपलब्ध करवाने के लिए अन्य योजनाओं से पानी उठाया जाए, ताकि उन क्षेत्रों में भी पर्याप्त जलापूर्ति की जा सके।

उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि पेयजल को व्यर्थ न गवाएं और न ही सिंचाई के लिए उपयोग में लाएं। बैठक में अधिशाषी अभियंता प्रवीण कुमार, एसडीओ राजन, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राम आसरा शर्मा समेत जलरक्षक भी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

## एनजीजी पॉवर टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड में भरे जाएंगे 28 पद

**राजेश शर्मा, ऊना**

- जिला रोजगार कार्यालय ऊना में कल किया जाएगा साक्षात्कार का आयोजन

मैसर्ज एनजीजी पॉवर टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड झोलन माजरा, पोलियां बीत में विभिन्न श्रेणियों में 28 पद भरे जाएंगे। इस बारे में जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए साक्षात्कार 5 जुलाई को सुबह 10 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में आयोजित किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इन पदों में सहायक कोर असेंबलर, सहायक कॉयल असेंबलर, सहायक एचटी बाइंडर और सहायक एलटी बाइंडर के 5-5, सहायक डिजाइनर का एक पद, इंजीनियर प्रोडक्शन के दो पद और सहायक वेल्डर के 5 पद शामिल हैं। उन्होंने बताया कि सहायक कोर असेंबलर, सहायक कॉयल असेंबलर, सहायक एचटी बाइंडर और सहायक एलटी बाइंडर के पदों हेतू ट्रांसफॉर्मर निर्माण लाइन में पांच साल का अनुभव, सहायक डिजाइनर पद के लिए बीटेक के साथ ऑटोकैड और ट्रांसफॉर्मर निर्माण लाइन में पांच साल का अनुभव, इंजीनियर प्रोडक्शन के पदों के लिए बीटैक इलेक्ट्रिशियन, मेकेनिकल, सिविल के साथ-साथ ट्रांसफॉर्मर निर्माण लाइन में पांच साल का अनुभव होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता 12वीं, आईटीआई, बीटेक इलेक्ट्रिशियन, मेकेनिकल, सिविल और वेल्डर में होना अनिवार्य है।

उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए प्रतिमाह 15 से 50 हजार रुपए वेतन दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त 20 से 45 वर्ष आयु सीमा निर्धारित की गई है। इच्छुक व योग्य अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, बायोडाटा, मूल प्रमाण पत्र व अनुभव प्रमाण पत्र सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 9988434323 मोबाइल नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

## अवैध कटान मामले में निशानदेही के दौरान आरोपी किए काबू

**अनंत ज्ञान, ऊना**

क्षेत्र की रामगढ़ धार रेंज के तहत ध्यूंसर वन बीट में खैर के पेड़ों के अवैध कटान मामले में फरार चल रहे दो अन्य आरोपियों को पुलिस ने पकड़ लिया है। मंगलवार को दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया, मगर अग्रिम जमानत लेने की सूरत में 10 जुलाई तक जमानत याचिका को पेंडिंग रखा गया है।

पुलिस थाना प्रभारी अनिल उपाध्याय के अनुसार अमीन निवासी बैरियां और सलमान खान निवासी घरबासड़ा को हिरासत में लेने के बाद अवैध कटान हुए स्थान पर निशानदेही के लिए लाया गया था। बता दें कि इस मामले में पहले भी दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिनको 14 दिन के न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। गौर रहे कि आरोपियों को रंगेहाथ पकड़ा था। उनके पास से एक पिकअप ट्राला, दो मोटरसाइकिल दो आरे सहित काटे गए खैरों के 40 मोछे पकड़े गए थे। इस मामले में अन्य साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब हो गए थे। पकड़े गए



अवैध कटान की जगह।

दोनों आरोपियों ने पुलिस रिमांड में तीन अन्य साथियों के नाम बताए थे, जिनकी तलाश में पुलिस जुटी हुई थी। तीन आरोपी कोर्ट से अग्रिम जमानत लेकर पुलिस से भाग रहे थे। इनमें से अमीन निवासी बैरियां और सलमान खान निवासी घरबासड़ा को हिरासत में ले लिया।

मंगलवार को दोनों को ऊना न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने 10 जुलाई तक उन्हें राहत दी है। पुलिस इनके अन्य साथियों की भी तलाश कर रही है।

**सावधानी** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग ने बरसात के मौसम को देखते हुए की एडवाइजरी जारी

# बरसात में सर्पदंश से बचें, बरतें सावधानियां

**राजेश शर्मा, ऊना**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग जिला ऊना ने बरसात के मौसम को देखते हुए एडवाइजरी जारी की है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजीव कुमार वर्मा ने बताया कि हिमाचल प्रदेश में बरसात के मौसम में जहरीले सांप तथा बिच्छू के काटने का अंदेशा होता है। इन जहरीले सांप तथा बिच्छू से बचने के लिए ध्यानपूर्वक घर से बाहर निकलें।



सांप के काटने से घाव हो सकता है और कभी-कभी विषाक्तता भी हो जाती है जिससे मृत्यु तक संभव है। सर्पदंश से कुछ ही मिनटों में मृत्यु तक हो सकती है। अधिकांश सांप विषहीन होते हैं, लेकिन कुछ एक सांप विषैले भी होते हैं।

### सांप के काटने के लक्षण

आम तौर पर सांप के काटने का तुरंत पता चल जाता है। इसके काटने पर दंश स्थान पर तीव्र जलन, उल्टी, मिचली, शॉक, अकड़न या कंपकपी, अंगघात, पलकों का गिरना, नजर फटना अर्थात किसी वस्तु का एक स्थान पर दो दिखलाई देना, मांसपेशियों में ऐंठन, काटे गए हिस्से में तेज दर्द, हाथ पैरों में झनझनाहट, चक्कर आना, पसीना आना तथा दम घुटना आदि लक्षण हो सकते हैं।

### सांप के काटने से बचाव

सांप के काटने को रोका जा सकता है। सांप को पकड़ने से हमेशा बचना चाहिए। उन स्थानों से हमेशा दूर रहें, जहां सांप होने की आशंका होती है, जैसे कि लंबी घास और पत्तियों के ढेर। चट्टानों और लकड़ी के गट्ठों में यदि आपको सांप दिखता है तो उसे छेड़ें नहीं और उसे जाने दें। ऐसी जगह पर काम करते समय जहां सांप होने की आशंका हो, लंबे और मजबूत जूते पहनें, बाजुओं और टांगों को ढककर रखें। गर्म मौसम में रात को बाहर काम करने से बचें, क्योंकि इस समय सांप सबसे ज्यादा सक्रिय होते हैं। इसके साथ ही बरसात में अंधेरे में नंगे पांव न घूमें तथा जूतों को झाड़कर पहनें।

**सांप के काटने का इलाज/उपचार :** सांप के काटने के उपचार में यह जरूरी है कि पीड़ित व्यक्ति को आपातकालीन चिकित्सा सहायता शीघ्र अति शीघ्र मिल जाए। सांप के काटने पर संयम रखें ताकि हृदय गति तेज न हो।

हृदय गति तेज होने पर जहर तुरंत ही रक्त के माध्यम से हृदय में पहुंच कर नुकसान पहुंचा सकता है। पीड़ित व्यक्ति को शांत और आरामपूर्वक से रखें और जहर को फैलने से रोकने के लिए स्थिर रखें।

एंबुलेंस को तुरंत कॉल करें और शीघ्र अति शीघ्र चिकित्सा सहायता के लिए नजदीकी स्वास्थ्य संस्थान ले जाएं।

स्थिति को देखते हुए डॉक्टर द्वारा पीड़ित व्यक्ति को सांप के काटने से होने वाले लक्षणों का मुकाबला करने के लिए एंटी स्नेक वेनम का इंजेक्शन लगाया जाता है, जितनी जल्दी यह इंजेक्शन पीड़ित व्यक्ति को लगता है, यह उतना ही प्रभावी होता है। किसी भी प्रकार की झाड़-फूंक करवाकर समय बर्बाद न करें।

जिला ऊना में एंटी स्नेक वेनम सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, सिविल अस्पतालों तथा क्षेत्रीय अस्पताल में उपलब्ध हैं। किसी भी स्वास्थ्य संस्थानों में यह वेक्सीन हर समय लगाई जाती है तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में यह वेक्सीन डे ड्यूटी में लगाई जाती है। (अनंत ज्ञान)



## न्यूज ब्रीफ

### 1972 के बाद कुल्लू पहुंचे देव धामणी छमाहूं

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।** देवता धामणी छमाहूं भक्तों की मनोकामना पूर्ति पर कुल्लू के गांधीनगर से होते हुए ऐतिहासिक ढालपुर मैदान पहुंचे। ढालपुर मैदान पहुंचने के बाद देवता ने अपने देवलुओं संग अपने ही स्थान पर विश्राम किया, जबकि देवलुओं ने इस दौरान जलपान कर अपनी थकान मिटाई। इस दौरान देवता ने गुर के माध्यम अपनी बात स्पष्ट की। देवता धामणी छमाहूं आखरी बार 1972 में आए थे और उसके बाद पहली बार बुधवार को ढालपुर में पहुंचे। इस दौरान देवता के पुजारी धनेश गौतम व गूर अमर सिंह महंत ने बताया कि 1972 में जब दशहरा उत्सव में गोलीकांड हुआ था, उस घटना के घटित होने के बाद से देवता कुल्लू नहीं आए। देवता छमाहूं को सृष्टि के रचयिता माना जाता है। छमाहूं देवता को छह देवताओं का समूह माना जाता है और छामाहूं शब्द का अर्थ भी 6 का समूह होता है। माना जाता है कि देवता धामणी छमाहूं में ब्रह्मा, विष्णु, महेश, आदी शक्ति, शक्ति ओर शेषनाग 6 शक्तियों के रूप में वास करते हैं। (अनंत ज्ञान)

### उदयपुर में सात को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर

**कमलेश वर्मा, केलांग।** लाहौल घाटी के उदयपुर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर में सात जुलाई को निशुल्क बहुविशेषज्ञ स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। एकदिवसीय यह शिविर आश्रय फाउंडेशन लाहौल-स्पीति, भानू अस्पताल और नेत्र देखभाल केंद्र ढालपुर कुल्लू के सहयोग से निशुल्क आयोजित होगा। इस शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. कुसुम भानू, निदेशक एमबीबीएस, एमएस (नेत्र रोग विशेषज्ञ), डॉ. वाइकिंग भानू आदि सेवाएं देंगे। (अनंत ज्ञान)

### रायसन आई अस्पताल में 10 से नेत्र चिकित्सा शिविर

**कुल्लू।** जिला कुल्लू के रायसन स्थित आंखों के अस्पताल में पांच दिवसीय चिकित्सा शिविर का आयोजन राष्ट्रीय विहीनता निवारण समिति द्वारा किया जा रहा है। यह शिविर 10 से 14 जुलाई के बीच होगा। डॉक्टर डेनिस ने बताया कि शिविर के बीच मरीजों की भर्ती व जांच की प्रक्रिया होगी। इस शिविर में मरीजों को अपना आधार कार्ड लाना अनिवार्य होगा। शिविर में मरीज आखों का इलाज व शल्य चिकित्सा करवा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### एसबीआई इंश्योरेंस कंपनी में भरे जाएंगे चार पद

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जिला रोजगार अधिकारी मनोरमा देवी ने कहा कि मैसर्ज एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, बराल पोस्ट ऑफिस व तहसील करसोग की ओर से उम्मीदवारों के लिए डवेल्पमैंट मैनेजर के कुल चार रिक्त पद भरे जाएंगे। इस भर्ती की मांग जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू को अधिसूचित की गई है। उक्त भर्ती के लिए कैंपस साक्षात्कार उपरोजगार कार्यालय, आनी में आयोजित करवाए जाएंगे। रिक्तियों के लिए आवश्यक योग्यता बारहवीं, स्नातक है तथा आयु 25 से 45 वर्ष के बीच होनी चाहिए। वेतनमान 20,000 रुपए मासिक होगा तथा नौकरी का कार्यस्थल करसोग जिला मंडी है। योग्य उम्मीदवार अपने सभी अनिवार्य दस्तावेजों सहित नौ को सुबह 10:30 बजे उपरोजगार कार्यालय आनी में पहुंचकर कर कैंपस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### पुल के मरम्मत कार्य के चलते बंद रही आवाजाही

**कमलेश वर्मा, केलांग।** सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मनाली-लेह राष्ट्रीय राजमार्ग पर बुधवार को वाहनों की आवाजाही बंद रही। सस्चू के पास पुल क्षतिग्रस्त हो गया था। इस कारण यहां दर्घटना का अंदेशा हो गया था। पुल की हालत को देखते हुए बीआरओ ने इसकी मरम्मत की। मरम्मत कार्य को देखते हुए आज दिन भर वाहनों की आवाजाही बंद रही। बीआरओ अधिकारी ने बताया कि सस्चू के समीप पुल की हालत क्षतिग्रस्त हो गई थी। पुल के मरम्मत कार्य के चलते मनाली-लेह मार्ग पर वाहनों की आवाजाही बंद रही। (अनंत ज्ञान)

### कैडेट्स को देश सेवा के लिए किया प्रेरित

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** आनी में आठ एचपी एनसीसी प्रशिक्षण शिविर के तीसरे दिन कमान अधिकारी ने सभी कैडेट्स को देश की रक्षा के लिए हमेशा तत्पर रहने का संदेश दिया। दस दिवसीय शिविर में कमान अधिकारी ने बताया कि हम सभी को जीवन में आने वाली विभिन्न कठिनाइयों का सामना करना चाहिए न की उनसे भागना चाहिए। इसी के साथ कमान अधिकारी ने एनसीसी ऑफिसर कॉलेज और स्कूल एवं सभी जेसीओ के साथ बैठक का आयोजन किया, जिसमें इस बात पर चर्चा की गई की हम कैडेट्स के उत्थान के लिए क्या-क्या कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### 6, 677 जॉब कार्ड मनरेगा कामगारों को जारी

**कमलेश वर्मा, केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में इस वित्तीय वर्ष मनरेगा के तहत 6 हजार 677 जॉब कार्ड मनरेगा कामगारों को जारी किए गए हैं और विभिन्न विकासात्मक कार्यों पर एक करोड़ 17 लाख रुपए की धनराशि व्यय की गई है और 74,901 श्रम दिवस अर्जित किए गए हैं यह जानकारी डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने जिला ग्रामीण विकास अभिकरण एवं पंचायतीराज विभाग के विभिन्न विकासात्मक कार्यों की वित्तीय एवं भौतिक उपलब्धियां को लेकर जुलाई माह तक की समीक्षा बैठक के दौरान दी। डीसी ने विभिन्न विकासात्मक कार्यों को तेज गति प्रदान करने के निर्देश जारी करते हुए कहा कि गत वर्षों के दौरान अब तक प्रधानमंत्री आवास योजना में लक्षित 245 आवास के निर्माण के तहत 228 आवासों का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। (अनंत ज्ञान)

### कंपनी ने दो करोड़ का टर्नओवर किया हासिल

**मोहन कपूर, पतलीकूहल।** जुजुराणा फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी का वार्षिक अधिवेशन कुल्लू फलोत्पादक मंडल के सभागार में आयोजित किया गया। अधिवेशन के आरंभ में कंपनी के निदेशक मंडल के सदस्य भोला राम नेगी ने कंपनी के वित्त वर्ष 2023-2024 की आय व्यय को पढ़कर सुनाया। उन्होंने बताया कि पहले ही वर्ष कंपनी ने दो करोड़ का टर्नओवर हासिल किया, जो सभी के लिए गर्व की बात है। अधिवेशन में इस वर्ष के फल सीजन के लिए रणनीति बनाई गई, जिसमें सदस्यों ने अपने-अपने सुझाव दिए। इस अधिवेशन में कंपनी के 55 सदस्यों ने भाग लिया। अधिवेशन में बागवानों ने मांग की कि इस वर्ष कंपनी अधिक सेब कलेक्शन केंद्र स्थापित किए करें। कंपनी ने पिछले वर्ष 15 मील में बागवानों से सेब खरीद करने के लिए कलेक्शन सेंटर स्थापित किए थे। (अनंत ज्ञान)

### कारगिल युद्ध में ऑपरेशन विजय के दौरान सियाचिन में हुए थे शहीद, आनी के नित्थर के शकरोली के रहने वाले थे डोला राम

# शहीद डोला राम ने बंकर में निहत्थे घुसकर मार गिराए थे 17 घुसपैठिये

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

सांस थमती गई नब्ज जमती गई, फिर भी बढ़ते कदम को न रुकने दिया कट गए सर हमारे तो कुछ गम नहीं, हिमालय का सर हमने न झुकने दिया। देशभक्ति के इस गाने की पंक्तियों को सार्थक कर गए थे आनी के निथर के शकरोली निवासी एकमात्र कारगिल शहीद डोला राम 5400 मीटर की ऊंचाई पर खून जमा देने वाली ठंड में पाकिस्तानी घुस्पैठियों को बंकर से निकाल निकालकर मार गिराने वाले कुल्लू जिले के आनी खंड की नित्थर तहसील के शकरोली के जाबाज कारगिल शहीद बॉक्सर डोला राम ने इस गाने की पंक्तियों को सच कर दिखाया था।

1999 में कारगिल होकर भारत में घुसपैठ कर रहे पाकिस्तानियों के मनसूबों को पस्त करने में चलाए गए ऑपरेशन विजय में शहीद डोला राम की अहम भूमिका रही है, जिन्होंने 1999 में ऑपरेशन विजय में अपने साथियों के साथ सियाचिन गलेशियर के टॉप पर



बंकर में छिपे 17 आतंकियों को बिना हथियार के ही मार गिराया था। देश की रक्षा में डोला राम ने अपने प्राणों की आहुति दे डाली, लेकिन भारत मां का सिर झूकने नहीं दिया था।

उनकी इस शहादत पर उनके परिवार, आनी क्षेत्र, प्रदेश और पूरे देश को हमेशा नाज रहेगा। शहीद डोला राम की शहादत को याद करते हुए उनको हर वर्ष की तरह इस बार भी उनकी याद में 3 जुलाई को एक समारोह का आयोजन किया गया और कारगिल युद्ध के हीरो को नमन किया गया। (अनंत ज्ञान)

### शहीद के दोनों बच्चों का सपना था पिता की तरह करें देश की रक्षा

शहीद डोला राम की गौरवांवित पत्नी प्रेमा देवी ने बताया कि वे और उनके दोनों बेटे अश्वनी कटोच और अंकुश कटोच का भी सपना था कि वे अपने पिता की तरह सेना में जाकर देश की सेवा करें और अपना और देश का नाम उंचा रखें।

### बॉक्सर और कुशल पर्वतारोही थे शहीद डोला राम

शहीद डोला राम एक बेहतर बॉक्सर के साथ-साथ अच्छे पर्वतारोही भी थे। इसके चलते तीन सैनिकों को उनके साथ सियाचन की चोटी पर दुश्मनों की टोह लेने के लिए भेज गया। ऑपिरशन विजय के दौरान डोला राम और उनके साथी अपनी टुकड़ी को चोटी पर पहुंचाने के लिए सबसे आगे जाकर रास्ता बना रहे थे। उन्हें सियाचन की चोटी पर पहुंच कर दुश्मनों की तमाम जानकारी अपनी सेना की टुकड़ी तक पहुंचानी थी। इसी बीच शहीद डोला राम की नजर बंकर में छुपे घुसपैठियों पर पड़ी। डोला राम ने अपने साथियों के साथ आतंकियों को बंकरों में घुसकर ही मारना शुरू कर दिया। निहत्थे डोला राम पर आतंकियों ने गोलियों की बौछारें शुरू कर दी, लेकिन छाती पर 5 गोलियां खाने के बावजूद डोला राम और उनके साथियों ने शहीद होने से पहले सभी 17 आतंकियों को मार गिराया था। तीन जुलाई, 1999 को डोला राम के शहीद होने से पहले इस बड़ी कार्रवाई ने न केवल पाकिस्तानी आतंकियों के नापाक इरादों को रौंदा, बल्कि भारत देश का सर भी ऊंचा हुआ। उन्होंने कुल्लू जिले के एकमात्र कारगिल युद्ध के शहीद होने का गौरव प्राप्त किया।

### निथर में शहीद डोला राम की शहादत को किया नमन



शहीद डोला राम के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद सलामी देते जवान।

**जितेंद्र गुप्ता, आनी।** तीन जुलाई 1999 को कारगिल युद्ध के दौरान शहीद हुए अमर शहीद डोला राम का 25वां शहीदी दिवस निथर के शहीद डोला राम मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर 871 मीडियम रेजीमेंट अवेरी के कमांडिंग ऑफिसर स्वप्निल राउत बतौर मुख्यतिथि उपस्थित रहे, जबकि उनके साथ उनके तीन जेसीओ सहित अवेरी कैंप के 21 जवानों और 11 महार रेजीमेंट के विशेष बैंड के आठ जवानों ने कार्यक्रम में उपस्थित रहकर निथर क्षेत्र का माहौल सेनामयी कर कार्यक्रम की रौनक बढाई। कार्यक्रम की शुरुआत में अवेरी कैंप से आए जवानों की ओर से शहीद डोला राम के स्मारक को गार्ड ऑफ हॉनर दिया गया। शहीद डोला राम की पत्नी प्रेमा देवी, बेटे अश्वनी सहित मौजूद लोगों ने शहीद को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यतिथि कमांडिंग ऑफिसर ने शहीद डोला राम की शहादत को सलाम करते हुए बच्चों को सेना में भर्ती होकर देश सेवा करने को लेकर प्रेरित किया। वहीं, शहीदी दिवस के मौके पर निथर के शहीद डोला राम मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल के अलावा मिडल स्कूल आनस और मिडल स्कूल ढमाह के स्कूल बच्चों ने देश भक्ति के गीत पेश कर पूरे माहौल को देशभक्ति में डुबो दिया।

# हलाण-2 पंचायत ने मेला ग्राउंड से हटाई गाड़ियां

### अग्निशमन विभाग के सहयोग से ग्राउंड में की साफ-सफाई, बच्चे खेलों का करते हैं अभ्यास

**मोहन कपूर, पतलीकूहल**

हलाण-2 पंचायत ने पतलीकूहल मेला ग्राउंड से गाड़ियों को हटाया। पिछले काफी समय से दो पंचायतों के लिए मैदान में पार्क किए जा रहे वाहन परेशानी का सबब बने हुए हैं। अनंत ज्ञान की ओर से इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया, जिसके बाद बुधवार को हलाण-दो पंचायत की ओर से इस मैदान को खाली करवाया गया। पतलीकूहल में कई बार गाड़ियों को हटाया गया, लेकिन कुछ समय बाद गाड़िया फिर से पार्क की जाती थी। पतलीकूहल में यह एक मात्र मैदान है, जहां बच्चे खेलों का अभ्यास करते हैं और शाम को बुजुर्ग यहां पर बच्चों के साथ चहलकदमी करते हैं। इस मैदान पर हलाण-दो और कटराई दोनों पंचायतों की ओर से धन व्यय किया जाता है, लेकिन खेद का विषय है

**अनंत ज्ञान इंपैक्ट**

कि लोगों ने इस मैदान की हालात को गाड़ियों का पार्क करके दयनीय बना दिया है। लोगों का कहना है कि दोनों पंचायतों को मिलकर इस मैदान का सौंदर्यीकरण करना चाहिए और मैदान को बच्चों और बुजुर्गों के लिए हमेशा खाली रखना चाहिए। प्रधान सीमा ने कहा कि नाली बनाने के लिए जिला परिषद उपाध्यक्ष वीर सिंह ने जेसीबी भेजी, जिसके लिए पंचायत उनकी आभारी है। इसके साथ ही पंचायत के पदाधिकारियों ने मैदान की सफाई भी की और इस सफाई अभियान में अग्निशमन विभाग पतलीकूहल के जवानों ने पूरे मैदान को पानी की बौछारों से साफ करने में सहयोग किया।



मैदान को खाली करवाने में लगी जेसीबी व साथ खड़े पंचायत प्रतिनिधि।

आज पंचायत के पदाधिकारियों ने मिलकर मैदान से गाड़ियों को बाहर निकाल दिया है। इस मुहिम में वाहन मालिकों ने पंचायत का सहयोग किया। पंचायत बच्चों और बुजुर्गों के हित में मैदान को खाली रखने का हरसंभव प्रयास करेगी इसके लिए सभी स्थानीय लोग पंचायत का सहयोग करें। मैदान खाली करने की सूचना खंड विकास अधिकारी और उपमंडलाधिकारी कुल्लू को दे दी गई है।
**सीमा देवी, प्रधान ग्राम पंचायत हलाण-2।**

हलाण-दो ने पतलीकूहल के मैदान को खाली करवा दिया है। मैंने पंचायत को इस बाबत आदेश दे दिए थे। पंचायत को मैदान को खाली रखने के निर्देश दिए गए हैं।
**मुकेश कुमार, खंड विकास अधिकारी नग्गर।**

### लोगों की मांग, न लगे डोम

इस मैदान पर डोम भी लगाया जाता है, जिस कारण मैदान कई माह तक बंद रहता है और बच्चों को अभ्यास करने के लिए इधर-उधर भटकना पड़ता है। मैदान में अभ्यास न कर पाने के कारण सरकार की मुहिम खेलो इंडिया को भी झटका लग रहा है। स्थानीय लोगों राजीव, सुनील, शम्मी, संजय, पंकज, हीरा लाल ने स्थानीय विधायक भुवनेश्वर गौड़, प्रशासन व हलाण-दो और कटराईं पंचायत से निवेदन किया कि इस मैदान पर डोम नहीं लगना चाहिए क्योंकि डोम लगने से लगभग तीन माह तक बच्चे मैदान का प्रयोग नहीं कर पाते और बुजुर्ग शाम को मैदान में टहल नहीं पाते। इस दौरान प्रधान सीमा देवी, वार्ड पंच प्रकाश, नीरू चांदनी, धर्मवीर, सुनील, पूनम और अनीता उपस्थित रहे।

### गुप्त पर्वत को फतह कर आरोही क्लब के सदस्य वापस लौटे

**कमलेश वर्मा, केलांग।** लाहौल-स्पीति के लाहौल घाटी के 20,460 फुट ऊंचे शिखर वे और गुप्त पर्वत को फतह करने आरोही क्लब कोलकाता के 12 सदस्य दल ने लाहौल के दालंग से पांच जून को रवाना हुए थे। इस दल का नेतृत्व कोलकाता निवासी रूद्र प्रसाद हलदर ने किया। यह दल गुप्त पर्वत की चोटी पर तिरंगा लहराकर 28 दिनों की कठिन एक्सपीडिशन के बाद गुप्त पर्वत चोटी को फतह करने में कामयाब हुए। बुधवार को दालंग पहुंचने पर इस दल का गोंदला में तैनात मैडिकल ऑफिसर डॉ. रामसिंह ने खतग पहनाकर स्वागत किया। 12 सदस्यों की टीम के साथ चार शेरपा लोग भी शामिल रहे। आधुनिक उपकरणों के साथ ट्रेकिंग के लिए निकले इस दल ने रात के समय भी सफर कर सफलता हासिल की। (अनंत ज्ञान)

### स्वच्छता पर्यटन व्यवसाय को संवारने की प्रतिबद्धता

**कमलेश वर्मा, केलांग**

केलांग में स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली की पहल को लेकर केलांग में डीसी लाहौल-स्पीति राहुल कुमार की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई।

डीसी ने कहा कि जिले में बढ़ते पर्यटकों की आमद को देखते हुए पर्यटकों के लिए विश्व स्तरीय साफ-सफाई और स्वच्छता सुविधाओं को उपलब्ध करवाने के उद्देश्य जिले में स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग प्रणाली की पहल के कार्यक्रम को प्रभावी तौर पर क्रियान्वयन सुनिश्चित बनाया जाएगा। डीसी ने निर्देश देते हुए कहा कि जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, होटल एसोसिएशन, होमस्टे संचालक, लोक निर्माण व जल शक्ति विभाग समन्वय



के साथ इसे जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित बनाने को लेकर कर प्राथमिकता से कार्य करें, ताकि जिले में बढ़ते पर्यटन व्यवसाय को और अधिक मजबूती मिल सके।

बैठक में डीसी राहुल ने निर्देश जारी किए कि पर्यटक स्थलों के सौंदर्य और स्वच्छता स्तर को बढ़ाने में सक्रिय रूप से आम जनमानस की भी सहभागिता सुनिश्चित बनाई जाए। स्वच्छता मानकों को बढ़ाने के प्रति समर्पण से कार्य करने पर बल देते हुए उन्होंने कहा कि स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग सिर्फ एक मान्यता नहीं, बल्कि हमारे पर्यटन व्यवसाय को संवारने की प्रतिबद्धता है। डीसी ने कहा कि स्वच्छता ग्रीन लीफ रेटिंग जिले में बढ़ते पर्यटन व्यवसाय में स्वच्छता प्रथाओं में बदलाव लाने के लिए यह दूरदर्शी कार्यक्रम है, जो कि प्रकृति के साथ सामंजस्यपूर्ण प्रथाओं को अपनाने के लिए प्रेरित करते हुए आर्थिक रूप से जिम्मेदार और सुदृढ़ पर्यटन व्यवसाय विकसित करना है। पारूल कटियार ने बैठक का संचालन किया तथा कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए बताया कि जल्द इस कार्यक्रम के तहत होटल व्यवसाइयों, होम स्टे संचालकों को इस कार्यक्रम से जोड़ा जाएगा। (अनंत ज्ञान)

### ठेकेदार की ओर से सड़क पर कब्जा करने से राहगीर परेशान

**कमलेश वर्मा, मनाली**



हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता गौतम ठाकुर ने नगर परिषद मनाली तथा भूतनाथ पार्किंग के ठेकेदार पर आरोप लगाते हुए कहा कि पार्किंग से पैसे बनाने के चक्कर में ठेकेदार ने चार फुट नेशनल हाई-वेपर कब्जा कर रखा है, जिससे पैदल चलने वालों के लिए बिना फुटपाथ के चलना मुश्किल हो गया है। आए दिन वाहन चालकों से नोक-झोंक हो रही है। गौतम ने एनएचएआई के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि पिछले तीन सालों से हाई-वे पर हुए कब्जे को नजरंदाज कर रहे हैं। नगर परिषद मनाली के मनोनीत पार्षद जगदीश कुमार, धर्मपाल रुडिगवा, रानू देवी तथा कांग्रेस नेता राजेंद्र सिंह, अनिल कुमार, सुरेश कुमार, संतोष कुमार, गौकल चंद सहगल, रणवीर सागर ने कहा कि अगर प्रशासन, एनएचएआई, नगर परिषद मनाली ने पांच दिनों में अवैध रेलिंग को हाई-वे नहीं हटाया, तो वह खुद ही कब्जा हटा देंगे।

# घरेलू हिंसा के बारे में दी जानकारी

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

महिला एवं बाल विकास विभाग के अंतर्गत जिला कार्यक्रम अधिकारी के कार्यालय के द्वारा मिशन शक्ति के संकल्प प्रोग्राम के तहत सौ दिनों तक चलने वाले विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

इसी के तहत तीसरे सप्ताह में भारतीय न्याय संहिता में महिलाओं के हितों पर केंद्रित प्रावधानों के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन किया। इस शिविर का आयोजन आईटीआई उदयपुर में किया गया। शिविर में संस्था के सभी अध्यापकों ने भाग लिया। शिक्षा विभाग के सुभाष, आंगनबाड़ी सुपरवाइजर टशी पालकी, डिस्ट्रिक्ट हब और वन स्टॉप सेंटर के कर्मचारियों ने



भाग लिया। इस दौरान शिविर में सबसे पहले वन स्टॉप सेंटर के केंद्र प्रशासक सोनिका ने भारतीय न्याय सहिंता-2023 एक्ट अधिनियम की जानकारी दी, जिसमें उन्होंने बताया कि भारतीय लोकसभा में तीन नए अधिनियम पारित हुए हैं, जिसमें हमारे पास पहले आईपीसी की धाराएं जो कि 1860 से लागू थी इसकी जगह पर भारतीय न्याय संहिता 2023 को लाया गया है, जिसमें बताया जाता है कि अपराध क्या है और उसकी सजा क्या है। इसके साथ सीआरपीसी जो कि 1974 से लागू था, उसके स्थान पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 अधिनियम को पारित किया गया है, जिसमें कार्रवाई के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई है। इसके बाद आईईए यानी इंडियन एविडेंस एक्ट जो कि हमारे देश में 1872 से लागू था। इसके स्थान पर भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लाया गया है, जिसमें बताया जाता है कि साक्ष्य किस आधार पर इक्ट्ठे किए जाएं। इनके तहत महिलाओं और बच्चों के साथ होने वाले अपराधों पर कुछ विशेष प्रावधान किए गए हैं। इसके बाद सुपरवाइजर टशी पालकी ने घरेलू हिंसा के बारे में जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)

### राहुल गांधी सदन में नेता प्रतिपक्ष कम और सनातन विरोधी टोली के नेता ज्यादा : अमित

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



कांग्रेस के नेता राहुल गांधी की ओर से संसद में और संसद के बाहर लगातार हिंदू विरोधी बयान और हिंदुओं को हिंसक कहना कांग्रेस पार्टी की हिंदुओं के प्रति उनकी मानसिकता को बताता है और उनकी इस सोच को देवभूमि हिमाचल में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू लगातार आगे बढ़ा रहे हैं।

भाजपा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी अमित सूद ने कांग्रेस की हिंदू विरोधी मानसिकता पर कहा कि कांग्रेस पार्टी का पूरा इतिहास हिंदुओं की भावनाओं को आहत करने वाले कृत्यों से भरा पड़ा है। राहुल गांधी का संसद में हिंदुओं को हिंसक कहना और हिंदू देवी-देवताओं की तस्वीरों को संसद में लहराना देश के करोड़ों सनातनियों और हिंदू धर्म में आस्था रखने वालों का अपमान है। नेहरू से लेकर आज तक कांग्रेस पार्टी ने हिंदुओं के मंदिरों से लेकर हिंदू संस्कृति के अपमान का कोई मौका नहीं छोड़ा है। राहुल गांधी संसद में नेता प्रतिपक्ष से ज्यादा हिंदू विरोधियों की टोली के नेता ज्यादा बने हुए हैं। (अनंत ज्ञान)




**दंगल** महिला पहलवान ने पुरुष को पटक कर दिखाई ताकत, भुंतर सुधार समिति के उपाध्यक्ष रोशन रहे मुख्यातिथि

# हमीरपुर के दीपक ने जीती बंजर कुश्ती माली

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

भुंतर स्थित शाढ़ाबाई के बंजर में कुश्ती का आयोजन हर वर्ष की भांति इस बार भी धूमधाम से किया गया। भुंतर सुधार समिति के उपाध्यक्ष रोशन लाल ने कुश्ती दंगल में मुख्यतिथी के रूप में शिरकत की।

कुश्ती कमेटी में रोशन लाल व इनके साथ आए सहयोगियों का गर्मजोशी से स्वागत और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया। यह मेला देवता बालक महेश्वर बजौरा, माता हिडिंबा भुंतर व माता कोयला नगवाई के सम्मान में मनाया जाता है। देवताओं के आशीर्वाद से मेले और



शाढ़ाबाई के बंजर में आयोजित कुश्ती में माली जीतने वाले को सम्मानित करते हुए लोग।

कुश्ती का आगाज किया जाता है। मेले के दूसरे दिन कुश्ती के आयोजन के साथ मेले का समापन होता है। इस बार भी कुश्ती दंगल के इस आयोजन में भुंतर सुधार समिति के उपाध्यक्ष रोशन लाल गुगा जहार पीर हार्डवेयर कलैहली वाले ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। मुख्यातिथि ने कुश्ती दंगल के सफल अयोजन के लिए अपना भरपूर सहयोग दिया। देशभर के पहलवानों ने दंगल में भाग लिया। युवा पहलवानों ने खुब पसीना बहाया और उपस्थित दर्शकों का अच्छा मनोरंजन किया, वहीं महिला पहलवान ने पुरुष पहलवान को पटकनी देकर खूब वाहवाही लूटी, जब महिला को कोई महिला पहलवान नहीं मिली, तो उसने अखाड़े में पहुंचे पुरुष पहलवानों को अपने साथ कुश्ती के लिए चैलेंज किया। एक पहलवान ने महिला का चेलेंज स्वीकार किया, तो महिला पहलवान ने उसे उठा-उठा कर पटका और चित किया। हमीरपुर के दीपक पहलवान ने रोपड़ी के पंकज को पटकनी दे कर दंगल की माली अपने नाम की। कमेटी ने कुश्ती दंगल में अच्छा इंतजाम किया था बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले पहलवानों को ईनाम दिया गया। कुश्ती कमेटी बंजर के प्रधान जगदीश व समस्त सदस्यों ने बताया कि इस मेले एवं कुश्ती को सफल बनने में आसपास के एरिया की जनता, गांव वासियों कलैहली मार्केट के तमाम दुकानदारों, महिला व युवक मंडलों आदि का पुरा सहयोग रहता है। प्रधान जगदीश ने बताया कि भुंतर सुधार समिति के उपाध्यक्ष रोशन लाल गुगा जहार पीर हार्ड वेयर कलैहली का हमेशा पुरा सहयोग मिलता है, जहां पहलवानों ने अपने कर्तव्य दिखाए, वहीं सान्य बल्ह ढोल बादक पार्टी के धर्म लाल, सुनील, रमेश, राकू ने भी अपनी कला से सभी का मनोरंजन किया। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### नौणी में स्नातक कार्यक्रमों की काउंसलिंग आयोजित

**आर मोहन, सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी ने स्नातक कार्यक्रमों की सामान्य सीटों के लिए अपनी पहली काउंसलिंग विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित की। काउंसलिंग के लिए प्रदेश भर से करीब 491 विद्यार्थियों को बुलाया गया था। इन छात्रों ने 16 जून को विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित स्नातक प्रवेश परीक्षा में 40 या उससे अधिक अंक हासिल किए थे। विश्वविद्यालय के चार घटक कॉलेजों में स्नातक कार्यक्रम की सामान्य सीटों पर प्रवेश के लिए काउंसलिंग सत्र आयोजित किया गया। विश्वविद्यालय बागवानी, वानिकी और प्राकृतिक खेती में बीएससी (ऑनर्स) के साथ-साथ जैव प्रौद्योगिकी और खाद्य प्रौद्योगिकी में बीटेक स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसलिंग आयोजित कर रहा है। काउंसलिंग डॉ. एलएस नेगी सभागार में हुई। काउंसलिंग प्रक्रिया में छात्रों के दस्तावेजों का सत्यापन और उनके पाठ्यक्रम और कॉलेज की प्राथमिकताओं ली गई। मेरिट के आधार पर पाठ्यक्रम और कॉलेज की प्राथमिकताओं के अनुसार काउंसलिंग समिति ने सीट आवंटन प्रक्रिया का भी प्रबंधन किया। (अनंत ज्ञान)

### मुकुल ठाकुर बने परिवीक्षाधीन अधिकारी

**आशीष, दाड़लाघाट।** सरकारी विद्यालय से निकला छात्र मुकुल ठाकुर परिवीक्षाधीन अधिकारी बनकर अर्की क्षेत्र में मिसाल पेश की है। अर्की उपमंडल के गांव बपड़ोन निवासी मुकुल ठाकुर पुत्र रोशन लाल ठाकुर ने एसबीआई बैंक में बतौर परिवीक्षाधीन अधिकारी के रूप में नियुक्ति प्राप्त की है। मुकुल ने इसका श्रेय अपने माता-पिता व अध्यापकों को दिया है। मुकुल की प्रारंभिक शिक्षा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय घड़याच में हुई तथा जमा दो तक की शिक्षा छात्र विद्यालय अर्की से हुई। इसके अलावा स्नातक तक की परीक्षाएं उन्होंने संजौली महाविद्यालय व एमएससी की परीक्षा हिमाचल विश्वविद्यालय से दी है। हर तरह की परीक्षा में उन्होंने हमेशा प्रथम स्थान ही प्राप्त किया है। सरकारी विद्यालय से निकले छात्रों के लिए निःसंदेह यह प्रेरणा का स्रोत बनकर उभरे हैं। (अनंत ज्ञान)



### पांवटा में 106 ग्राम गांजे के साथ आरोपी गिरफ्तार

**जैरथ, पांवटा साहिब।** सिरमौर पुलिस ने एक व्यक्ति को 106 ग्राम गांजे के साथ दबोचा है। पांवटा साहिब के पुरुवाला पुलिस थाना में आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार कुंजा मतरालियो के समीप डेंटल कॉलेज-आईआईएम सिरमौर लिंक रोड पुलिस टीम गश्त पर तैनात थी। इस दौरान पुलिस ने भूपा निवासी गांव बंगाला बस्ती, पांवटा साहिब की तलाशी ली, जिसके कब्जे से 106 ग्राम गांजा बरामद हुआ। मामले की पुष्टि डीएसपी पांवटा साहिब अदिति सिंह ने की है।

### आयुष विभाग लगाएगा विशेष चिकित्सा शिविर

**जीत सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** किन्नौर आयुष विभाग जिला के बुजुर्गों के लिए विशेष चिकित्सा शिविर का आयोजन करेगी। यह शिविर 8 जुलाई से जिला के विभिन्न 10 आयुष केंद्रों में लगाई जाएगी। जिला आयुष अधिकारी डॉ. इंदु शर्मा ने कहा कि आयुष विभाग 8 जुलाई से 15 सितंबर तक जिला के विभिन्न आयुर्वेदिक संस्थानों में बुजुर्गों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि 8 जुलाई को आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र थेमगारंग,15 जुलाई को आयुर्वेदिक केंद्र बारंग,22 जुलाई को नाथपा, 27 जुलाई आयुर्वेदिक संस्थान रारंग, 29 को छोटाकम्बा,5 अगस्त को काफनु, 13 अगस्त को आयुर्वेदिक स्वास्थ्य केंद्र ठुक्सम, 19 अगस्त को नाको 2 सितंबर को आयुर्वेदिक स्वास्थ्य रिब्बा व 12 सितंबर को आयुर्वेदिक संस्थान ठंगी में शिविर का आयोजन की जाएगी। डॉ. शर्मा ने कहा कि इस विशेष शिविर में बुजुर्गों की स्वास्थ्य जांच की जाएगी। साथ ही निशुल्क दवाइयां भी दी जाएंगी। उन्होंने कहा कि शिविर में बुजुर्गों के हर समस्या का इलाज कि जाएगी। (अनंत ज्ञान)



डॉ. इंदु शर्मा।

### ठंगी गांव में बांटे 37 सोलर पावर प्लांट

**जीत सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** विद्युत आपूर्ति बाधित होने के बाद भी बीपीएल परिवारों को अब रात अंधेरे में नहीं गुजरना पड़ेगा। राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने जिला के अधिकतर गांव के बीपीएल व वंचित परिवारों को जनजातीय क्षेत्र विकास परियोजना व ट्राइबल सब प्लान के तहत 250 वाट के सोलर पावर प्लांट वितरित की जा रही है। नेगी के इस नेक कार्य से बीपीएल परिवारों में खुशी की लहर है। इसी संदर्भ में ठंगी गांव के 37 बीपीएल परिवारों को जनजातीय सलाहकार परिषद सदस्य डॉ. सूर्या बोरस ने सोलर पावर प्लांट वितरित किए। बीपीएल परिवारों ने नेगी का आभार जताया और कहा कि जगत सिंह गरीबों के मसीहा हैं। (अनंत ज्ञान)

### राजगढ़ में पेंशनर्स एसोसिएशन की बैठक संपन्न

**रविदत्त, राजगढ़।** पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन राजगढ़ इकाई की विशेष बैठक बुधवार को हुई। यह बैठक इकाई के अध्यक्ष विजय भारद्वाज की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस में लगभग तीन दर्जन सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने भाग लिया। महासचिव कृष्णदत्त शर्मा ने बताया कि सभी लोगों की सहमति से निर्णय लिया गया कि कार्यकारिणी के चुनाव आगामी 11 जुलाई के बजाय अब 22 जुलाई को राधाकृष्ण मंदिर में करवाए जाएंगे। बैठक में राज्य कार्यकारिणी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरिदत्त शर्मा व सदस्य रविदत्त भारद्वाज विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस बैठक में परस राम गालिब, नरेंद्र शास्त्री, जीवन सिंह, गरजा राम, गोपाल शर्मा, अयोध्या अरोड़ा, निर्मला देवी आदि ने बताया कि कार्यकारिणी के 3 वर्ष का समय अप्रैल 2024 को पूरा हो चुका है, लेकिन प्रदेश में लोकसभा और विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लगी होने के कारण बैठक नहीं करवा सके। शर्मा ने सभी पेंशनर्स से आग्रह किया है कि आप सभी 22 जुलाई को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आकर चुनाव प्रक्रिया का हिस्सा बनें। (अनंत ज्ञान)

### बिजली कर्मियों को करंट से बचने का दिया प्रशिक्षण

**रविदत्त, राजगढ़।** प्रदेश भर में आए दिन हो रहे बिजली करंट से बढ़ते हादसों को देखते हुए हिमाचल प्रदेश विद्युत बोर्ड सक्रिय हो गया है। विद्युत बोर्ड द्वारा इन हादसों को रोकने के लिए अब अपने कर्मियों को इसके लिए विशेष प्रशिक्षण दे रहा है। इसी कड़ी में उपमंडल पच्छाद के विद्युत उपमंडल सराहां और नारग में एकदिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सहायक अभियंता राजेंद्र ठाकुर की अध्यक्षता में सराहां और नारग में प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए गए, जिसमें ई. सुमित चौधरी एसडीओ धौलाकुआं ने उपस्थित कर्मियों को बिजली के करंट से बचने के बारे प्रशिक्षित किया। सुमित चौधरी ने बताया कि आजकल आसमानी बिजली व बरसात के चलते कई जगह बिजली करंट का खतरा रहता है। ऐसे में बिजली के करंट से बचने बारे उन्होंने विद्युत कर्मियों को विस्तार से जानकारी प्रदान की है। राजेंद्र ठाकुर ने बताया कि बिजली का काम करते समय उचित सुरक्षात्मक उपकरण पहनें। एचटी, एलटी लाइन पर काम करते समय उपकरणों की उचित अर्थिंग सुनिश्चित करें। (अनंत ज्ञान)

### सेब सीजन को लेकर ट्रक ऑपरेटर्स से बैठक

**आर मोहन चौहान, सोलन।** जिला सोलन में आगामी कुछ महीनों तक चलने वाले सेब सीजन के संदर्भ में बुधवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में एसपी गौरव सिंह की अध्यक्षता में एसपीएस परवाणू व सोलन के अध्यक्षों व सदस्यों, ट्रक/पिक-अप यूनियन सोलन व परमाणू के सदस्यों के साथ मीटिंग की गई। बैठक में एसपीएसएस सोलन के चेयरमैन रोशन ठाकुर और सचिव रविंद्र शर्मा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। इसमें सेब सीजन को लेकर गत वर्षों में सामने आई चुनौतियों के संदर्भ में चर्चा की गई तथा इन चुनौतियों के निपटारे हेतु निम्नलिखित बिंदुओं पर चर्चा गई। इसमें सीजन के दौरान बाहरी राज्यों से आए लदानियों/व्यापारियों का पुलिस सत्यापन जरूरी किया गया है। इसी तरह सेब सीजन के दौरान यातायात व्यवस्था को बनाए रखने तथा यातायात का सुचारु रुप से चलाने को लेकर भी रणनीति तय की गई। सेब मंडियों के पास मालवाहक वाहनों के लोडिंग और अनलोडिंग प्वॉइंट्स को चिह्नित करना और यातायात को सुचारु रूप से चलाना, सेब सीजन के दौरान एक व्हाट्सएप ग्रुप को चलाया गया है। इस ग्रुप में एसपीएसएस परवाणू व सोलन तथा ट्रक/पिक-अप यूनियन सोलन व परमाणू के सदस्यों व स्थानीय कारोबारियों को जोड़ा जा रहा है, ताकि इस ग्रुप के माध्यम से सीजन के दौरान आने वाली समस्याओं/ शिकायतों का तुरंत निपटारा किया जा सके व ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए ट्रैफिक डायवर्जन तथा दैनिक ट्रैफिक की स्थिति की सूचना भी साझा की जा सके। (अनंत ज्ञान)

### मोटरसाइकिल ट्रक से टकराया, एक की मौत

**अनंत ज्ञान, बीबीएन।** पुलिस थाना नालागढ़ के तहत राजपुरा में स्थित पेट्रोल पंप के पास एक तेज रफ्तार मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े एक ट्रक से टकरा गया। मोटरसाइकिल पर दो युवक सवार थे, जिसमें से एक की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मोटरसाइकिल चालक रिजवान निवासी धनारी थाना गिनौर जिला संभल उत्तर प्रदेश व उसके साथ सवार अरवाज खान निवासी नगलिया, जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश घायल हो गए हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। उपचार के दौरान घायल मोटरसाइकिल चालक रिजवान की मौत हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

# टमाटर के दामों ने पकड़ी रफ्तार
# हिमसोना 1130 रुपए प्रति क्रेट बिका

## हाईब्रिड के दाम भी 900 तक पहुंचे, सोलन और सिरमौर के टमाटर की मांग बढ़ी

**आर मोहन चौहान, सोलन**

देश की बड़ी सब्जी मंडियों में धीरे-धीरे सोलन और सिरमौर में तैयार हो रहे रेड गोल्ड यानी टमाटर की मांग बढ़ने लगी है। इससे सोलन सब्जी मंडी में टमाटर की फसल की आमद बढ़ गई है। सोलन सब्जी मंडी में रोज सोलन और सिरमौर के तैयार हो रहे टमाटर की औसतन 10 हजार क्रेट पहुंच रही है।

खास बात है कि पिछले हफ्ते की गिरावट के बाद टमाटर के दामों ने तेजी पकड़ी है। मंडी में हिमसोना बेस्ट क्वालिटी के दाम 1130 रुपए प्रति क्रेट बिका, जबकि हाई ब्रीड टमाटर भी प्रति क्रेट के दाम भी 900 रुपए तक पहुंच गए। इससे किसानों को भी सूखे हुए नुकसान की भरपाई होने की उम्मीद है। बता दें कि टमाटर सोलन और सिरमौर के किसानों की आर्थिकी का आधार बन चुका है।



सोलन सब्जी मंडी में बिक्री को पहुंचा टमाटर।

उधर, बाहरी राज्यों में सोलन के टमाटर की मांग के चलते व्यापारी वातानुकूलित ट्रकों में टमाटर की खेप को गुजरात, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, राजस्थान, नासिक पहुंच रहे हैं। इसी तरह हरियाणा

पंजाब, दिल्ली और चंडीगढ़ के लिए भी टमाटर की सप्लाई की जा रही है। सब्जी मंडी सोलन में टमाटर का व्यापार कर रहे आढ़ती तीर्थानंद भारद्वाज और किशोर ठाकुर का कहना है कि बाहरी राज्यों के व्यापारी अब मंडी में आना शुरू हो चुके हैं और लगातार कच्चे हरे टमाटर की मांग कर रहे हैं। गर्मी का मौसम अभी भी जारी है। ऐसे में पका हुआ टमाटर बाहरी राज्यों की मंडियों तक पहुंचने से पहले ही खराब हो रहा है। ऐसे में किसानों से व्यापारी आग्रह कर रहे हैं कि वो कच्चा हरा टमाटर ही मंडी में बेचने को लाएं। (अनंत ज्ञान)

### पिछले वर्ष टूटे रिकॉर्ड

पिछले वर्ष किसानों को रिकॉर्ड तोड़ दाम मिलते थे, जब टमाटर का थोक भाव प्रतिकिलो 150 से 180 रुपए प्रतिकिलो तक पहुंच गया था। यानी प्रति क्रेट के दाम 4000 हजार से 4500 भी बिके। किसानों को इस बार भी अच्छे दाम मिलने की उम्मीद है। कारोबारियों का मानना है की मैदानी राज्यों में बारिश बढ़ते ही सोलन के टमाटर की मांग देश की बड़ी मंडियों में बढ़ जाएगी। इससे बेस्ट क्वालिटी टमाटर के दामों में अच्छा खासा उछाल आएगा।

# किसानों व बागवानों को प्राकृतिक खेती के लिए किया जाए प्रोत्साहित



जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक की अध्यक्षता करते उपायुक्त सुमित खिमटा।

**एसपी जैरथ, नाहन**

उपायुक्त सिरमौर सुमित खिमटा की अध्यक्षता में आज यहां दस हजार किसान उत्पादक संगठन-गठन एवं संवर्धन योजना के तहत जिला स्तरीय निगरानी समिति की बैठक आयोजित हुई। उपायुक्त ने पहले से मौजूद एफपीओ की दीर्घकालिक स्थिरता सुनिश्चित करने पर जोर देते हुए कहा कि जिला के किसानों व बागवानों को प्राकृतिक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाए व समय-समय पर उन्हें प्रशिक्षित भी किया जाए।

उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती के उत्पादों की बाजार में अधिक मांग रहती है, जिससे उनकी आर्थिकी और अधिक सुदृढ़ होगी। उपायुक्त ने कहा कि एफपीओ के व्यवसाय विकास में इनपुट लाइसेंस महत्वपूर्ण हैं और इसलिए, एफपीओ को इनपुट लाइसेंस प्राप्त करने में तेजी लाने के लिए इस अभियान का लाभ उठाना चाहिए। सभी सीबीबीओ को इनपुट लाइसेंस के लिए शीघ्र आवेदन करने की सलाह दी गई और संबंधित विभागों को प्राथमिकता के आधार पर लाइसेंस जारी करने का निर्देश दिए। बैठक में कृषि के क्षेत्र में एकत्रीकरण और प्राथमिक प्रसंस्करण में उपलब्ध अवसरों के बारे में चर्चा की गई।

बैठक का संचालन करते हुए डीडीएम नाबार्ड बिक्रमजीत सिंह ने योजना के तहत जिले में बढ़ावा दिए जा रहे 8 एफपीओ के संबंध में समिति को जानकारी दी। इस संबंध में बैठक में अभियान के तहत, सरकारी एजेंसियों सहित सभी हितधारकों को अवगत कराया गया और संबंधित विभागीय अधिकारियों के पास एफपीओ के लंबित आवेदनों की स्थिति की समीक्षा की गई। (अनंत ज्ञान)

# शूलिनी विवि में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन

**आर मोहन, सोलन**

शूलिनी विश्वविद्यालय में योगानंद स्कूल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), कंप्यूटर और डाटा साइंसेज एप्लाइड आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एएआई) पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। तीन दिवसीय सम्मेलन का उद्देश्य कंप्यूटर विज्ञान, डाटा विज्ञान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सुरक्षा और सूचना प्रौद्योगिकी में वैश्विक सहयोग को प्रोत्साहित करना है, साथ ही शोधकर्ताओं, छात्रों और उद्योग विशेषज्ञों के बीच विचारों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना है।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में चांसलर प्रो. पीके खोसला, प्रो. चांसलर विशाल आनंद, वाइस चांसलर प्रो. अतुल खोसला और इनोवेशन एंड मार्केटिंग के निदेशक प्रो. आशीष खोसला जैसे विश्वविद्यालय प्रबंधन के संबोधन शामिल थे।

सम्मेलन में साउथ डकोटा विश्वविद्यालय से डॉ. केसी संतोष, कर्नाटक केंद्रीय विश्वविद्यालय से डॉ. रवींद्र हेगड़ी, शिव नादर इंस्टीट्यूशन ऑफ एमिनेंस और टेलर यूनिवर्सिटी से डॉ. बालामुरुगन बालुसामी, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय से डॉ. मंजू खारी और इमाम मोहम्मद इब्न सऊद इस्लामिक यूनिवर्सिटी से डॉ. साकिर खान मुख्य वक्त क रूप में भाग ले रहे है। पहली मुख्य वक्ता प्रोफेसर मंजू खारी ने 'साइबर सुरक्षा और सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता' शीर्षक से एक जानकारीपूर्ण सत्र दिया, उन्होंने डिजिटल परिवेश की सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। (अनंत ज्ञान)

# सिरमौर की कृतिका ने पास की यूपीएससी परीक्षा

**एसपी जैरथ, नाहन।** जिला सिरमौर के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छोगटाली से दसवीं कक्षा उत्तीर्ण करने वाली कृतिका ने पहले ही प्रयास में देश की सर्वोच्च प्रतियोगी परीक्षा संचालक संस्था यूपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा बिना किसी कोचिंग के उत्तीर्ण की। मंगलवार को घोषित हुए परीक्षा परिणाम के तुरंत बाद कृतिका अपने पुराने विद्यालय छोगटाली पहुंची तथा विद्यालय परिवार मुख्य रूप से अपने समय के गणित शिक्षक सुरेश ठाकुर का आभार व्यक्त किया। सुरेश तथा रामलाल ठाकुर ने भी कृतिका की सफलता पर अत्यधिक प्रसन्नता अभिव्यक्त की। कार्यकारी प्रधानाचार्य सुरेंद्र पुंडीर ने कहा कि दूरदराज क्षेत्र की पंचायत से संबंध रखने वाली कृतिका ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। (अनंत ज्ञान)

# एफपीओ से जुड़कर महिलाओं का होगा आर्थिक विकास : तन्मय कंवर

**रघुवंशी, अर्की**

विकास खंड कुनिहार के सभागार में बीडीओ कुनिहार तन्मय कंवर की अध्यक्षता में विकास खंड कुनिहार के स्वयं सहायता समूहों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमे कृषि व उद्यान विभाग के अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित हुए।

इस बैठक में अलग-अलग स्वयं सहायता समूहों की लगभग 100 महिलाओं ने भाग लिया। बीडीओ ने बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को एफपीओ (किसान उत्पादन संगठन) बारे जागरूक करना था कि इस संगठन से जुड़कर महिलाएं कैसे आर्थिक तौर पर अपना विकास कर सकती हैं। उन्होंने महिलाओं से इस संगठन के साथ जुड़ने व अन्य महिलाओं को भी जोड़कर सरकार की इस योजना का लाभ उठाने की अपील की।



विकास खंड कुनिहार के स्वयं सहायता समूहों के साथ बैठककरते बीडीओ।

उन्होंने बताया कि उद्यान विभाग से कमलेश व कृषि विभाग से कुमारी भावना ने अपने-अपने विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं से महिलाओं को अवगत करवाया कि महिलाएं इस संगठन से जुड़कर कैसे विभागों की योजनाओं का लाभ ले सकती हैं। इसके अलावा बीडीओ ने महिलाओं को इस पूरे हफ्ते में वन महोत्सव के मौके पर अपने-अपने क्षेत्र में अधिक से अधिक पेड़ लगाने व उनकी देखभाल करने की अपील की। इस मौके पर बीडीओ कुनिहार तन्मय कंवर, एरिया को-ऑर्डिनेटर अनिल कुमार, एचडीओ उद्यान विभाग कमलेश, कृषि विभाग से कुमारी भावना, कार्यालय सहायक नीरज ठाकुर व स्वयं सहायता समूह की महिलाएं मौजूद रहीं। (अनंत ज्ञान)

# क्षयरोग उन्मूलन बारे लोगों को करें जागरूक

**चौहान, राजगढ़।** क्षयरोग उन्मूल्न कार्यक्रम को लेकर खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय राजगढ़ में बुधवार को एसडीएम राजगढ़ राजकुमार ठाकुर की अध्यक्षता में खंड स्तरीय क्षयरोग फोरम की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में क्षयरोग के उन्मूलन के लिए हर विभाग की ओर से अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया और अधिक से अधिक बलगम के नमूनों की जांच करवाने के लिए कहा, ताकि शीघ्र क्षयरोग का पता लगाया जा सके। एसडीएम राजकुमार ठाकुर ने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिए कि प्रत्येक पंचायत में क्षयरोग मुक्त फोरम बैठक करवाना सुनिश्चित करें तथा इस बारे पंचायत स्तर पर होने वाली ग्राम सभाएं, विद्यालयों व महाविद्यालयों में क्षयरोग के उन्मूलन के लिए अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करने की अपील की। इससे पहले खंड चिकित्सा अधिकारी राजगढ़ डॉ. उपासना ने वर्ष 2023 में क्षयरोग के मरीजों के बारे में विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। (अनंत ज्ञान)

# दिनेश आर्य सर्वसम्मति से बने एसएमसी राजगढ़ के अध्यक्ष



एसएमसी राजगढ़ की नई कार्यकारिणी सामूहिक चित्र में।

**चौहान, राजगढ़**

वैद्य सूरत सिंह स्मारक राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय राजगढ़ की विद्यालय प्रबंधन समिति की आम बैठक का बुधवार को पूर्व अध्यक्ष एसएमसी अनिल पुंडीर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। जिसमें सर्वसम्मति से दिनेश आर्य को अध्यक्ष चुना गया, जबकि सदस्य कक्षा छठी से कपिल व अर्चना कक्षा सातवीं से देशराज व सीमा, कक्षा आठवीं से अनिल व मंजू चौहान, कक्षा नौवीं से विपिन व कमला, कक्षा दसवीं से अशोक व अनिला, कक्षा ग्यारहवीं से पदम् देव व कल्पना चौहान तथा कक्षा 12वीं से नरेंद्र ठाकुर व मीरा को भी सरस्वती से सदस्य चुने गए।

इसके अतिरिक्त वार्ड नंबर 5 के पदेन सदस्य कपिल ठाकुर भी स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य बनाए गए। विद्यालय की ओर से सुभाष ठाकुर प्रवक्ता राजनीति शास्त्र, देवेंद्र चौहान प्रवक्ता इतिहास, कल्पना शर्मा, निरुपम शर्मा हिंदी अध्यापिका को सदस्य चुना गया। इसके साथ ही मुख्य सलाहकार के रूप में जयप्रकाश चौहान पझौता स्वतंत्रता सेनानी कल्याण समिति के अध्यक्ष व समाजसेवी को चुना गया। कार्यकारी प्रधानाचार्य कमलेश चौहान ने बताया कि नई विद्यालय विद्यालय प्रबंधन समिति का कार्यकाल अगले 3 वर्ष तक रहेगा। बैठक में लगभग 200 सदस्य मौजूद रहे। नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिनेश आर्य ने कहा कि स्कूल प्रबंधन समिति के माध्यम स्कूल में बच्चों के लिए बेहतरीन मूलभूत सुविधाओं के सृजन के लिए विशेष प्रयास किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

# राहुल गांधी की हिंदू विरोधी मानसिकता स्वीकार नहीं: विहिप

**भावना, सोलन।** विश्व हिंदू परिषद चंडीगढ़ मंत्री अंकुश गुप्ता एवं उपाध्यक्ष दविंद्र सिद्धू ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि यह कदापि बर्दाश्त नहीं किया जाएगा की कोई भी व्यक्ति हमारे धर्म के खिलाफ ऐसी अभद्र टिप्पणी का प्रयोग करे।



अंकुश गुप्ता।

अंकुश ने कहा कि राहुल गांधी ने हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाई है, इससे पूरा हिंदू समाज आहत है। राहुल पूरे हिंदू समाज से तुरंत माफी मांगें, अन्यथा इस कथनी के परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें। विश्व हिंदू परिषद पंजाब के प्रचार प्रसार प्रमुख सुरेश राणा एवं चंडीगढ़ प्रचार प्रसार प्रमुख पंकज शर्मा ने संयुक्त बयान जारी करते हुए कहा कि राहुल गांधी हिंदू समाज को हिंसा का प्रतीक मानते हैं और यह कहते हैं कि सारे हिंदू हिंसा और हिंसा करते हैं, नफरत फैलाते है और असत्य ही बोलते हैं। (अनंत ज्ञान)

# 1-एचपी गर्ल्स बीएन एनसीसी सोलन का वार्षिक प्रशिक्षण शिविर शुरू

**आर मोहन, सोलन**

1-एचपी गर्ल्स बीएन एनसीसी सोलन दो वार्षिक प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन कर रहा है, जो 30 जून से 9 जुलाई और 10 जुलाई से 19 जुलाई तक चलेगा। पहला शिविर 30 जून को बागवानी और वानिकी विश्वविद्यालय के परिसर में कैंप कमांडेंट कर्नल संजय शांडिल और डिप्टी कैंप कमांडेंट मेजर तरुणा के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ। इस शिविर में हिमाचल प्रदेश के विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों की 719 बालिका कैडेट्स, 9 एएनओ और सीटीओ शामिल हैं। शिविर का पहला दिन पारंपरिक बगले की ध्वनि के साथ रेवेलि से शुरू हुआ।

इस उत्साहवर्धक शुरुआत ने कैडेट्स के लिए अनुशासन की भावना को मजबूत किया। दूसरी, परेड ड्रिल क्लास के साथ शुरू हुई, जिसके बाद संजय शांडिल द्वारा उद्घाटन संबोधन हुआ। अपने प्रेरणादायक भाषण में शांडिल ने सभी प्रतिभागियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके जीवन में एनसीसी की महत्वपूर्ण भूमिका और महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने एनसीसी में भागीदारी के माध्यम से व्यक्तिगत और व्यावसायिक विकास के अनेक अवसरों और प्रभावों को उजागर किया। (अनंत ज्ञान)

# आज बिजली बंद रहेगी

**आशीष, दाड़लाघाट।** विद्युत उपमंडल दाड़लाघाट के तहत 11 केवी भराड़ीघाट फीडर में आवश्यक मरम्मत कार्य के चलते चार जुलाई को कई क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। विद्युत विभाग दाड़ला के सहायक अभियंता सचिन आर्य ने बताया कि इस दौरान चार जुलाई को विद्युत अनुभाग भराड़ीघाट के अंतर्गत भराड़ीघाट,कुंद, खड़ोन, हारड़ा, थाच, नलाग, डीनण व इसके आसपास के सभी इलाकों में बिजली आपूर्ति सुबह 9 से शाम 6 बजे तक बाधित रहेगी। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान
क्लासीफाइड
विज्ञापन के लिए संपर्क करें
98168-75517

**सूचना**

मैं आर्मी नंबर JC 292185N रैंक नायब सूबेदार हरिदत्त पुत्र दयाराम गांव लुणसु, डाकघर हरिपुर, तहसील व जिला सोलन पिन 173206 है। मैंने अपनी पत्नी का नाम निशा से बदलकर निशा देवी कर दिया है। नोटरी पब्लिक अर्की के समक्ष हलफनामा संख्या HP18313056483522W के माध्यम 2 /7/ 2024

## प्रयास — मरीजों का टेली काउंसलिंग और टेलीमेडिसिन के माध्यम से होगा इलाज

# सुविधाओं से लैस होंगे सिरमौर के 10 स्वास्थ्य केंद्र

**एसपी जैरथ, नाहन**

यदि स्वास्थ्य विभाग की जुगत काम आई तो जिला सिरमौर के दस स्वास्थ्य सब सेंटर अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस होंगे। इन स्वास्थ्य केंद्रों में वे तमाम सुविधाएं मिलेंगी जो मरीज को बड़े अस्पतालों में मिलती हैं।

यही नहीं अत्यधिक सुविधाओं से लैस इन स्वास्थ्य केंद्रों में तैनात स्टाफ टेली काउंसलिंग और टेलीमेडिसिन के माध्यम से बड़े चिकित्सा संस्थानों में तैनात डॉक्टरों से संपर्क कर मरीजों का उपचार किया जाएगा। बताते हैं कि जिला सिरमौर के पांवटा साहिब और नाहन विकास खंडों के 10 स्वास्थ्य केंद्रों में वर्ल्ड क्लास स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया करवाई जाएंगी।



डॉ. अजय पाठक को दवा निर्माता कंपनी अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाती हुई।

इसके लिए राष्ट्रीय स्तर की संस्था ममता द्वारा विश्व प्रसिद्ध फार्मा कंपनी मैनकाइंड के सहयोग से अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। जानकारी के मुताबिक हेल्थ इंस्टीट्यूट ऑफ मदर एंड चाइल्ड के तहत इन स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतरीन सुविधाएं मुहैया करवाई जाएगी। मुख्य चिकित्सा अधिकारी सिरमौर डॉ. अजय पाठक ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की एनजीओ ममता के सहयोग से मल्टीनेशनल दवा निर्माता कंपनी मैनकाइंड के सहयोग से जिला सिरमौर के 10 स्वास्थ्य केंद्रों को अत्याधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि जिला मुख्यालय नाहन में ममता एनजीओ के प्रतिनिधि डॉक्टर गौरव सेठी द्वारा उन्हें यह उपकरण हेंडओवर किए गए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 तक जिला के 10 स्वास्थ्य केंद्रों को वर्ल्ड क्लास बनाने और नेशनल सर्टिफिकेशन लेने का लक्ष्य रखा गया है। (अनंत ज्ञान)

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार
फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

# शुभमन गिल की अगुवाई वाली भारतीय टीम हरारे पहुंची

**एजेंसी, हरारे**

कप्तान शुभमन गिल की अगुवाई और राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के मार्गदर्शन में युवा भारतीय क्रिकेट टीम छह जुलाई से जिम्बाब्वे के खिलाफ शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के लिए यहां पहुंच गई।

जिम्बाब्वे क्रिकेट द्वारा 'एक्स' पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में टीम को अपने सामान के साथ हवाई अड्डे से बाहर निकलते देखा गया। टीम मंगलवार को मुंबई से रवाना हुई थी, जबकि अमेरिका और वेस्टइंडीज में टी-20 विश्व कप टीम के साथ रिजर्व खिलाड़ी के रूप में जुड़े हुए गिल ब्रेक के बाद न्यूयॉर्क से यहां पहुंचे।

सीरीज के दौरान भारत के लिए पदार्पण करने वाले शीर्ष क्रम के युवा बल्लेबाज रियान पराग ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा कि उनका बचपन से ही इस तरह (राष्ट्रीय टीम के साथ) यात्रा करने का सपना था। पराग ने कहा, ''भारत की जर्सी पहनने और टीम के साथ यात्रा करने का अनुभव अलग होता है। असम से आने के कारण मेरा सपना भारत के लिए खेलना था। मैं वाकई बहुत खुश हूं। जब मैं अपना पहला मैच खेलूंगा तो जिम्बाब्वे के साथ मेरा एक खास रिश्ता होगा।'' गेंदबाज तुषार देशपांडे ने कहा कि राष्ट्रीय टीम का हिस्सा होना उनके लिए सपने के सच होने जैसा है और देश के लिए खेलना बहुत खास बात है। देशपांडे ने कहा, ''टीम के साथ यात्रा करना सबसे महत्वपूर्ण है और उन्हें जानना, टीम के माहौल को जानना और मेरे लिए सबसे महत्वपूर्ण यात्रा के दौरान होने वाली मौज-मस्ती है।'' बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने कहा कि जिस दिन से उन्होंने क्रिकेट खेलना शुरू किया उनका सपना देश के लिए खेलने का था। अभिषेक ने कहा, ''मुझे पता था कि अगर मैं कड़ी मेहनत करता रहा तो मुझे मौका मिलेगा, लेकिन मुझे नहीं पता था कि मुझे भारत के बाहर जिम्बाब्वे में मौका मिलेगा।''


जिम्बाब्वे के साथ होने वाली पांच मैचों की अंतरराष्ट्रीय टी-20 सीरीज के लिए हवाई अड्डे से बाहर निकलते भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाड़ी।

### दौरे का कार्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| पहला टी-20 | 06 जुलाई | (हरारे) |
| दूसरा टी-20 | 07 जुलाई | (हरारे) |
| तीसरा टी-20 | 10 जुलाई | (हरारे) |
| चौथा टी-20 | 13 जुलाई | (हरारे) |
| पांचवां टी-20 | 14 जुलाई | (हरारे) |

### छह जुलाई को पहला मैच

**भारत** हरारे क्रिकेट ग्राउंड पर सिकंदर रजा की कप्तानी वाले जिम्बाब्वे के खिलाफ पहला मैच छह जुलाई को खेलेगा। बाकी चार मैच भी इसी मैदान पर खेले जाएंगे। सीरीज का समापन 14 जुलाई को होगा। टी-20 विश्व कप टीम में शामिल संजू सैमसन और यशस्वी जायसवाल के साथ ऑलराउंडर शिवम दुबे को जिम्बाब्वे आने वाली टीम में शामिल होना था, लेकिन वे तूफान बेरिल के कारण बारबडोस में फंस गए हैं। साई सुदर्शन, जितेश शर्मा और हर्षित राणा को मंगलवार को सीरीज के पहले दो मैचों के लिए भारतीय टीम में शामिल तीनों खिलाड़ियों की जगह टीम में शामिल किया गया।

## टी-20 विश्व चैंपियन टीम इंडिया बारबाडोस से स्वदेश रवाना

**ब्रिजटाउन (बारबाडोस)।** टी-20 विश्व कप जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम श्रेणी चार के तूफान के कारण तीन दिन यहां फंसे रहने के बाद अंततः बुधवार को ग्रांटली एडम्स अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से विशेष विमान के जरिए दिल्ली के लिए रवाना हो गई। एयर इंडिया के विशेष विमान एआईसी24डब्ल्यूसी (एयर इंडिया चैंपियंस 24 विश्व कप) ने स्थानीय समयानुसार सुबह लगभग चार बजकर 50 मिनट पर उड़ान भरी और गुरुवार को भारतीय समयानुसार सुबह लगभग छह बजकर 20 मिनट पर दिल्ली पहुंचेगा। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने विमान के उड़ान भरने से पहले ट्रॉफी के साथ तस्वीर 'इंस्टाग्राम' पर पोस्ट करते हुए लिखा, ''घर आ रहे हैं।'' विमान में भारतीय टीम, उसका सहयोगी स्टाफ, खिलाड़ियों के परिवार और बीसीसीआई के अधिकारी तथा भारतीय मीडिया के कुछ सदस्य सवार हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### ओलंपिक की मेजबानी के बारे में चर्चा

**गांधीनगर।** भारत में फ्रांस के राजदूत डॉ. थिएरी माथौ ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से मुलाकात की। इस दौरान दोनों पक्षों ने राज्य में ओलंपिक खेलों के आयोजन में इस यूरोपीय देश की विशेषज्ञता का उपयोग करने के तरीकों पर चर्चा की। भारत 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी के लिए बोली लगाने की योजना बना रहा है। फ्रांस इस साल 26 जुलाई से 11 अगस्त तक पेरिस में ओलंपिक की मेजबानी करेगा। पटेल ने ओलंपिक की मेजबानी के लिए आवश्यक बुनियादी ढांचे और अन्य सुविधाओं में फ्रांस की समझ और कौशल का उपयोग करने में गुजरात की गहरी रुचि व्यक्त की।



### हॉकी इंडिया करेगा मास्टर्स कप की मेजबानी

**नई दिल्ली।** हॉकी इंडिया ने 40 साल से अधिक उम्र के पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए मास्टर्स कप आयोजित करने की घोषणा की। इस टूर्नामेंट का मकसद अनुभवी हॉकी खिलाड़ियों के जुनून और कौशल का जश्न मनाने का है। हॉकी इंडिया से संबद्ध सभी राज्य सदस्य इकाइयां इस आयोजन में भाग लेने के लिए पात्र हैं। इस टूर्नामेंट में भाग लेने के इच्छुक 40 वर्ष से अधिक आयु के सभी पात्र खिलाड़ियों को अपनी संबंधित सदस्य इकाइयों से संपर्क करना होगा। इन खिलाड़ियों को हॉकी इंडिया की सदस्य इकाई की वेबसाइट के माध्यम से पंजीकरण करना होगा। टूर्नामेंट की तारीखों और स्थल की घोषणा बाद में की जाएगी।

### अन्नू, ज्योति को ओलंपिक एथलेटिक्स कोटा

**नई दिल्ली।** एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता अन्नू रानी और एशियाई एथलेटिक्स चैंपियन ज्योति याराजी ने अपनी विश्व रैंकिंग के जरिए भारत के लिए पेरिस-2024 ओलंपिक एथलेटिक्स कोटा हासिल कर लिया है। एथलीट या तो अपने संबंधित इवेंट के लिए प्रवेश मानक को पूरा करके या क्वालिफिकेशन विंडो समाप्त होने के बाद रोड टू पेरिस रैंकिंग में कट-ऑफ के भीतर समाप्त करके अपने देश के लिए पेरिस 2024 कोटा प्राप्त कर सकते हैं। भाला फेंक खिलाड़ी अन्नू रानी रोड टू पेरिस रैंकिंग में 21वें स्थान पर रहीं, शीर्ष 32 एथलीट आगामी ग्रीष्मकालीन खेलों के लिए कट बना पाए। इस बीच, ज्योति ने महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ में 34वां स्थान हासिल कर 40 का कट-ऑफ हासिल किया। अन्नू और ज्योति दोनों ही अपनी-अपनी स्पर्धाओं में राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक हैं। दो बार के पुरुष शॉटपुट एशियाई चैंपियन तजिंद्रपाल सिंह तूर ने भी अपने इवेंट में 23वें स्थान पर रहने के बाद पेरिस 2024 का कोटा हासिल किया। महिलाओं की शॉटपुट स्पर्धा में एशियाई चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता आभा खटुआ भी 23वें स्थान पर रहीं। दोनों स्पर्धाओं के लिए रोड टू पेरिस रैंकिंग में शीर्ष 32 ने कोटा हासिल किया।

### अर्जेंटीना की ओलंपिक फुटबॉल टीम में मैसी नहीं

**ब्यूनस आयर्स।** लियोनेल मैसी इस महीने के अंत में पेरिस में शुरू होने वाले ओलंपिक में अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम का हिस्सा नहीं होंगे। कोच जेवियर माशेरानो ने घोषित टीम में विश्व कप विजेता टीम के चार सदस्यों को जगह दी, जिसमें स्ट्राइकर जूलियन अल्वारेज और डिफेंडर निकोलस ओटामेंडी शामिल हैं। इस साल चोटों से जूझ रहे 37 वर्षीय मैसी अभी कोपा अमेरिका में अर्जेंटीना का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। अर्जेंटीना ने 2021 में कोपा अमेरिका जीतने के बाद 2022 में विश्व कप भी जीता था। मैसी ने अपने एकमात्र ओलंपिक अभियान में 2008 में बीजिंग में टीम को स्वर्ण पदक दिलाने में मदद की थी। ओलंपिक पुरुष फुटबॉल टूर्नामेंट अंडर-23 टीम के लिए होता है, लेकिन प्रत्येक टीम में तीन अधिक उम्र के खिलाड़ियों को खिलाने की अनुमति दी जाती है। वर्ष 2004 और 2008 में खिलाड़ी के तौर पर ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने वाले माशेरानो कोपा अमेरिका खत्म होने के बाद गोलकीपर गेरोनिमो रूली, ओटामेंडी और अल्वारेज को टीम में शामिल करेंगे।



# गत चैंपियन विंबलडन से बाहर

## जेसिका बोजास मनेइरो ने 6-4, 6-2 से हराया

**एजेंसी, लंदन**

मार्केटा वोंद्रोसोवा 1994 से विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर से बाहर होने वाली पहली महिला गत चैंपियन खिलाड़ी बनीं। ऑल इंग्लैंड क्लब पर 12 महीने पहले खिताब जीतकर सभी को हैरान करने वाली वोंद्रोसोवा को जेसिका बोजास मनेइरो ने 6-4, 6-2 से हराया।

वोंद्रोसोवा पिछले साल घास के कोर्ट पर होने वाले इस ग्रैंड स्लैम को जीतने वाली पहली गैर-वरीयता प्राप्त महिला खिलाड़ी बनीं थी। वोंद्रोसोवा ने हालांकि एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कराया। वर्ष 1964 में शुरू हुए खेल के ओपन युग में इससे पहले सिर्फ एक बार विंबलडन की गत चैंपियन महिला खिलाड़ी को अगले साल पहले दौर में शिकस्त झेलनी पड़ी थी।

दिग्गज स्टेफी ग्राफ को 30 साल पहले लोरी मैकनील के खिलाफ इस स्थिति का सामना करना पड़ा था। वोंद्रोसोवा को इस बार छठी वरीयता मिली थी लेकिन तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर पाई। दूसरी तरफ जेसिका ने अपने तीसरे ही ग्रैंडस्लैम में गत चैंपियन खिलाड़ी को हराया।



उन्होंने इससे पहले दोनों ग्रैंडस्लैम में पहले दौर के मुकाबले गंवाए थे। जेसिका ने इससे पहले टूर स्तर पर ग्रास कोर्ट पर कोई मैच नहीं जीता और शीर्ष 10 में शामिल खिलाड़ी को भी कभी नहीं हरा पाई थी। छठे वरीय आंद्रे रूबलेव को हार का सामना करना पड़ा जबकि दूसरे दिन महिला एकल विजेताओं में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी इगा स्वियातेक, 2022 की चैंपियन एलेना रिबाकिना और पांचवीं वरीय जेसिका पेगुला शामिल रहीं।

पुरुष वर्ग मे सात के बार चैंपियन नोवाक जोकोविच, चौथे वरीय एलेक्जेंडर ज्वेरेव और सातवें वरीय ह्यूबर्ट हुरकाज ने अगले दौर में जगह बनाई।

### 'स्ट्रेंथ एंड कंडिशनिंग' कोच का मानना

# नीरज चोपड़ा पेरिस में पदक जीतने की सर्वश्रेष्ठ स्थिति में

**एजेंसी, विजयनगर (कर्नाटक)**

'इंस्पायर इस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स' (आईआईएस) में 'स्ट्रेंथ एंड कंडिशनिंग' कोच स्पेंसर मैके का मानना है कि भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा पेरिस ओलंपिक में पदक जीतने के लिए शारीरिक रूप से सर्वश्रेष्ठ स्थिति में हैं। भारत का यह 26 साल का एथलीट पिछले दो महीनों से जांघ की चोट से परेशान है, जिससे वह रविवार को होने वाली पेरिस डायमंड लीग में भी हिस्सा नहीं ले रहा है और सीधे ओलंपिक के लिए रवाना होगा।

टोक्यो में 2021 में ओलंपिक स्वर्ण पदक जीतने से पहले कोहनी की चोट के लिए आईआईएस में रिहैबिलिटेशन करने वाले चोपड़ा के बारे में मैके ने कहा, ''वह शारीरिक रूप से बेहतर स्थिति में है और पूरी तरह से तैयार है। उनकी पुरानी चोटों और हाल की चोट अब बीती बात है। जब ओलंपिक फाइनल शुरू होगा, तब नीरज देश के लिए एक और पदक जीतने के लिए शानदार स्थिति में होंगे।''



ओलंपिक और विश्व चैम्पियन चोपड़ा ने फिनलैंड में पावो नुर्मी खेलों में पहला स्वर्ण पदक जीतने के बाद एक महीने के लंबे ब्रेक के बाद जून में प्रतियोगिताओं में वापसी की। वह मई में दोहा डायमंड लीग में दूसरे स्थान पर रहे थे।

### हार्दिक बने टी-20 में शीर्ष ऑलराउंडर

**दुबई।** हार्दिक पांड्या बुधवार को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की टी20 अंतरराष्ट्रीय ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले पहले भारतीय बने। टी-20 विश्व कप में खिताब जीतने के बाद भारत के क्रिकेटरों की रैंकिंग में सुधार हुआ है। टी-20 विश्व कप में 15 विकेट चटकाकर टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बने भारत के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह गेंदबाजी रैंकिंग में 12 स्थान के फायदे से 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं जो 2020 के बाद उनकी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। टी-20 ऑलराउंडर रैंकिंग में शीर्ष 10 में मार्कस स्टोइनिस, सिकंदर रजा, शाकिब अल हसन और लियाम लिविंगस्टोन को एक-एक स्थान का फायदा हुआ है। गेंदबाजी रैंकिंग में दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नोर्त्जे करियर के सर्वश्रेष्ठ दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

# तुर्किये ने ऑस्ट्रिया को हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई

**एजेंसी, बर्लिन**

मेरिह डेमिरल के दो गोलों की बदौलत तुर्किये ने लीपजिग के रेड बुल एरेना में यूरो-2024 के अंतिम-16 के मैच में ऑस्ट्रिया को 2-1 से हराकर अंतिम आठ में जगह बनाई। तुर्किये ने मुकाबले की तेज शुरुआत की और मैच के 57वें सेकेंड में ही डेमिरल ने गोल कर अपनी टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी।



यह यूरो टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में सबसे तेज गोल था।

ऑस्ट्रिया ने इसके बाद कई जवाबी हमले किए, लेकिन क्रिस्टोफ बाउमगार्टनर ने बराबरी हासिल करने के दो मौके गंवा दिए। ऑस्ट्रियाई टीम ने तुर्किये की सुव्यवस्थित रक्षा के खिलाफ अधिक मौके बनाने के लिए संघर्ष किया और हॉफ टाइम से पहले स्पष्ट अवसर बनाने में विफल रही। मैच के 59वें मिनट में डेमिरल ने मैच का अपना दूसरा गोल करते हुए तुर्किये को 2-0 की बढ़त दिला दी। ऑस्ट्रिया ने स्थानापन्न माइकल ग्रेगोरित्श ने मैच के 86वें मिनट में गोल कर स्कोर 2-1 कर दिया।

### एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप-2024

# पंकज आडवाणी की विजयी शुरुआत

**एजेंसी, रियाद**

दिग्गज क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने यहां 2024 एशियाई बिलियर्ड्स चैंपियनशिप में शानदार शुरुआत करते हुए ऑन्ग फियो और युटापोप पाकपोज को हराया।

एशियाई बिलियर्ड्स खिताब की हैट्रिक बनाने के इरादे से उतरे 38 साल के आडवाणी ने म्यांमार के फियो को 4-2 से हराने के बाद कड़े मुकाबले में थाईलैंड के पाकपोज को 4-3 से शिकस्त दी। आडवाणी ने कहा, ''टूर्नामेंट की सकारात्मक शुरुआत करना हमेशा अच्छा होता है। इन दो जीत से मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है और मेरी नजरें अब लक्ष्य पर हैं। यह खेल काफी अप्रत्याशित है इसलिए मैं किसी भी चीज को हल्के में नहीं ले रहा हूं।''



### अभय-वेलावन को एशियाई युगल स्क्वाश में शीर्ष वरीयता

जोहोर (मलेशिया)। अभय सिंह और वेलावन सेंथिलकुमार की भारतीय जोड़ी को गुरुवार से यहां शुरू हो रही एशियाई युगल स्क्वाश चैंपियनशिप के पुरुष युगल में शीर्ष वरीयता दी गई है। अभय मिश्रित युगल में दिग्गज जोशना चिनप्पा के साथ खेलेंगे। यह जोड़ी 15 टीमों में तीसरी वरीयता प्राप्त है।

रथिका सुथांथिर सीलन और पूजा आरती आर की महिला युगल जोड़ी को पांचवीं वरीयता मिली है। दोनों जोड़ियों ने इस साल की राष्ट्रीय चैंपियनशिप जीती थी जिसे 17 साल बाद दोबारा शुरू किया गया।

# कोलंबिया-ब्राजील ड्रॉ खेलकर कोपा अमेरिका के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे

**एजेंसी, सेंटा क्लारा**

डेनियल मुनोज के पहले हॉफ के इंजरी टाइम में दागे गोल की मदद से कोलंबिया ने ब्राजील को 1-1 से बराबरी पर रोककर कोपा अमेरिका फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप-डी में शीर्ष पर रहते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

ब्राजील की टीम भी दूसरे स्थान पर रहते अंतिम-8 में जगह बनाने में सफल रही। राफिन्हा ने 12वें मिनट में ब्राजील को बढ़त दिलाई लेकिन मुनोज ने पहले हाफ के इंजरी टीम में गोल करके स्कोर 1-1 कर दिया जिसके बाद दोनों ही टीमें गोल करने में नाकाम रहीं।

इस ड्रॉ से कोलंबिया ने अपने अजेय अभियान को 26 मैच तक पहुंचाया। कोलंबिया की टीम तीन मैच में दो जीत और एक ड्रॉ से सात अंक के साथ शीर्ष पर रही। ब्राजील ने एक जीत और दो ड्रॉ से पांच अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। पराग्वे (शून्य अंक) को 2-1 से हराने के बावजूद कोस्टा रिका (चार अंक) की टीम तीसरे स्थान पर रहते हुए टूर्नामेंट से बाहर हो गई। कोलंबिया शनिवार को क्वार्टर फाइनल में पनामा से भिड़ेगा जबकि ब्राजील का सामना इसी दिन उरूग्वे से होगा।



### यूरो-2024 प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में रोमानिया को 3-0 से दी पटकनी

# नीदरलैंड 16 साल बाद क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

**एजेंसी, म्यूनिख**

नीदरलैंड ने यूरो-2024 के प्री-क्वार्टर फाइनल में टूर्नामेंट का अपना अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए रोमानिया को 3-0 से हराकर 16 वर्षों में पहली बार यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। कोडी गाकपो ने 20वें मिनट में नीदरलैंड को बढ़त दिलाई, जिसके बाद स्थानापन्न खिलाड़ी डोनयेल मालेन ने दो गोल और दागकर नीदरलैंड को 2008 के बाद पहली बार टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा दिया।

नीदरलैंड ने शुरुआत में गोल करने के कुछ मौके गंवाए, जबकि कप्तान वर्जिल वान डिक का शॉट भी गोल पोस्ट से टकरा गया। टीम ने हालांकि इसके बाद वापसी करते हुए जीत दर्ज की।


रोमानिया के खिलाफ प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में गोल करने के बाद खुशी व्यक्त करता नीदरलैंड का खिलाड़ी।

### स्कोर कार्ड

| रोमानिया | | नीदरलैंड |
|---|---|---|
| 05 | शॉट | 23 |
| 01 | लक्ष्य पर शॉट | 06 |
| 35% | नियंत्रण | 65% |
| 271 | पास | 500 |
| 08 | फाऊल | 09 |
| 02 | येलो कॉर्ड | 02 |
| 00 | रेड कॉर्ड | 00 |
| 00 | ऑफ साइड | 04 |
| 04 | कार्नर | 13 |

## न्यूज ब्रीफ

### नए सैन्य प्रमुख पहले दौरे पर पुंछ पहुंचे

**अशोक ठाकुर, जम्मू।** भारतीय सेना के नए सैन्य प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी अपने पहले दौरे पर भारत-पाकिस्तान नियंत्रण रेखा से सटे पुंछ जिला मुख्यालय पहुंचे। सैन्य प्रमुख पुंछ में हवाई अड्डे पर विशेष हेलिकॉप्टर से उतरे, जहां से वह सीधे पुंछ ब्रिगेड मुख्यालय गए। वह सैन्य अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। उसके उपरांत वह पर नियंत्रण रेखा के अग्रिम क्षेत्रों का दौरा कर सकते हैं। गौरतलब है कि उपेंद्र द्विवेदी इससे पूर्व नार्दन कमान के प्रमुख रह चुके हैं। नए सैन्य प्रमुख का पदभार संभालने के बाद पहले दौरे पर ही वह पुंछ पहुंचे हैं। (अनंत ज्ञान)



### सूरज रेवन्ना 18 तक न्यायिक हिरासत में

**बेंगलुरु।** बेंगलुरु की एक अदालत ने बुधवार को दो पुरुषों के यौन उत्पीड़न के आरोपी व जनता दल (सेक्यूलर) के विधान परिषद सदस्य सूरज रेवन्ना को 18 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बेंगलुरु के 42वें अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने एक जुलाई को सूरज रेवन्ना को आज यानी तीन जुलाई तक अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) की हिरासत में भेजा था, जिसे अब बढ़ा दिया गया है। सीआईडी उनके खिलाफ मामलों की जांच कर रही है।

### हरियाणा विधानसभा चुनाव की आवेदन प्रक्रिया शुरू

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आगामी विधानसभा चुनाव में टिकटों के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया आरंभ कर दी गई है और आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई 2024 निर्धारित की गई है। इस संदर्भ में निर्धारित किए गए आवेदन शुल्क के अनुसार सामान्य वर्ग के आवेदक को 20,000 रुपए प्रत्येक आवेदन पत्र के साथ प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में जमा करवाने होंगे। प्रत्येक आरक्षित सीट के लिए 5000 रखा गया है। इसके अतिरिक्त सामान्य सीटों पर अगर कोई महिला अथवा अनुसूचित जाति या पिछड़ा वर्ग से संबंधित इच्छुक व्यक्ति आवेदन करता है तो उसे मात्र 5000 रुपए आवेदन शुल्क जमा करवाना होगा। (अनंत ज्ञान)

### राज्यपाल जल्द बुलाएं सलाहकार परिषद की बैठक

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एचएस लक्की ने राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित को पत्र लिखकर अनुरोध किया है कि वे सलाहकार परिषद की तत्काल बैठक बुलाएं ताकि चंडीगढ़ से संबंधित विभिन्न मुद्दों का समाधान किया जा सके, जो महामहिम के विचार और आवश्यक कार्रवाई के लिए लंबित हैं। इनमें कॉलोनियों, गांवों, उद्योगों, व्यवसायों, हाउसिंग बोर्ड, कर्मचारियों, धार्मिक संरचनाओं, नगर निगम और शहर के निवासियों से संबंधित मुद्दे शामिल हैं। इससे चंडीगढ़ के निवासियों को बहुत राहत मिलेगी, जो इसके कारण पीड़ित हैं। लक्की ने कहा कि सलाहकार परिषद की अंतिम बैठक पिछले साल 18 अगस्त को हुई थी, तब से काफी समय बीत चुका है। उन्होंने प्रशासक से अनुरोध किया कि लंबित मुद्दों को हल करने के लिए 3 महीने में एक बार बैठक बुलाई जाए क्योंकि ये मुद्दे लगातार लटके हुए हैं और लोगों को इसके कारण परेशानी उठानी पड़ रही है। कांग्रेस पार्टी और चंडीगढ़ से इसके नवनिर्वाचित सांसद चंडीगढ़ के निवासियों की समस्याओं को हल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं और उनका मानना है कि महामहिम सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए इस प्रयास में मदद करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### केंद्र सरकार ने किया कैबिनेट कमेटियों का गठन

**नई दिल्ली।** इस बार मोदी 3.0 कैबिनेट में एनडीए के सहयोगी दलों को तवज्जो मिली। केंद्र सरकार ने बुधवार को कैबिनेट कमेटियों का गठन कर दिया, जिसमें जेडीयू और टीडीपी समेत घटक दलों के मंत्रियों को जगह मिली। कैबिनेट की नियुक्ति समिति में सिर्फ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह हैं। इस बार लोकसभा चुनाव के रिजल्ट ने सबको चौंका दिया। नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू किंगमेकर बनकर सामने आए। ऐसे में मोदी के मंत्रिपरिषद में एनडीए के सहयोगी दलों को जगह मिली। अब केंद्र सरकार की कैबिनेट समितियों में भी घटक दलों के मंत्री सदस्य बनाए गए हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह कैबिनेट कमेटी ऑन अकोमोडेशन अफेयर्स के अध्यक्ष बनाए गए, जबकि कैबिनेट कमेटी ऑन पार्लियामेंट्री अफेयर्स की अध्यक्षता रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह करेंगे। सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति में अमित शाह, एस जयशंकर, निर्मला सीतारमण और राजनाथ सिंह शामिल हैं।

### अमरनाथ यात्रा का आईजी ने लिया जायजा



**पहलगाम।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) कश्मीर फ्रंटियर के महानिरीक्षक अशोक यादव ने बुधवार को अमरनाथ यात्रा के लिए दक्षिण कश्मीर में पहलगाम में तैनात जवानों की परिचालन तत्परता की समीक्षा की। उन्होंने सुचारू और सुरक्षित तीर्थयात्रा के लिए सड़क खोलने वाले दल (आरओपी) की समन्वित सतर्कता सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षा और निगरानी ग्रिड का निरीक्षण किया।

### आलिया बनी पहली हाईकोर्ट महिला चीफ जस्टिस



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में लाहौर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के पद पर पहली बार कोई महिला आसीन होगी। पाकिस्तान के न्यायिक आयोग (जेसीपी) ने मंगलवार जस्टिस आलिया नीलम की पदोन्नति को मंजूरी दी। आलिया नीलम लाहौर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस के पद पर पहुंचने वाली पहली महिला के रूप में इतिहास रचने के लिए तैयार हैं।

### ममता के खिलाफ मानहानि केस की सुनवाई स्थगित



**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सीवी आनंद बोस की ओर से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ दायर मानहानि के मुकदमे की सुनवाई वीरवार तक के लिए स्थगित कर दी है। बोस ने बनर्जी और तृणमूल कांग्रेस के अन्य नेताओं की कथित टिप्पणियों को लेकर मुख्यमंत्री के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है।

### ज्ञानवापी के वजूखाने के सर्वे की सुनवाई 9 को

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट में मुस्लिम पक्ष के कोर्ट में पेश न होने की वजह से ज्ञानवापी मामले की सुनवाई टल गई। अब 9 जुलाई को सुनवाई होगी। ज्ञानवापी परिसर में स्थित वजूखाने का भी सर्वेक्षण एएसआई आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया से कराए जाने की मांग पर बुधवार को हाईकोर्ट में सुनवाई होनी थी। ज्ञानवापी परिसर में स्थित वजूखाने के एएसआई सर्वेक्षण की मांग को लेकर श्रृंगार गौरी केस की मुख्य याचिकाकर्ता राखी सिंह की तरफ से इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कहा है कि जिस तरह से ज्ञानवापी के पूरे परिसर का सर्वे किया गया है उसी तरह से सील किए गए वजूखाने का भी सर्वे किया जाना चाहिए।

# जीका वायरस ने बढ़ाई टेंशन

## महाराष्ट्र में मामले सामने आने पर केंद्र ने सभी राज्यों को जारी की एडवाइजरी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

जीका वायरस को लेकर केंद्र ने सभी राज्यों को अलर्ट किया है। केंद्र की ओर इसको लेकर एक एडवाइजरी भी जारी की गई है। महाराष्ट्र में जीका वायरस के कुछ मामले सामने आने के बाद केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बुधवार को सभी राज्यों को एडवाइजरी जारी कर स्थिति की लगातार निगरानी बनाए रखने का निर्देश दिया।

राज्यों से कहा गया है कि वे गर्भवती महिलाओं की जीका वायरस जांच कराए जाने पर ध्यान दें। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक डॉ. अतुल गोयल की ओर जारी एडवाइजरी के अलावा, मंत्रालय ने स्वास्थ्य संस्थानों को एक नोडल अधिकारी नियुक्त करने का भी निर्देश दिया।

### गुजरात में सामने आया था पहला मामला

जीका वायरस संक्रमण एडीज मच्छर के काटने से फैलता है। इस मच्छर से डेंगू और चिकनगुनिया भी होता है। हालांकि जीका संक्रमण से मौत नहीं होती है। भारत में सबसे पहला जीका का मामला 2016 में गुजरात में सामने आया था। उसके बाद से कई अन्य राज्यों में भी इसके मामले सामने आए हैं, जिनमें तमिलनाडु, मध्य प्रदेश, राजस्थान, केरल, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश और दिल्ली शामिल हैं।




### जीका वायरस के लक्षण

आमतौर पर जीका वायरस से संक्रमित 80 फीसदी लोगों में कोई संक्रमण नहीं दिखते, लेकिन अगर किसी को बुखार, दाने, जोड़ों और मांसपेशियों में दर्द, सिरदर्द या कंजेक्टिवाइटिस जैसा लग रहा है, तो इग्नोर नहीं करना चाहिए. यह लक्षण संक्रमित मच्छर के काटने के एक सप्ताह बाद दिखाई देते हैं और बाद में लगभग एक सप्ताह तक बने रह सकते हैं।

### गर्भवती महिलाओं को क्यों है अधिक खतरा



**गर्भवती** महिलाओं में जीका वायरस संक्रमण माइक्रोसेफली का सबसे बड़ा खतरा है। यदि कोई महिला गर्भावस्था के दौरान जीका वायरस से संक्रमित हो जाती है, तो उसके बच्चे में माइक्रोसेफली होने का खतरा बढ़ जाता है। गर्भवती महिलाओं को जीका होने से उनके पैदा होने वाले बच्चों में माइक्रोसेफली (सिर का छोटा होना) का खतरा रहता है, इसलिए यह चिंता का विषय है। माइक्रोसेफली एक ऐसी स्थिति है जिसमें बच्चे का सिर सामान्य से छोटा होता है। यह मस्तिष्क के विकास में बाधा डाल सकता है और यह बच्चे की विकलांगता का कारण भी बन सकता है।

# नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई ने कोलकाता में की छापेमारी

**एजेंसी, कोलकाता**

स्नातक स्तर की मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट पेपर लीक मामले में कोलकाता के न्यूटाउन इलाके में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की टीम ने बुधवार को छापेमारी की है। झारखंड में जांच के दौरान न्यूटाउन स्थित एक फ्लैट के मालिक अमित कुमार का नाम सामने आया था। सीबीआई ने आज इस बंद फ्लैट पर छापेमारी की, लेकिन अमित का पता नहीं चल सका।

देश भर में इस मेडिकल प्रवेश परीक्षा में पेपर लीक और नकल के आरोप लगे। सड़क से लेकर संसद तक में तूफान मच गया। केंद्र ने आखिरकार जून में सीबीआई जांच की सिफारिश की। केंद्रीय जांच एजेंसी ने जांच के दौरान अलग-अलग राज्यों से कई शिक्षकों को गिरफ्तार किया। सीबीआई ने झारखंड में भी जांच शुरू की।

शुरुआती अटकलें यह हैं कि पहला प्रश्न पत्र परीक्षा से एक रात पहले झारखंड से लीक होकर बिचौलियों के माध्यम से बिहार पहुंच गया। झारखंड में जांच के दौरान अमित कुमार का नाम सामने आया। सीबीआई की टीम अमित के आवास की तलाशी ले रही है। सीबीआई अधिकारियों का दावा है कि अमित कुमार नीट प्रश्नपत्र लीक मामले के आरोपियों में से एक है।

### सीयूईटी-यूजी परीक्षा के परिणामों की तारीख जल्द घोषित होगी

**विश्वविद्यालय** अनुदान आयोग (यूजीसी) के अध्यक्ष एम. जगदीश कुमार ने कहा कि संयुक्त विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा-स्नातक (सीयूईटी-यूजी) के परिणाम घोषित करने की तारीख का ऐलान जल्द किया जाएगा। स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए महत्वपूर्ण परीक्षा सीयूईटी-यूजी के परिणाम 30 जून तक घोषित किए जाने थे। हालांकि, राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से अब तक कोई जानकारी नहीं दी गई है। सीयूईटी परिणामों की घोषणा में देरी से विश्वविद्यालयों के शैक्षणिक कैलेंडर पर भी असर पड़ने की संभावना है।

# हिजबुल्ला ने कहा-गाजा में संघर्ष विराम के बाद इसरायल से जंग रोक देंगे

**एजेंसी, बेरूत**

लेबनान-इजराइल सीमा पर जारी संघर्ष को लेकर लेबनानी चरमपंथी समूह हिजबुल्ला के उपनेता ने कहा कि गाजा में पूर्ण संघर्ष विराम के बाद उनका समूह भी जंग रोक देगा। हिजबुल्ला के उपनेता शेख नईम कासिम ने कहा कि इसरायल-हमास युद्ध में हिजबुल्ला की भागीदारी उसके सहयोगी हमास के लिए एक 'समर्थक मोर्चे' के रूप में रही है और अगर युद्ध रुक जाता है तो सैन्य समर्थन भी नहीं रहेगा।

उन्होंने कहा लेकिन अगर इजराइल बिना किसी औपचारिक युद्ध विराम समझौते के गाजा से अपनी पूरी की पूरी सेना वापस बुला लेता है तो लेबनान-इजराइल पर जारी संघर्ष की जटिलताएं बरकरार रह सकती हैं।



कासिम ने कहा, अगर गाजा में संघर्ष विराम होने या फिर नहीं होने, युद्ध और युद्ध नहीं होने को लेकर मिलीजुली चीजें रहती हैं तो हम उस पर अभी कोई जवाब नहीं दे सकते (कि हम क्या प्रतिक्रिया देंगे) क्योंकि हम इसके स्वरूप, इसके परिणामों, इसके प्रभावों को नहीं जानते हैं।

### उत्तराखंड को मिली कोयला आपूर्ति स्वीकृति

**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के अनुरोध पर विद्युत मंत्रालय भारत सरकार द्वारा यूजेवीएन लिमिटेड एवं टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम को कोयला आधारित तापीय बिजली संयंत्र की स्थापना हेतु सैद्धांतिक सहमति प्रदान कर दी गई है।

इस संबंध में मुख्यमंत्री द्वारा शक्ति नीति के अंतर्गत अप्रैल 2024 में कोयला आवंटन हेतु भारत सरकार को अवगत कराया गया कि राज्य सरकार अपने सार्वजनिक उपक्रम यूजेवीएन लिमिटेड के अतिरिक्त टीएचडीसी एवं यूजेवीएन लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम के माध्यम से भी कोयला आधारित तापीय विद्युत संयंत्र की स्थापना की इच्छुक है। (अनंत ज्ञान)

# भारतीय रेलवे की माल ढुलाई से आय 11.1 प्रतिशत बढ़कर 14,798 करोड़ हुई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय रेलवे की माल ढुलाई से आय जून 2024 में 11.1 प्रतिशत बढ़कर 14,798.11 करोड़ रुपए हो गई है, जो कि पिछले वर्ष समान अवधि में 13,316.81 करोड़ रुपए थी। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। आंकड़ों के मुताबिक, इस वर्ष जून में रेलवे ने 135.46 मिलियन टन कार्गो का परिवहन किया है।

इस दारौन माल ढुलाई में सालाना आधार पर 10.07 प्रतिशत की बढ़त हुई है, जो कि पिछले साल समान अवधि में यह 123.06 मिलियन टन थी। डेटा के मुताबिक, भारतीय रेलवे ने जून 2024 में 60.27 मिलियन टन कोयला



(घरेलू उत्पादित कोयला) और 8.82 मिलियन टन आयातित कोयला, 15.07 मिलियन टन लौह अयस्क, 5.36 मिलियन टन पिग आयरन और तैयार स्टील, 7.56 मिलियन टन सीमेंट, 4.21 मिलियन टन खाद्य उत्पाद, 5.30 मिलियन टन उर्वरक, 4.18 मिलियन टन मिनरल ऑयल, 6.97 मिलियन टन कंटेनर और 10.06 मिलियन टन अन्य सामानों का परिवहन किया है।

भारतीय रेलवे के बयान के मुताबिक, 'हंगरी फॉर कार्गो' मंत्र के तहत रेलवे ने अपनी सर्विस क्वालिटी में काफी सुधार किया और कीमतों को प्रतिस्पर्धी बनाया गया है। बयान में आगे कहा गया कि ग्राहक केंद्रित एप्रोच और बिजनेस डेवलपमेंट यूनिट्स के काम करने के कारण रेलवे ने इतने शानदार नतीजे पेश किए हैं।

# जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री के समक्ष भारतीय नागरिकों की सुरक्षा का उठाया मुद्दा

**एजेंसी, अस्ताना**

**विदेश** मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को रूस के अपने समकक्ष सर्गेई लावरोव के समक्ष युद्ध क्षेत्र में भारतीय नागरिकों का मुद्दा उठाया और उनकी सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने का अनुरोध किया।

जयशंकर शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व करने मंगलवार को यहां पहुंचे। जयशंकर ने 'एक्स' पर कहा कि रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात कर आज खुशी हुई। हमारी द्विपक्षीय साझेदारी और समकालीन मुद्दों पर व्यापक बातचीत हुई। दिसंबर 2023 में हमारी आखिरी मुलाकात के बाद से



कई क्षेत्रों में हुई प्रगति पर चर्चा की। दोनों विदेश मंत्रियों के बीच यह मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात करने के लिए मॉस्को की प्रस्तावित यात्रा से पहले हुई है। जयशंकर ने कहा कि भारतीय नागरिकों को लेकर अपनी गंभीर चिंता जताई, जो अभी युद्ध क्षेत्र में हैं। उनकी सुरक्षित व जल्द वापसी पर जोर दिया।

### वैश्विक सामरिक परिदृश्य पर भी चर्चा

**जयशंकर** ने लावरोव के साथ वैश्विक सामरिक परिदृश्य पर भी चर्चा की। इससे पहले, विदेश मंत्री ने मंगलवार को यहां कजाखस्तान के उपप्रधानमंत्री मूरत नूरतलेउ से मुलाकात की और रणनीतिक साझेदारी के विस्तार और विभिन्न प्रारूपों में मध्य एशिया के साथ भारत की बढ़ती भागीदारी पर चर्चा की थी। जयशंकर ने नूरतलेउ के साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। नूरतलेउ विदेश मंत्री का प्रभार भी संभाल रहे हैं।

### भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है मुंबई हमलों के आरोपी तहव्वुर राणा



**वाशिंगटन।** पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर राणा को भारत लाने की उम्मीद बढ़ गई है। दरअसल अमेरिका के सहायक अटॉर्नी ब्रैम एल्डेन ने अमेरिका के अपीलीय न्यायालय को बताया है कि भारत-अमेरिका की प्रत्यर्पण संधि के प्रावधानों के तहत तहव्वुर राणा को भारत प्रत्यर्पित किया जा सकता है। तहव्वुर राणा पर साल 2008 में हुए मुंबई हमले में शामिल होने का आरोप है। तहव्वुर राणा ने कैलिफोर्निया की एक जिला अदालत में प्रत्यर्पण के खिलाफ अपील की है।

# पीएम मोदी की झूठ बोलना बन गई है आदत : खड़गे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्यसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर लाए गए धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा का जवाब देते हुए गलतबयानी की, जिसके विरोध में विपक्ष को सदन से वॉकआउट करना पड़ा।

उन्होंने संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि झूठ बोलना और लोगों को भ्रमित करना प्रधानमंत्री मोदी की आदत बन गई है। इस दौरान कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी और विपक्षी गठबंधन के कई घटक दलों के नेता भी थे। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि हम सबने इसलिए वॉकआउट किया क्योंकि प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा पर जवाब देते हुए कुछ गलत बातें सदन में रखीं। मैं सिर्फ इतना कहना चाहता था कि संविधान आपने नहीं बनाया, संविधान के आप लोग विरोधी थे। उन्होंने दावा किया कि जनसंघ और उससे जुड़े संगठनों ने संविधान का विरोध किया था और पंडित जवाहरलाल नेहरू और बाबासाहेब भीमराम अंबेडकर के पुतले जलाए थे। उनका कहना था कि प्रधानमंत्री हमें संविधान विरोधी कह रहे हैं, जबकि ये लोग संविधान के जन्मजात विरोधी हैं।

### हरियाणा में सैर पर निकले क्राइम ब्रांच के एएसआई की गोली मारकर हत्या

**एजेंसी, हरियाणा**



**हरियाणा** के करनाल में एएसआई की उसके घर के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। संजीव यमुनानगर क्राइम ब्रांच में तैनात था।

संजीव अपने घर के बाहर सैर कर रहे थे, तो दो बाइक पर सवार बदमाश आते हैं और दो राउंड फायरिंग करते हैं। एक गोली संजीव को माथे पर और दूसरी कमर पर लगती है। इसके बाद संजीव को गंभीर हालत में प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया लेकिन उन्होंने दम तोड़ दिया।

# बिहार के सिवान जिले में एक और पुल ढहा

**एजेंसी, सिवान (बिहार)**

**बिहार** के सिवान जिले में गंडकी नदी पर बने पुल का एक हिस्सा बुधवार सुबह ढह गया। यह पिछले 15 दिन में राज्य में ऐसी सातवीं घटना है। जिले के देवरिया ब्लॉक में स्थित यह छोटा पुल कई गांवों को महाराजगंज से जोड़ता है। इस घटना में किसी के हताहत होने की फिलहाल कोई जानकारी नहीं मिली है। पिछले 11 दिन में सिवान में पुल ढहने की यह दूसरी घटना है। उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार ने बताया कि पुल गिरने के असल कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक के वरिष्ठ अधिकारी पहले ही घटनास्थल पर पहुंच चुके हैं। देवरिया ब्लॉक में आज सुबह पुल का एक हिस्सा गिर गया। इस घटना का सही कारण अभी तक पता नहीं चल पाया है। पुल का निर्माण 1982-83 में हुआ था। पिछले कुछ दिनों से पुल की मरम्मत का काम जारी था। इस घटना से मात्र 11 दिन पहले ही सिवान में एक पुल ढहा था।



**इजाफा** पिछले साल के मुकाबले जून माह में रिकॉर्ड 14.5 प्रतिशत वृद्धि

# भारत का कोयला उत्पादन 84.6 मिलियन टन पहुंचा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**भारत** का कोयला उत्पादन जून में रिकॉर्ड 14.5 प्रतिशत बढ़कर 84.63 मिलियन टन हो गया है, जो कि पहले पिछले वर्ष समान अवधि में 73.92 मिलियन टन था।

कोयला मंत्रालय की ओर से जारी किए गए ताजा आंकड़ों में जानकारी दी गई। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) की ओर से जून में 63.10 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया गया। इसमें सालाना आधार पर 8.87 प्रतिशत की बढ़त हुई है।

पिछले वर्ष यह 57.96 मिलियन टन था। वहीं, अन्य कंपनियों की ओर से बीते महीने 16.03 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया गया। पिछले वर्ष के मुकाबले इसमें 55.49 प्रतिशत की बढ़त हुई है। जून 2024 में सीआईएल की ओर से 64.10 मिलियन टन कोयला पहुंचाया गया।



इसमें सालाना आधार पर 5.41 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पिछले वर्ष समान अवधि में ये आंकड़ा 60.81 मिलियन टन था। वहीं, अन्य कोल कंपनियों की ओर से जून में 16.26 मिलियन टन (प्रोविजनल) कोयला पहुंचाया गया। इसमें 43.84 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। पिछले वर्ष समान अवधि में यह आंकड़ा 11.30 मिलियन टन था। कोयला कंपनियों की ओर से किया जाने वाला कोयला भंडारण (जून 30 तक) सालाना आधार पर 41.68 प्रतिशत बढ़कर 95.02 मिलियन टन हो गया है। थर्मल पावर प्लांट्स (टीपीपी) में कोयले का भंडारण सालाना आधार पर 30.15 प्रतिशत बढ़कर 46.70 मिलियन टन हो गया है। बता दें, गर्मी के दिनों में बिजली की मांग बढ़ने के कारण टीपीपी पर कोयले की मांग अधिक बढ़ जाती है।

जून 2024 में इंडिया एनर्जी एक्सचेंज पर इलेक्ट्रिसिटी वॉल्यूम 24.7 प्रतिशत बढ़कर 10,185 मिलियन यूनिट (एमयू) रहा है।

# अरुणाचल प्रदेश में बाढ़ से 60 हजार लोग प्रभावित

**एजेंसी, ईटानगर**

**अरुणाचल** प्रदेश में प्रमुख नदियों के खतरे के निशान से ऊपर पहुंचने के साथ बुधवार को भी बाढ़ की स्थिति बनी रही। अधिकारियों ने बताया कि नामसाई, लोहित, चांगलांग और पूर्वी सियांग में बाढ़ आई है, जबकि अन्य जिलों में पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश के बाद भूस्खलन हुआ है।

पापुम पारे जिले में सागाली में बादल फटने से पारे जलविद्युत परियोजना से भारी मात्रा में पानी छोड़ा गया। जिला प्रशासन ने लोगों को जल निकायों से दूर रहने की चेतावनी दी है। वहीं, चांगलांग जिले के तहत बोर्डुम्सा में बुरहा देहिंग नदी के उफान पर होने से बिजॉयपुर, मकांतोंग और वागुन-तीन और -चार क्षेत्रों में बाढ़ आ गई है।



### मणिपुर में भी हालत खराब, स्कूल बंद

इंफाल। मणिपुर के इंफाल पश्चिम और इंफाल पूर्व जिलों में लगातार बारिश के कारण दो प्रमुख नदियों के तटबंध टूटने के बाद कई स्थानों पर बाढ़ आ गई है। अधिकारियों ने बताया कि राज्य सरकार ने बाढ़ की स्थिति को देखते हुए बुधवार को सभी सरकारी कार्यालयों में अवकाश घोषित कर दिया है और वीरवार को भी बंद रहेंगे। भारत-म्यांमा सड़क का तीन किलोमीटर से अधिक हिस्सा बाढ़ के पानी में डूब गया है और 1,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।

### असम में बाढ़ से अब तक 38 लोगों की मौत

**असम** में बाढ़ की स्थिति खराब होती जा रही है। बाढ़ से अब तक 38 लोगों की जान चली गई है। पिछले 24 घंटों में बाढ़ के पानी में डूबने से 3 लोगों की मौत हो गई है। 2 जुलाई को तिनसुकिया जिले में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि धेमाजी जिले में एक व्यक्ति की मौत हो गई। 28 जिलों के 11.34 लाख से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं।